RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 246
लखनऊ, सोमवार, 27 जून, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दीपिका एंड कंपनी ने रजत पदक पर छोड़ा तीर

स्पोर्ट्स-12

# सुप्रीम कोर्ट पहुंची महाराष्ट्र की लड़ाई अयोग्यता नोटिस को शिंदे की चुनौती

- आज हो सकती है मामले पर सुनवाई, सरकार ने भी कानूनी लड़ाई के लिए कसी कमर
- महा विकास अघाड़ी सरकार ने की बागी मंत्रियों को बर्खास्त करने की तैयारी



गुवाहाटी में रविवार को अपने समर्थक विधायकों के साथ शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुम्बई

**महाराष्ट्र** में राजनीतिक संकट के बादल छंटते नहीं दिख रहे हैं। यहां सत्ता को लेकर छिड़ी जंग रविवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। महाराष्ट्र विधानसभा उपाध्यक्ष द्वारा शिवसेना के 16 बागी विधायकों को भेजे गए अयोग्यता नोटिस के खिलाफ बागी गुट का नेतृत्व कर रहे मंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अवकाशकालीन पीठ सोमवार को शिंदे की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। बागी विधायकों ने राज्य की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है जिससे सरकार गिरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। एकनाथ शिंदे की अगुवाई में पिछले पांच दिन से गुवाहाटी के होटल में डेरा डाले शिवसेना के बागी विधायकों के तेवर नरम नहीं पड़ने के बीच शिवसेना ने भी संकट से निपटने के लिए कानूनी लड़ाई के लिए कमर कस ली है।

शिवसेना के वकील-सह-कानूनी सलाहकार देवदत्त कामत ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का पद रिक्त होने के चलते विधानसभा उपाध्यक्ष को फैसले लेने का पूरा अधिकार है। एक दिन पहले, महाराष्ट्र विधानसभा सचिवालय ने वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे समेत शिवसेना के 16 बागी विधायकों को समन जारी किया था और उन्हें अयोग्य ठहराए जाने की मांग वाली शिकायतों के संबंध में 27 जून की शाम तक लिखित जवाब देने को कहा गया था। इससे पहले शिंदे को विधायक दल के नेता पद से हटाकर अजय चौधरी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विधानसभा उपाध्यक्ष के इसी कदम को शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि हम कानूनी लड़ाई की तैयारी कर रहे हैं।

कामत ने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के पैरा 2.1.ए के अंतर्गत 16 बागी विधायकों के खिलाफ अयोग्य ठहराए जाने की कार्यवाही शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के कई फैसलों से पता चलता है कि सदन के बाहर विधायकों की कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधि के समान है और वे अयोग्य ठहराए जा सकते हैं। दूसरी ओर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार ने गुवाहाटी में शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ( शेष पेज 4 )

## केंद्र ने 15 बागी विधायकों को दी वाई प्लस सुरक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने रविवार को शिवसेना के कम से कम 15 बागी विधायकों को सीआरपीएफ जवानों से लैस वाई प्लस श्रेणी का सुरक्षा घेरा प्रदान किया। अधिकारियों ने बताया जिन विधायकों को सुरक्षा मुहैया कराई गई है, उनमें रमेश बोनरि, मंगेश कुदलकर, संजय शिरसत, लताबाई सोनवणे, प्रकाश सुर्वे और 10 अन्य विधायक शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, महाराष्ट्र में रहने वाले इन विधायकों के परिवारों को भी सुरक्षा प्रदान की जाएगी, क्योंकि सुरक्षा घेरे के अंतर्गत गृह सुरक्षा दल भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा गृह मंत्रालय से की गई एक सिफारिश के बाद विधायकों को वाई प्लस श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा प्रदान करने की मंजूरी दी गई है।

## राउत और आदित्य ठाकरे ने दी विद्रोही विधायकों को चेतावनी

- महाराष्ट्र संकट पर शरद पवार ने कांग्रेस व शिवसेना नेताओं से बंद कमरे में की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और शिवसेना के बागी विधायक एकनाथ शिंदे के बीच जारी सत्ता संघर्ष रविवार को और तेज हो गया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत के नेतृत्व में शिवसेना के नेताओं ने विद्रोहियों पर तीखा हमला बोला, जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के नेताओं के साथ बंद दरवाजे में बैठक की।

शरद पवार ने राकांपा के नेताओं, कांग्रेस के मंत्रियों बालासाहेब थोराट व अशोक चव्हाण और शिवसेना के अनिल परब व अनिल देसाई से मुलाकात की और छह दिन पहले हुए विद्रोह के राजनीतिक परिणामों पर चर्चा की। शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने लगातार दूसरे दिन मुंबई और पुणे समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में बागियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। राज्य के मंत्री व शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे और पार्टी के प्रवक्ता संजय राउत ने उपनगरीय दहिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने संकटग्रस्त पार्टी नेतृत्व के लिए समर्थन जुटाने की कोशिश की और शिंदे गुट पर हमला बोला। राउत ने कहा कि मौजूदा संकट शिवसेना को पुनर्जीवित करने का एक अवसर है। उन्होंने शिवेसना कार्यकर्ताओं को संबोधित करने ( शेष पेज 4 )

## शिंदे के खेमे में शामिल हुए महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत

**गुवाहाटी।** महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के लिए संकट को और गहराते हुए, महाराष्ट्र के एक अन्य मंत्री उदय सामंत रविवार को गुवाहाटी पहुंचे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधायकों के असंतुष्ट खेमे में शामिल हो गए। सूत्रों ने बताया कि सामंत गुजरात के सूरत से गुवाहाटी पहुंचे।

सूत्रों ने बताया कि वह चार्टर्ड विमान से आए और तीन अन्य लोगों के साथ यहां गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे। सामंत का काफिला, असम पुलिस के साथ, राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के पास रैडिसन ब्लू होटल में प्रवेश करते देखा गया। अब तक, महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री गुलाबराव पाटिल, दादा भूसे, संदीपन भुमरे और राज्य मंत्री शंबुराजे देसाई और अब्दुल सत्तार विद्रोही खेमे में शामिल हो चुके हैं।

# भाजपा ने ढहाए सपा के दोनों मजबूत किले



दिनेश लाल यादव 'निरहुआ'



घनश्याम लोधी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह को मिठाई खिलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- आजमगढ़, रामपुर में चला मोदी-योगी का जादू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** की दो लोकसभा सीट रामपुर और आजमगढ़ पर हुए उप चुनाव में भाजपा ने सपा को तगड़ा झटका दिया है। आजमगढ़ सीट पर भोजपुरी गायक और अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा के धर्मेंद्र यादव को आठ हजार से अधिक मतों से पराजित कर दिया। रामपुर में बीजेपी के घनश्याम लोधी ने सपा के आसिम राजा को 42192 वोट से हराया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधायक चुने जाने के बाद उनके सांसद पद से इस्तीफे की वजह से रिक्त हुई आजमगढ़ सीट पर 23 जून को मतदान को हुआ था और इस दौरान आजमगढ़ में 49.43 फीसदी वोट पड़े।

इस सीट पर सपा और बसपा के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में निरहुआ ने धर्मेंद्र यादव को पराजित किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार निरहुआ को 312768 मत मिले जबकि सपा के यादव को 304089 मत मिले। कड़े मुकाबले में बसपा के शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने भी 266210 मत हासिल किए। आजमगढ़ में 5369 लोगों ने नोटा का बटन दबाकर उसे चौथा स्थान दिया। आजमगढ़ में मतगणना के दौरान सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव की स्ट्रांग रूम में कथित तौर पर प्रवेश न करने देने को लेकर सुरक्षाकर्मियों से बहस हो गई। यादव ने आरोप लगाया कि ईवीएम बदलने की कोशिश की जा रही है और इसलिए उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया।

आजमगढ़ में 49.43 फीसदी, जबकि रामपुर में 41.39 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में रामपुर में 63.19 प्रतिशत और आजमगढ़ में 57.56 मतदान दर्ज किया गया था। दोनों सीट पर हाल ही में हुए उपचुनाव में 19 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए 35 लाख से अधिक मतदाता मतदान के पात्र थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां आजमगढ़ और रामपुर दोनों क्षेत्रों में सक्रिय रूप से प्रचार किया, वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उपचुनाव में प्रचार नहीं किया। आजमगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान योगी आदित्यनाथ ने लोगों से कहा ( शेष पेज 4 )

## आम चुनाव में करेंगे विपक्ष का सफायाः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रामपुर व आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर कहा कि यह डबल इंजन वाली सरकार की डबल जीत है। जो कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक संदेश है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी जीत पर बधाई दी है। योगी ने कहा कि पहले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत फिर विधान परिषद चुनाव और अब उपचुनाव में जीत डबल इंजन की सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है। यह चुनाव परिणाम बताता है कि जनता परिवारवादी और सांप्रदायिक दलों और नेताओं को स्वीकार करने वाली नहीं है। जनता भाजपा के सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ है। इन चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट है कि भाजपा 2024 में यूपी की 80 में से 80 लोकसभा सीटों पर जीत की ओर बढ़ रही है। बीजेपी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए योगी ने इस जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि इस भयंकर गर्मी में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिस तरह परिश्रम की पराकाष्ठा की है। इसके लिए मैं ( शेष पेज 4 )

## कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़, श्रीकुमार को दो जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा



**भाषा।** अहमदाबाद

**अहमदाबाद** की एक अदालत ने 2002 गुजरात दंगों के संबंध में झूठे साक्ष्यों के आधार पर निर्दोष लोगों को फंसाने के एक मामले में रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर बी श्रीकुमार को दो जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन ने सीतलवाड़ और श्रीकुमार की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया था। लोक अभियोजक मितेश अमीन ने कहा कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एस पी पटेल की अदालत ने सीतलवाड़ और श्रीकुमार को दो जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। उन्होंने ( शेष पेज 4 )

## त्रिपुरा में भाजपा और झारखंड में जीती कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने त्रिपुरा में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 23 जून को मतदान करने वाली चार विधानसभा सीटों में से तीन पर जीत दर्ज की। कांग्रेस को एक सीट मिली। टाउन बोरदोवाली से मुख्यमंत्री और भाजपा उम्मीदवार माणिक साहा जीते, उनकी पार्टी के उम्मीदवार स्वप्ना दास ने सूरमा से और मलिना देबनाथ ने जुबराजनगर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। अगरतला सीट से कांग्रेस के सुदीप रॉय बर्मन जीते। बर्मन ने हाल ही में भाजपा से इस्तीफा दिया और कांग्रेस में शामिल हो गए। वहीं झारखंड के मंदार विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की ने 23,517 मतों के अंतर से जीत हासिल की है. शिल्पी को 95,062 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी गंगोत्री कुजूर 71,545 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा कि 23 जून को हुए चुनाव में लगभग 3.5 लाख मतदाताओं में से 61.25 फीसदी से अधिक ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बीच, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने आत्मकुरु विधानसभा उपचुनाव में बड़ी जीत दर्ज की। एसआर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विक्रम रेड्डी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के जी भरत कुमार को 82,742 मतों के अंतर से हराया।

### आप की संगरूर में हार, दिल्ली में जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**आम** आदमी पार्टी (आप) को उपचुनाव में मिश्रित परिणामों को सामना करना पड़ा है। पंजाब के संगरूर लोकसभा सीट पर जहां हार का सामना करना पड़ा है वहीं दिल्ली की राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर फिर से जीत मिली है। पंजाब का मुख्यमंत्री बनने के बाद भगंवत मान द्वारा खाली की गई संगरूर सीट पर आप उम्मीदवार गुरमेल सिंह को 5,822 मतों ( शेष पेज 4 )

## आयकर के तीन कर्मियों ने फर्जी टीडीएस रिफंड से करोड़ों का किया घोटाला

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आयकर विभाग के तीन अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की है, जिन्होंने कई लोगों का टीडीएस लौटाने के लिए कंप्यूटर प्रणाली तक पहुंच के वरिष्ठ अधिकारियों के अधिकारों का दुरूपयोग कर कथित तौर पर फर्जी तरीके से रिफंड हासिल किए थे। जांच एजेंसी ने संयुक्त आयुक्त आयकर, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) की शिकायत के आधार पर आयकर विभाग के समूह ग के तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जो कथित तौर पर आकलन करने वाले अधिकारियों के आरएसए टोकन का कथित रूप से दुरुपयोग कर विभाग को धोखा देने और कर कटौती (टीडीएस) के फर्जी रिफंड उत्पन्न करने में कामयाब रहे। आरएसए टोकन एक विशेष समाधान हैं जो प्रत्येक 60 सेकंड में उपयोगकर्ता के पासवर्ड को स्वचालित रूप से बदल देता है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी के बाद एजेंसी ने ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,727 | |
| निफ्टी | 15,699 | |
| सोना | 50,557 | /10g |
| चांदी | 59,077 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मेघालय में बीएसएफ ने पकड़ा बांग्लादेशी तस्कर

**शिलांग।** मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले मे सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक बांग्लादेशी नागरिक को तस्करी की कोशिश के आरोप मे गिरफ्तार किया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर जिले के पिरिडीवाह इलाके मे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने बांग्लादेशी नागरिक को दवाइयों, सौंदर्य प्रसाधन सामग्री और कपड़ों समेत 20 लाख रुपए से अधिक मूल्य के सामान के साथ पकड़ लिया। गिरफ्तार बांग्लादेशी की पहचान बांग्लादेश के सिलहट शहर के फिरोज अली के रूप में हुई है। बीएसएफ के जवानों ने पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले, दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स और पूर्वी खासी हिल्स जिले में खांसी की दवाएं और सौंदर्य प्रसाधन सहित अन्य दवाएं भी जब्त की।

## असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 22 लाख लोग प्रभावित



बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित कछार जिले के सिलचर और कामरूप के हाजो क्षेत्र के दौरे में पानी में खड़े असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** में बाढ़ से पांच और लोगों की मौत हो गई और 25 जिलों में 22 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। हालांकि, रविवार को बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के दैनिक बुलेटिन के अनुसार, रविवार को बारपेटा, कछार, दरांग, करीमगंज और मोरीगांव जिलों के विभिन्न स्थानों पर चार बच्चों समेत पांच लोग डूब गए। इसके अलावा दो जिलों में दो लोग ( शेष पेज 4 )

# आपातकाल भारत के जीवंत लोकतंत्र पर एक काला धब्बा

- जर्मनी में भारतीय समुदाय के बीच बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- कहा, दुनियाभर में प्रवासी भारतीय न केवल भारत की सफलता की कहानी हैं, बल्कि राष्ट्र दूत भी हैं

**भाषा।** म्यूनिख



म्यूनिख के ऑडी डोम स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 1975 में लगाया गया आपातकाल भारत के जीवंत लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र हर भारतीय के डीएनए में है और 47 साल पहले, लोकतंत्र को बंधक बनाने और उसे कुचलने का प्रयास किया गया था, लेकिन देश की जनता ने इसे कुचलने की तमाम साजिशों का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया। मोदी ने यहां ऑडी डोम स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा, हम भारतीय जहां भी रहते हैं अपने लोकतंत्र पर गर्व करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, 47 साल पहले, लोकतंत्र को बंधक बनाने और उसे कुचलने का प्रयास किया गया था। आपातकाल भारत के जीवंत लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जर्मनी आए मोदी ने 30 मिनट से अधिक समय तक लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हर भारतीय गर्व से कह सकता है कि भारत लोकतंत्र की जननी है। संस्कृति, भोजन, परिधान, संगीत और परंपराओं की विविधता हमारे लोकतंत्र को जीवंत बनाती है।

गौरतलब है कि 25 जून, 1975 को देश में आपातकाल लगाए जाने की घोषणा की गई थी और उस समय इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। आपातकाल को 21 मार्च, 1977 को हटा लिया गया था। मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए भारत की सफलता की कहानी को बढ़ावा देने और भारत की सफलता के ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम करने में प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना की। उन्होंने भारत की विकास गाथा पर प्रकाश डाला और देश के विकास के ( शेष पेज 4 )

# बिखरे विपक्ष से मिली भाजपा को ताकत

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**रामपुर** और आजमगढ़ में लोकसभा के उपचुनाव परिणाम ने कई संदेश दिए हैं। एक तरफ बिखरे विपक्ष का पूरा फायदा सत्तारूढ़दल भाजपा ने उठाया तो वहीं सपा जो यह समझती थी कि उसका कोर वोट पिछड़ा, मुस्लिम उससे अलग होकर कहीं नहीं जाएगा वह मिथक भी टूट गया है। दोनों सीटों पर दलित, पिछड़ा भाजपा की लाभकारी योजनाओं के साथ गया है। आजमगढ़ में बसपा ने सपा के वोट काटे तो भाजपा की जीत आसान हुई और रामपुर में बसपा ने प्रत्याशी न खड़ा करके दलितों और पिछड़े वोट के बटवारे को रोका तो भाजपा के घनश्याम लोधी ने भगवा झंडा लहराया है। एक बात और कि अभी बीते फरवरी-मार्च में हुए विधान सभा चुनाव में जिस पर प्रकार से सपा को एक तरफा वोट मुस्लिम समाज का पड़ा वह इस चुनाव में नहीं गया। रामपुर में भी मुस्लिम वोट नहीं निकला, यूं कहा जाए कि सपा के साथ एक तरफा मुस्लिम वोट का जाना अब बीते दिन की बात होती दिख रही है।

कहीं न कहीं सपा का कोर वोट उससे छटक गया है। इस जीत में मोदी सरकार की योजनाओं का भी हाथ है। केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं को बिना भेद-भाव के जरिए योगी सरकार ने दलितों, पिछड़ों और गरीबों तक पहुंचाया है।

## ● केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों से भी लालगढ़ पर चढ़ा भगवा रंग

अगले आम चुनाव 2024 के लिए भाजपा को साफ संदेश मिला है कि भाजपा 80 में से 80 सीटों के लिए मजबूती से आक्रमकता के साथ लड़ेगी।

2019 के आम चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन की वजह से रामपुर और आजमगढ़ सीटों पर सपा का कब्जा हुआ था लेकिन इस उप चुनाव में बिखरे विपक्ष का फायदा भाजपा ने भरपूर उठाया है। रामपुर में बसपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतार तो वहीं आजमगढ़ में बसपा ने प्रत्याशी उतार कर सपा के वोट काटे हैं। दलित, पिछड़े और मुसलमान वोट की बदौलत 2019 में आजमगढ़ सीट से अखिलेश यादव 6 लाख 20 हजार वोट मिले थे जबकि दिनेश लाल यादव को 3 लाख 60 हजार से अधिक मत मिले थे। इसी तरह रामपुर में भी सपा के मोहम्मद आजम खां को 5 लाख 59 हजार से अधिक मत मिले थे और भाजपा की जयप्रदा को 4 लाख 49 हजार से अधिक वोट मिले थे। इस चुनाव में बसपा का वोट सपा को ट्रांसफर हुआ था। रामपुर में हुए उप चुनाव में सपा के मोहम्मद आसिम राजा को 3 लाख 25 हजार, भाजपा के घनश्याम लोधी को 3 लाख 67 हजार वोट मिले हैं। स्पष्ट है



कि घनश्याम लोधी को पिछड़ा और दलित दोनों समुदाय का वोट मिला यदि इस सीट पर बसपा भी अपना प्रत्याशी खड़ी करती तो जाहिर है कि यही दलित, पिछड़ा वोट बंट जाता और भाजपा की राह मुश्किल हो जाती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आजमगढ़ सीट के परिणाम को देखे तो भाजपा के दिनेश लाल यादव को 3 लाख 12 हजार, सपा के धर्मेंद्र यादव को 3 लाख 4 हजार, बसपा के शाह आलम गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 हजार से अधिक वोट मिले हैं। स्पष्ट है कि जमाली ने दलित और पिछड़ों के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय के भी वोट काटे हैं। इससे भाजपा की जीत आसान हुई है और बसपा मजबूती के साथ चुनाव लड़ी है। दिनेश लाल की जीत अंतर 8,679 है। रामपुर में कांग्रेस और बसपा मैदान में थी ही नहीं इस वजह से मुस्लिम वोट जो सपा या बसपा को अपना वोट देते वह चुनाव में निकले ही नहीं, इस वजह से रामपुर में कुल 7 लाख से अधिक वोट पड़े हैं। रामपुर में जमाली 42,192 वोटों से चुनाव जीते हैं। दोनों सीटों के मत प्रतिशत को देखा जाए तो भाजपा को 42.08, बसपा को 16.47, सपा को 38.93 प्रतिशत वोट मिले हैं। यही विपक्ष के बिखराव से भाजपा को पूरा लाभ मिला है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट है कि सपा के मुसलमानों का एकतरफा वोट पड़ना बीते समय की बात लगती है।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सपा के गढ़ कन्नौज और बदायूं में सेंधमारी की थी लेकिन अब बीजेपी ने उप चुनाव में भी रामपुर और आजमगढ़ जैसे सपा के किले में सेंधमारी की है। भाजपा का अगला निशाना मैनपुरी है। वह इसलिए क्योंकि भाजपा ने विधान सभा चुनाव 2022 में केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल को मैनपुरी में अखिलेश यादव के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा था वह अलग बात है कि बघेल चुनाव हार गए थे। सबसे दिलचस्प बात यह है कि मार्च में हुए विधान सभा चुनाव में सपा ने आजमगढ़ की सभी विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी और रामपुर की पांच में से तीन सपा और दो भाजपा को मिली थी। आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, आजमगढ़ और मेंहनगर आते हैं। सभी सीटों पर सपा ने भाजपा पर बढ़त बनाते हुए जीत हासिल की थी। सबसे ज्यादा बढ़त मुबारकपुर सीट पर 29103 वोटों की मिली थी। पांचों सीटों पर 106110 वोटों की बढ़त सपा को मिली थी। आजमगढ़ में यादव और मुस्लिम वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है। दलित और कुर्मी वोटर भी निर्णायक भूमिका में हैं। आमतौर पर यादव वोट सपा के साथ जाते हैं लेकिन लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी स्थानीय स्तर पर निरहुआ जनता के बीच रहकर काम करते रहे थे। इसका फायदा उन्हें मिला और सपा के कोर वोटर भी भाजपा में शिफ्ट हो गए। वहीं मुस्लिम वोट शाह आलम जमाली और सपा के धर्मेंद्र यादव में बंट गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में दो सभाएं कीं। इस दौरान अखिलेश यादव और सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव पर सीधा और तीखा हमला बोला। इसके साथ ही योगी का बुलडोजर रूप यूपी समेत पूरे देश में छाया हुआ है। आजमगढ़ में भी इसका असर देखने को मिला। आजमगढ़ व रामपुर के अपराधियों पर यूपी पुलिस ने शिकंजा कसा। इसका सकारात्मक संदेश वोटर्स के बीच गया। इसके अलावा मुफ्त राशन, पीएम आवास योजना जैसी नीतियां भी भाजपा के लिए कारगर साबित हुईं।

**लोकसभा उपचुनाव परिणाम**

# सपा को फिर ले डूबा ओवर कांफिडेंस

शिव विजय सिंह। लखनऊ

**लोकसभा** उपचुनाव में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आजमगढ़ व रामपुर जैसे अपने मजबूत गढ़ को गवाने के बाद सपा राजनीतिक रूप से लगातार कमजोर होती दिखाई पड रही है। पार्टी की इस हार के लिए सीधा सपा मुखिया अखिलेश यादव को जिम्मेदार ठहराना गलत नहीं होगा। माना जा रहा है इस लोकसभा उपचुनाव की हार के पीछे सपा मुखिया अखिलेश यादव का ओवर कॉन्फिडेंस था जो वे इन दोनों सीटों पर हुए उपचुनाव के प्रचार में नहीं गए।

बीते एक दशक से लगातार हार का मुह देख रही समाजवादी पार्टी को सबसे बड़ा झटका इस उपचनाव में लगा है। सही मायने में देखा जाए तो आजमगढ़ व रामपुर समाजवादियों के मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में इन दोनों ही लोकसभा सीटों के अन्तर्गत आने वाली सभी विधानसभा सीटों पर सपा ने जबरदस्त तरीके से अपना परचम लहराया था। वैसे भी रामपुर को सपा के कद्दावर नेता आजम खां और आजमगढ़ को अखिलेश.मुलायम का गढ़ माना जाता है। 2019 लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ से अखिलेश यादव जीते थे। वहीं, 2014 में मुलायम सिंह यादव यहां से सांसद चुने गए थे। उधर, 2019 के लोकसभा चुनाव में आजम खां रामपुर में सांसद बने थे। अब ये दोनों सीटें भाजपा के खाते में चली गई हैं।

रामपुर में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने समाजवादी पार्टी के आसिम रजा को मात दी। वहीं, आजमगढ़ में भोजपुरी गायक और भाजपा उम्मीदवार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भाई धर्मेंद्र यादव को हराकर सपा के मजबूत गढ़ में सेंधमारी की। 2019 में भी निरहुआ इस सीट से चुनाव लड़े, लेकिन हार गए थे। तब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें हराया था। इस बार विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अखिलेश ने आजमगढ़ की लोकसभा सीट छोड़ दी। उपचुनाव में उन्होंने अपने भाई धर्मेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाया। हालांकि, धर्मेंद्र अखिलेश की जीत बरकरार नहीं रख पाए और चुनाव हार गए। देखा जाए तो आजमगढ़ लोकसभा सीट के तहत मेंहनगर, आजमगढ़ सदर, मुबारकपुर, सगड़ी और गोपालपुर विधानसभा सीटें आती हैं। यहां यादव और मुस्लिम वोटर्स की संख्या सबसे ज्यादा है। दलित और कुर्मी वोटर्स भी निर्णायक भूमिका में हैं। आमतौर पर यादव वोटर्स सपा के साथ जाते हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी स्थानीय स्तर पर निरहुआ जनता के बीच रहकर काम कर रहे थे जबकि कोरोना काल से लेकर अबतक सपा मुखिया अखिलेश यादव यहां से सांसद रहते हुए हुए आजमगढ़ की जनता से दूरी बनाए रहे। इतना ही नहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने उपचुनाव प्रचार से दूरी बना ली थी। अखिलेश ने रामपुर और आजमगढ़ में एक दिन भी प्रचार नहीं किया, जबकि आजमगढ़ उनका लोकसभा क्षेत्र भी रह चुका है। इसके चलते स्थानीय लोग नाराज दिखे। लोगों का कहना था कि आजमगढ़ के लोगों ने जिसे चुनाव जिताया, उसने एक बार में ही आजमगढ़ को बेगाना कर दिया। अखिलेश का आजमगढ़ व रामपुर चुनाव प्रचार में न जाने को राजनीतिक गलियारों में अखिलेश का ओवर कॉन्फिडेंस बताया गया। वहीं, यदी हम रामपुर लोकसभा सीट की बात करें तो यहां की हार का सबसे बड़ा कारण आजम व अखिलेश के बीच का मतभेद सबसे बड़ा हार का कारण बना है। इस क्षेत्र के जनता काफी लम्बे समय से आजम व अखिलेश खेमे में बट चुकी थी, दूसरे आजम खां भी काफी समय तक जेल में रहे। इसके चलते वह रामपुर से कट गए थे। इतना ही नहीं जब आजम जेल में थे उस दौरान आजम व अखिलेश के बीच जबरदस्त मतभेद होना सामने आया था, दोनों ही खेमों के नेताओं के बीच जबरदस्त गरमा-गर्मी हुई थी यही नहीं आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम खां ने भी अखिलेश पर कटाक्ष किए थे। इसके चलते दोनों के समर्थक भी कई बार खुलकर एक.दूसरे पर आरोप लगाते हुए दिखे। विधानसभा चुनाव के बाद आजम खां के समर्थकों ने आरोप लगाया कि यादव वोटर्स ने सपा को वोट ही नहीं दिया। वहीं, बुलडोजर व अन्य मामलों में मुस्लिमों का साथ न देने का भी आरोप सपा पर लगा। कुल मिलाकर दोनों ही लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम भाजपा की मजबूत रणनीति व सपा की कई खामियों का नतीजा माना जाए तो गलत नहीं होगा।

# भारत विकास परिषद ने किया प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**'हम** करें राष्ट्र आराधन' गीत को गुनगुनाते हुए 'स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत' के अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु भारत विकास परिषद, अवध प्रांत की एक दिवसीय कार्यशाला इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन हाल, विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ में रविवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक श्री कृष्ण मोहन जी थे।

अवध प्रांत के विभिन्न जनपदों से पधारे 176 शाखा कार्यकारिणी सदस्यों में संगठन मंत्री विक्रांत खण्डेलवाल जी ने आदर्श शाखा संचालन तथा विस्तार के व्यवहारिक सूत्रों को बताते हुए प्रत्येक सदस्य को एक सदस्य बनाने हेतु संकल्पित किया।

## शहर में सभी बूथों पर सुनी गई 'मन की बात'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को आज लखनऊ महानगर के सभी बूथों पर सुना गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व मंत्री एवं विधायक आशुतोष टंडन गोपाल जी, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा द्वारा तहसील गंज चौक में लखनवी चिकन प्रतिष्ठान पर बड़ी संख्या में उपस्थित लखनऊ चिकन हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों, अन्य व्यापारियों व कारीगरों के साथ देखा व सुना गया।

# कांग्रेस का सत्याग्रह आज, निकालेंगे मार्च

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि सेना में भर्ती को लेकर मोदी सरकार द्वारा लायी गयी अन्यायपूर्ण तुगलकी अग्निपथ योजना को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस भी मुखर विरोध पर उतारू है। यूपी कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी के निर्देश पर अग्निपथ के इस अन्यायपूर्ण मुद्दे पर सोमवार को 27 जून को सुबह 10 से 1 बजे प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और जिला/शहर अध्यक्षों के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से सत्याग्रह करेंगे। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी जनों द्वारा शांतिपूर्ण मार्च निकालकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत के राष्ट्रपति को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन इस अन्यायपूर्ण अग्निपथ योजना को वापस लिये जाने की मांग को लेकर भी सौंपा जायेगा।

# भाजपा ने लोकतांत्रिक मान्यताओं को ध्वस्त कर दिया हैः सपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आजमगढ़ और रामपुर संसदीय उपचुनाव में भाजपा सरकार ने सत्ता का खुलकर दुरुपयोग किया और छलबल से जनमत को प्रभावित करने का षडयंत्र किया है।

भाजपा की सत्ता लोलुपता ने प्रदेश में सभी लोकतांत्रिक मान्यताओं को ध्वस्त कर दिया है। अखिलेश ने कहा कि आजमगढ़ और रामपुर दोनों क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ी है। जनता का रुझान समाजवादी पार्टी की ओर रहा है। भाजपा ने अपने पक्ष में जबरन मतदान के लिए सभी अलोकतांत्रिक एवं निम्नस्तर के हथकंडे अपनाए। मतदाताओं को वोट डालने से रोका गया। उन्हें डराया धमकाया गया। पुलिस ने तमाम कार्यकर्ताओं को



थानों में जबरन अवैध तरीके से बिठा लिया। पोलिंग एजेंटों को मतदान केन्द्रों से बाहर कर दिया गया। अखिलेश ने कहा कि रामपुर में जहां मुस्लिम क्षेत्र में 900 वोट थे वहां 6 वोट पड़े और जहां 500 वोट थे वहां कुल 01 वोट पड़ा। यह लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का मजाक नहीं तो क्या है, भाजपा की ये जीत बेईमानी, छल, सत्ताबल, लोकतंत्र और संविधान की अवहेलना, जोर जबर्दस्ती, प्रशासनिक सरकारी मशीनरी की दमनकारी तथा चुनाव आयोग की धृतराष्ट्र दृष्टि तथा भाजपाई कौरवी सेना की जनमत अपहरण का नतीजा है। इसे आप चुनाव कैसे कह सकते हैं, लोकतंत्र लहूलुहान है और यह जनता का उपहास है। अखिलेश ने कहा कि ऐसे में लोकसभा उपचुनाव की जीत का जश्न मनाना जनता का उपहास करना है। मुख्यमंत्री जिस जीत का दावा करते है उस तथाकथित जीत से जनता हतप्रभ है। सच तो यह है कि सन् 2024 में जनता भाजपा के इस अहंकार को तोड़कर रख देगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में गरीबों को तबाह किया है, नौजवानों के भविष्य को अंधकार में धकेला है। किसानों के साथ धोखा किया है।

डबल इंजन सरकार ने विगत पांच वर्षों से विकास अवरुद्ध है। भाजपा. आरएसएस के गठबंधन के नतीजे की सच्चाई को जनता बखूबी जान गई है और वह इसका भाजपा को करारा सबक सिखाएगी।

# कैप्टन मनोज की शहादत को याद किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहीद** सम्मान समारोह समिति उत्तरप्रदेश के तत्वाधान में परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पाण्डेय जी की 47 वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ के गोमती नगर में कैप्टन मनोज पाण्डेय चौक स्थित प्रतिमा पर उनकी स्मृति में हवन-पूजन, पुष्पांजलि और दिप प्रज्वलन करके शहीद को याद किया गया। जयंती कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि जब कभी हमारे देश के स्वतंत्रता, सम्मान और रक्षा की बात आती है तो मन मे ऐसे कई वीरों के नाम आते है जिन्होंने भारत माता की रक्षा के लिये सब कुछ न्यौछावर कर दिया, ऐसे ही कारगिल युद्ध के हीरो परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने 24 वर्ष की उम्र में देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनके जीवन से युवाओं को प्रोत्साहित होकर घर, परिवार और देश का नाम रौशन करना चाहिए।

# बिजली दर के मुद्दे पर अहम चर्चा आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की बिजली कंपनियों की तरफ से वर्ष 2022 -23 तक वार्षिक राजस्व आवश्यकता व बिजली दर संबंधी सुनवाई जहां विद्युत नियामक आयोग में पूरी हो चुकी है वहीं ऊर्जा क्षेत्र की सबसे बड़ी संवैधानिक समिति राज्य सलाहकार समिति की कल विद्युत नियामक आयोग सभागार में आयोग चेयरमैन श्री आर पी सिंह की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई है जिसमें प्रमुख सचिव ऊर्जा सहित अन्य प्रमुख विभागों के प्रमुख सचिव प्रबंध निदेशक उपभोक्ता प्रतिनिधि उद्योग प्रतिनिधि भाग लेंगे जिसमें बिजली दर के मुद्दे पर सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा राज्य सलाहकार समिति की बैठक के बाद विद्युत नियामक आयोग बिजली दरों को अंतिम रूप देगा और इसके बाद आयोग जल्द से जल्द बिजली दरों का निर्धारण कर उसका आदेश जारी करेगा। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा कल राज्य सलाहकार समिति सदस्य के रूप प्रदेश के उपभोक्ताओं का पूरा पक्ष रखूंगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा सभी को पता है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों पर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का लगभग 22045 करोड़ निकल रहा है ऐसे में अगले 5 वर्षों तक प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 7 प्रतिशत की लगातार कमी की जाएगी तभी नफा नुकसान बराबर होने वाला है जहां तक सवाल है नोएडा पावर कंपनी के मामले में बिजली दर निर्धारण का तो अभी तक जो विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी आदेश है उसके तहत लगभग 1176 करोड़ नोएडा पावर कंपनी पर सर प्लस निकल रहा है ऐसे में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कमी होना तय है क्योंकि ग्रेटर नोएडा पावर कंपनी का लाइसेंस जो 30 अगस्त 2023 को समाप्त हो रहा है ऐसे में विद्युत नियामक आयोग को बिजली दरों में कमी करना ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए, बहुत जरूरी होगा क्योंकि एनपीसीएल का जब टेंडर निकलेगा तो उसमें उस कंपनी का मालिक आगे कौन होगा या भविष्य के गर्त में है ऐसे में विद्युत नियामक आयोग के सामने बिजली दरों में कमी का ही विकल्प बचता है।

# सोलह करोड़ लोगों को मिली टीके की दोनों खुराक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** सरकार कोरोना संक्रमण को मात देने के लिए बेहतरीन रणनीति के तहत काम कर रही है। जिसका परिणाम है कि योगी सरकार ने रविवार को टीकाकरण में एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए यूपी में 16 करोड़ से अधिक टीके की दोनों डोज दी जा चुकी है। यूपी में 33 करोड़ 92 लाख से अधिक टीके की डोज देने के साथ ही टीकाकरण अभियान में दूसरे प्रदेशों की तुलना में पहले पायदान पर अपना स्थान बनाए हुए है। सर्वाधिक आबादी वाले यूपी में सर्वाधिक टीके की डोज देकर देश में यूपी टीकाकरण अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रहा है।



प्रदेशवासियों को टीके का कवच देने के लिए सीएम की ओर से आला अधिकारियों को समय समय पर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। यही कारण है कि यूपी पहला प्रदेश है जहां कम समय में सबसे ज्यादा टीकाकरण किया गया है। प्रदेश में 33,92,79,038 टीके की डोज दी जा चुकी है। जिसमें 17,54,89,656 को पहली डोज और 16,02,66,806 को दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक यूपी में 35,22,576 को प्रीकॉशन डोज दी जा चुकी है।

प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता का ही असर है कि 24 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या न के बराबर है। राज्य में योग्य वयस्क आबादी के 100 प्रतिशत को टीके की पहली डोज व करीब 99 फीसदी आबादी पूरी तरह से टीके की डोज दी चुकी है। संक्रमित मरीजों को उनके घर पर ही सारी सेवाएं सरकार की ओर से पहुंचाई जा रही हैं। संक्रमितों की 24 घंटे की मॉनिटरिंग, दवाओं की उपलब्धता, टेस्ट, सैनिटाइजेशन के साथ ही उस इलाके में कोविड गाइडलाइन का पालन कड़ाई से कराया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि प्रदेश के हालात बेहतर हैं। प्रदेश में स्वच्छता, कोविड गाइडलाइन, प्रोटोकॉल, फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण, सर्विलांस, सैनिटाइजेशन का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। यूपी 33 करोड़ टीके की डोज देने के बाद जल्द ही 34 करोड़ टीके की डोज देने वाला पहला राज्य होगा। उत्तर प्रदेश सरकार समयबद्ध तरीके से 12 से 17 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को टीकाकरण कवर प्रदान कर रही है। राज्य में अब तक 15-17 आयु वर्ग के बच्चों को 2,60,80,643 से अधिक टीके की डोज दी जा चुकी है और 12-14 आयु वर्ग के बच्चों को 1,37,51,108 से अधिक टीके की डोज दी जा चुकी है।

# सभी पार्टियां द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेंः आठवले

## ● आरपीआई अध्यक्ष ने की सीएम योगी सराहना, शिवसेना पर बोला हमला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रिपब्लिकन** पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) आगामी 27 नवंबर को लखनऊ में महासम्मेलन करने जा रही है। जिसके माध्यम से आरपीआई, उत्तर प्रदेश में अपनी ताकत दिखाएगी। महासम्मेलन का आयोजन वृंदावन स्थित आवास विकास मैदान में होगा। सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सहित भाजपा के बड़े नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।



ये बात रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. रामदास आठवले ने योजना भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में बम्पर जीत के बाद आजमगढ़ एवं रामपुर में भाजपा की जीत ये बताती है कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। मुस्लिम समाज ने भी भाजपा को अपना समर्थन दिया है। माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने केंद्र में 8 वर्ष पूरे किए, मैं श्री मोदी जी को शुभकामनाएं देता हूँ कि उन्होंने 8 वर्षों के शासन में पूरे देश में 8 साल में विकास का जाल फैला दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए आरपीआई राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ, जबकि सपा के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में 30-35 दंगे हुए। तीन तलाक के कानून ने मुस्लिम महिलाओं को सम्मान से जीने का अधिकार दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने आदिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाकर बेहद सराहनीय निर्णय लिया है। इससे पहले दलित समाज से आने वाले रामनाथ कोविंद जी को राष्ट्रपति बनाया। एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू जी को बसपा सुप्रीमो मायावती जी ने समर्थन दिया है, इस फैसले के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। आरपीआई द्रौपदी मुर्मू जी को समर्थन कर रही है और हर दल को उनका समर्थन करना चाहिए था, क्योंकि वह आदिवासी समाज से हैं, जिससे चुनाव निर्विरोध हो जाता। लोकतंत्र में चुनाव लड़ना सबका अधिकार है लेकिन आदिवासी समाज एवं एक महिला होने के नाते हर पार्टी को द्रौपदी मुर्मू जी का समर्थन करना चाहिए था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरपीआई, उत्तर प्रदेश के संगठन को अधिक मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। अब तक 55 जिलों की कार्यकारिणी बन गयी है और आने वाले समय में 20 जिलों की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और उत्तर प्रदेश में आरपीआई एक बड़ी ताकत केरूप में उभरकर सामने आएगी। महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एकनाथ शिंदे जी असली शिवसैनिक हैं। गुवाहटी में उनके साथ शिवसेना के बहुत सारे विधायक हैं। उद्धव ठाकरे सरकार अल्पमत में आ गई है। उन्हें सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। एकनाथ शिंदे जी का प्रस्ताव जब भाजपा के पास आएगा, तब एकनाथ शिंदे जी, भाजपा, आरपीआई मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाएगी। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से मेरी बातचीत हुई और मैंने कहा कि महाराष्ट्र में देवेंद्र फड़नवीस जी के नेतृत्व में सरकार बननी चाहिए। साथ ही सरकार बनने के बाद आरपीआई को एक मंत्रीपद मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शिवसेना को गुंडागर्दी बंद करनी चाहिए और उद्धव ठाकरे को इस संबंध में आवाह्न करना चाहिए। संजय राउत शिवसैनिकों को भड़काने का काम कर रहे हैं। ये बंद होना चाहिए। एकनाथ शिंदे जी को नाराजगी लंबे समय से शिवसेना से है। उद्धव ठाकरे उनसे मिलते नहीं थे, उनका काम नहीं होता था, विकास के लिए उनको बजट नहीं दिया जाता था। महाविकास अघाड़ी सरकार महाविनाश अघाड़ी सरकार है। शिवसेना बाला साहेब ठाकरे की है और एकनाथ शिंदे बाला साहेब के सच्चे बंदे हैं।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरे सभी मूल प्रदेशन पत्र सं० 5715 दिनांकित 14.12.1998, कब्जा प्रमाण पत्र दिनांकित 05.02.1999, किरायेदारी अनुबंध पत्र दिनांकित 25.01.1999 जो कि उ० प्र० आ० वि० परिषद ने किरन मिश्रा पत्नी राम शंकर मिश्रा के नाम वास्ते भवन सं० ए-1320 मिनी एल आई जी जारी किए थे, वास्तव मे कहीं खो गये है पुनीत कुमार गुप्ता पुत्र रमेशचन्द्र गुप्ता नि० 130/20 ए, एल-1 बगाही, बाबूपुरवा, कानपुर नगर मो० 8299545070

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582





रंगारंग कार्यक्रमों के बीच राजधानी लखनऊ में शतरंज ओलम्पियाड रिले मशाल का हुआ स्वागत

# ओलम्पियाड मशाल का भव्य स्वागत

**● शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले- 2022 के लखनऊ आगमन पर विधान भवन के सामने समारोह का हुआ आयोजन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने आज शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले-2022 के लखनऊ आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए यह गौरव की बात है कि भारत को 44वें शतरंज ओलम्पियाड-2022 के आयोजन का अवसर प्राप्त हुआ है। अन्तर्राष्ट्रीय चेस फेडरेशन-फिडे द्वारा 44वें शतरंज ओलम्पियाड प्रतियोगिता को भारत में दिनांक 28 जुलाई से 10 अगस्त, 2022 तक चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।



मुख्यमंत्री शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले के आगमन पर यहां विधान भवन के सामने आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस आयोजन में ग्रैण्ड मास्टर श्री विश्वनाथन आनन्द भी सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रदेश की जनता की ओर से शतरंज के 5 बार के विश्व विजेता ग्रैण्ड मास्टर श्री विश्वनाथन आनन्द के प्रति हृदय से अभिनन्दन करते हुए कहा कि प्रदेश के 9 शहरों का मशाल रिले के लिए चयन किया गया है। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर श्री विश्वनाथन आनन्द के साथ चेस बोर्ड पर सेरेमोनियल मूव भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत शतरंज की इस प्रतिष्ठित अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की प्रथम बार मेजबानी कर रहा है। वर्ष 1927 से आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी भारत में पहली बार और 3 दशक में एशिया में भी पहली बार आयोजित हो रही है। शतरंज खेल को बढ़ावा देने तथा इसके प्रचार-प्रसार हेतु इस वर्ष पहली बार फिडे ने शतरंज ओलम्पियाड मशाल की स्थापना की है, जो ओलम्पिक परम्परा का ही हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत शतरंज ओलम्पियाड मशाल रिले आयोजित करने वाला पहला देश होगा। फिडे ने यह भी तय किया है कि प्रत्येक शतरंज ओलम्पियाड के लिए मशाल रिले भारत से ही शुरू हुआ करेगी। यह भारत के लिए गौरव की बात होगी कि जिस विधा का जन्म भारत में हुआ हो, 5 हजार वर्ष पुरानी जिसकी परम्परा रही हो, इस परम्परा के साथ जुड़ने का अवसर हम सभी को मिल रहा है। यह सम्मान न केवल भारत का सम्मान है, बल्कि हमारे देश की शतरंज की इस गौरवशाली विरासत का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शतरंज ओलम्पियाड की यह मशाल रिले देश के सभी 36 राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों से गुजरेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जून, 2022 को नई दिल्ली में इस मशाल रिले का शुभारम्भ किया।

# स्वास्थ्य मेले की व्यवस्था को डिप्टी सीएम ने परखा, सुना रोगियों का दर्द



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सदर के** मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लोगों से बातचीत कर स्वाथ्य मेले में मिल रही सेवाओं की जानकारी भी दी। उप मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को पेंशन एवं ट्राई साइकिल उपलब्ध तत्काल करवाने का निर्देश दिया। उपमुख्यमंत्री द्वारा लोगों से अधिकाधिक स्वाथ्य मेले का लाभ उठाने को कहा।

रविवार को जिले के सभी ग्रामीण व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने पीएचसी पीपराघाट और सदर में आयोजित स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हर रविवार को आयोजित होने वाले आरोग्य स्वास्थ्य मेले से लोगों को उनके क्षेत्र के समीप ही स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। यही स्वास्थ्य विभाग की मंशा भी है कि लोगों को इलाज के लिए इधर उधर भटकना न पड़े । उन्होंने कहा कि समय से अगर रोग का पता चल जाए तो इलाज आसान हो जाता है । ज्यादा से ज्यादा लोग इन स्वास्थ्य मेलों का लाभ उठायें। स्वास्थ्य संबंधी अगर कोई समस्या है तो जांच कराएं और इलाज की सुविधा लें। आयोजन स्थल पर मौजूद एक दिव्यांगजन व्यक्ति से उप मुख्यमंत्री की ओर से बातचीत करने पर पता चला कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से उनका प्रमाण पत्र बना हुआ है, इस पर मुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि दिव्यांगजन अधिकारी से मिलकर उस व्यक्ति का पेंशन एवं ट्राई साइकिल उपलब्ध तत्काल करवाई जाए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने वहां के उपस्थित जनता से दी जा रही सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली। सभी लोगों दी जा रही सेवाओं से संतुष्ट दिखे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री के साथ कार्यवाहक सीएमओ डॉ राजेंद्र चौधरी और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एपी सिंह मौजूद रहे।

## टीका लगवाने के साथ प्रोटोकाल का पालन करें

**स्वास्थ्य मंत्री** ने स्वास्थ्य मेले में सभी को कोविड का टीका लगवाने तथा कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की हिदायत देते हुए कहा कि मास्क लगाएंए दो गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार.बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें । एडी डॉक्टर जीएस वाजपेई ने हरौनी, बेथी और अमौसी स्थित नादरगंज पीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें । पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है।

## 14 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बना

**आरोग्य मेले** के दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य कार्यक्रमों के स्टॉल लगाए गए । मेले में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस) ने भी अपना स्टाल लगाया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरबी सिंह ने उतरेठिया में आयोजित स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 8662 लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें 1739 पुरुष, 2198 महिलायें और 725 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के14 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 115 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।

## आरोग्य मेले में दी जा रही सेवाएं

**आरोग्य मेले** में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है । परिवार कल्याण कार्यक्रमों के तहत बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में मेले में आने वाले लोगों को बताया जा रहा है और इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन भी मुहैया कराए जा रहे हैं। इसके अलावा ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं।

**नगर निगम का हाल**

# आपरेटरों के हवाले हाउस टैक्स और अभियंत्रण महकमा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबुओं की** तरह नगर निगम प्रशासन को कार्यदायी संस्था से लगे आपरेटरों और कर्मियों का तबादला न होने से विरोध शुरू हो गया है। आपरेटरों के सहारे चल रहे विभागों में दशकों से एक ही स्थान पर तैनात हैं, जिन पर कोई शासनादेश लागू नहीं होता है। यही नहीं आपरेटरों की संख्या तीन दर्जन से अधिक आठों जोनों में हाउस टैक्स, अभियंत्रण जैसे अहम विभागों में सेवाएं दे रहे हैं, जिनक ा विभागीय स्थानांतरण पर कोई सवाल जवाब नहीं होता है।

नगर निगम में हाउस टैक्स से लेकर अधिष्ठान विभाग में निजी संस्थाओं के कम्पयूटर आपरेटर तैनात हैं, जो एकही जाने दस दस वर्षों से एक ही कुर्सी पर कार्यरत हैं। लेकिन इन न अधिकारी का बस चलता हैं, और न पार्षदों का। जबकि नगर निगम के अहम विभागों में तीन दर्जन से अधिक निजी संस्थाओं के कर्मियों से सेवाएं ली जा रही है। विभागीय सूत्रों की मानें तो ठाकुरगंज जोन 6 में अजीत सिंह अभियंत्रण विभाग में जमें हैं, इन पर कुछ अधिकारियों की विशेष कृपा है। कृपा के कारण एक ही जोन के अभियंत्रण विभाग में बीते 15 वर्षों से जमें हुए हैं। हालांकि इससे पर जोन के ही कुछ कर्मचारियों द्वारा आपत्ति जताई, लेकिन कृपा पात्र होने के चलते कोई तबादला नहीं हुआ। इसी जोन के अभियंत्रण में अभिनव प्रताप सिंह से 8 वर्ष और कर विभाग में मो. परवेज 14 वर्षों से जमें हैं। यह तो कुछ भी नहीं इनकी लिस्ट बड़ी लंबी हैं।

आपरेटरों में गोमतीनगर जोन चार में अभियंत्रण विभाग में राधे श्याम डेढ़ दशक से जमें हैं, वहीं अभियंत्रण विभाग जोन दो में राम जी 20 वर्षों से लगे हुए हैं। जोन आठ में 9 वर्षों से कम्प्यूटर आपरेटर की सेवाएं दे रहे हैं। जबकि कई बार निजी संस्थाओं से लगे कर्मियों पर गोपनीयता भंग करने के आरोप भी लग चुके हैं। निजी संस्थाओं के आपरेटरों पर कोई सेवानियमावली लागू नहीं होती है, ऐसे में यह भी निडर होकर कार्य करते हैं। यही नहीं बाबुओं और इंजीनियरों के पटल परिवर्तन के बाद कर्मचारी संघ वर्षों से एक ही जोन और एक ही कुर्सी से चिपके आपरेटरों को भी बदलने की मांग कर रहा है।

कर्मचारियों के लिए भी एक तबादले की नीति बननी चाहिए, जिससे एक ही जोन में सरकारी कर्मचारियो की भांति इन्हें भी पटल परिवर्तन किया जा सके। हालांकि इनमें कई पेंच ऐसे हैं, जिनके कारण कोई जोखिम मोल लेना नहीं चाहता है।



## टैक्स वसूली जैसे कार्य कराने के लग चुके हैं आरोप

**निजी** संस्थाओं के कर्मियों से हाउस टैक्स जैसे विभागों के कार्य भी लिए जाते हैं। सूत्रों की मानें तो भवन स्वामियों के पास हाउस टैक्स वसूलने से लेकर टैक्स कम और अधिक करने के कार्य भी कराए जाते हैं। यही नहीं कई बार हाउस टैक्स वसूली करने पर विवाद भी हो चुके हैं।

नगर आयुक्त के आदेश पर कार्रवाई की गयी। हाल ही में सीतापुर रोड पर दिन दहाड़े व्यापारी के घर डकैती पड़ने के दौरान निजी कर्मचारी का नाम भी आया था, जिससे व्यापारियों ने नगर निगम के खिलाफ जोनल अधिकारियों से निजी कर्मचारियों को न रखने की मांग भ की थी।

# मैंगो फेस्टिवल में दिखे विविध प्रजाति के आम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जून का** महीना आम के महीने के रूप में मनाया जाता है! फलों का राजा निश्चित रूप से इसे प्राप्त करने वाले विशेष ध्यान का पात्र है। 26 जून, 2022 को किसान बाजार ने मैंगो फेस्टिवल के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आम के बाग भ्रमण पर आम प्रेमी प्रकृति माँ से मिले। बाग की यात्रा एक अनूठा अनुभव था। माज़ा, लेबुआ, गीतांजलि, फीवर 104, द्वारा समर्थित अवध मैंगो ग्रोअर्स एसोसिएशन की संस्थापक ज्योत्सना कौर हबीबुल्लाह के नेतृत्व में लखनऊ किसान बाजार टीम द्वारा सावधानीपूर्वक आयोजित किया गया। आम के त्योहार ने किसानों को अतिरिक्त राजस्व स्रोत प्रदान करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का समर्थन करने वाले एक स्थायी पर्यावरण के अनुकूल कार्यक्रम का प्रदर्शन किया।



# सीवर में उतरने से हो रही मौतों को रोकने की मुहिम शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीवर सफाई** के दौरान कर्मियों की मौत से बचाने के लिए सुएज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीवर से निकलने वाली गंदगी से कई गंभीर बीमारियां जन्म ले लेती हैं। ऐसे में सीवर सफाई कर्मियों को सीवर की सफाई करते समय हमेशा सुरक्षा किट पहने रहना चाहिए। साथ ही उन्हें हाथ से मैला कभी नहीं उठाना है एवं मैन होल कभी नहीं घुसना है चाहे कुछ भी हो जाए, इस बात का हमेशा ध्यान रखना है। सुएज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अपने सीवर सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सेहत का पूरा ध्यान रखती है।

सुएज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने इंदिरा नगर स्थित सी-ब्लॉक पानी की टंकी के पास, शून्य घातक दुर्घटना एवं हाथ से मैला कभी नहीं ढोना ये हमें पुन: सुनिश्चित करना है के थीम पर सीवर सफाई कर्मियों को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कायक्रम में गोमतीनगर जोन 4 एवं इंदिरानगर जोन 7 के सीवर सफाई कर्मचारियों को हाथ से मैला न ढोने उन्हें किसी भी तरह से सीवर में न उतरने देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया है। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सीवर सफाई मित्रों ने सीवर में कभी नहीं उतरने व सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य करने की शपथ भी ली। कार्यक्रम में सुएज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि हम जनहित के लिए सेवाभाव से कार्य कर रहे हैं। आप सब जब भी सीवर सफाई का कार्य करें तो सर्वप्रथम आप सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करें साथ ही सुरक्षा किट का भी प्रयोग करें। इसके अलावा आपका कोई भी अधिकारी व अन्य व्यक्ति अगर मैन होल में उतरने के लिए कहता है तब भी आपको नहीं उतरना है और इस बात की सूचना तत्काल हमें आप दे सकते हैं। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि अगर किसी क्षेत्र में मशीन की कमी के चलते कार्य बाधित हो रहा है तो आप इसकी भी सूचना दे सकते हैं और आपको कुछ समय में मशीन भी मुहैया करवा दी जायेगी। मठपाल ने बताया कि मैला साफकरने वाले सीवर सफाई कर्मियों को हैजा, हेपेटाइटिस, टीबी, टायफाइड और इसी तरह की अन्य बीमारियों का शिकार होने का खतरा बना रहता है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद मुकेश सिंह चौहान, जोन 7 इंदिरा प्रियदर्शनी वार्ड के पार्षद राम कुमार वर्मा, सुएज़ इंडिया के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं सुपरवाइजर और जोन 4 एवं 7 के सभी सीवर सफाई मित्र मौजूद रहे।




## सफाई के नियम किए गए सख्त

**सीवर** के सफाई कार्य को लेकर कंपनी ने सख्त नियम बनाएं हुए हैं, जिसका कंपनी द्वारा लगातार कड़ाई से पालन करवाया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने सीवर सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण किट प्रदान करते हुए इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस किट में वर्दी, सुरक्षा हेलमेट, जूते, आईवियर, दस्ताने व मास्क शामिल हैं। साथ ही सीवर एंट्री प्रोफेशनल की टीमों को अतिरिक्त सुरक्षा गियर जैसे वाटरप्रूफ सूट, ऑक्सीजन मास्क, सेफ्टी बेल्ट, गमबूट आदि प्रदान किए गए जाते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विषम परिस्थितियों में सीवर में किसी के भी प्रवेश की अच्छी तरह से निगरानी की जा सके और पर्याप्त सुरक्षा उपकरण के साथ ही यह कार्य किया जा सके। कार्यक्रम में मौजूद सीवर सफाई कर्मचारियों में सुरक्षा मानकों का पुरी तरह से पालन करने वाले तमाम सीवर सफाई मित्रों को सम्मानित किया।

# सीएम ने पूछा क्यों नहीं बढ़ी हरियाली, जांच के निर्देश

संवाददाता। मोहनलालगंज

## ● पायनियर में प्रकाशित खबर का लिया संज्ञान, प्रमुख सचिव वन को सौंपी जांच

**हरियाली** बढ़ाने के महाभियान में लापरवाही बरते जाने से सूखकर बेजान हो रहे पौधों को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। पायनियर में प्रकाशित खबर को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय ने प्रमुख सचिव वन को जांच सौंपकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिसे लेकर वन विभाग से लेकर पंचायतों तक हड़कंप मचा हुआ है। जिम्मेदार पौधे सूखने के लिए ऊसरीली भूमि को दोषी ठहराने में जुट गए हैं।

मोहनलालगंज के जैतीखेड़ा में,पौधरोपण महाभियान के दौरान तीन साल पहले रोपे गए ज्यादातर पौधे सूखकर बेजान हो गए हैं। देखरेख में लापरवाही बरते जाने से बचे.खुचे पौधे भी सूखते जा रहे हैं। अलबत्ता इस पौधरोपण स्थल पर कंटीली झाड़ियां उग आई हैं। कमोवेश यही हाल मोहनलालगंज ब्लाक की अधिकांश पंचायतों का भी है। ज्यादातर पंचायतों में मनरेगा और पंचायतराज विभाग की ओर से पौधरोपण स्थलों पर रोपे गए पौधे देखरेख नहीं किए जाने से सूखकर बेजान हो चुके हैं। जहां कहीं पौधे बचे भी हैं तो सिंचाई और मवेशियों से सुरक्षा के अभाव में उनका अस्तित्व खतरे में हैं। पायनियर में इसे लेकर ष्करोड़ों फूंककर भी हरियाली नहीं बढ़ा सके अफसर ष् शीर्षक से प्रकाशित खबर का मुख्यमंत्री कार्यालय ने संज्ञान लिया है। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री ने मामले में प्रमुख सचिव वन को जांचकर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। शासन से जवाब.तलब किए जाने के बाद वन विभाग और ब्लाक अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जैतीखेड़ा में वन विभाग की टीम जुटाई गई है। जबकि पंचायतों में पौधरोपण की हकीकत जांचने के लिए डीपीआरओ को पत्र भेजा गया है। हालांकि शासन से स्थलीय जांच रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद पंचायतों के जिम्मेदार बचाव का रास्ता तलाशने में जुट गए हैं। उधर वन विभाग के अधिकारियों ने जैती खेड़ा में नजरें गड़ा दी हैं।

### फिर वही गलती दोहराने की तैयारी में अधिकारी

मोहनलालगंज की पंचायतों में पिछले वर्षों में कराए गए पौधरोपण का हश्र देखकर भी जिम्मेदारों ने सबक नहीं लिया है। पौधरोपण से पहले मिट्टी का सही उपचार और पौधों की देखरेख का पुख्ता इंतजाम किए बिना ही इस बार भी व्यापक पौधरोपण की तैयारी कर गड्ढे खुदवाए जा रहे हैं। ऐसे में फिर एक बार पौधों का सूखकर बेजान हो जाना पहले से ही तय माना जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर पंचायत सचिवों के अलावा ब्लाक अधिकारी भी संजीदा नहीं हैं।

# सिडबी के ऋण और अग्रिम में 29 फीसदी का इजाफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● 24 वीं आम बैठक में हुआ वित्तीय परिणामों का अनुमोदन

**भारतीय** लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की 24वीं आम बैठक प्रधान कार्यालय, लखनऊ में सम्पन्न हुई। इस आम बैठक में 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के सिडबी के वित्तीय परिणामों का अनुमोदन किया गया। सिडबी के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक श्री सिवसुब्रमणियन रमण, आईएएंडएएस ने सदस्यों को वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान व्यवसाय में हुई अच्छी वृद्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिडबी ने सभी कारोबारी वर्टिकलों में समग्र रूप से वृद्धि हासिल की है। सिडबी के संवितरण वित्त वर्ष 2021 के रु. 96029 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में रु. 143758 करोड़ हो गये। इस प्रकार उनमें 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज़ हुई। बैंक की कुल आस्तियां रु. 1.92 लाख करोड़ से 29 प्रतिशत बढ़कर रु. 2.47 लाख करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक को रु. 9139 करोड़ की आय और रु. 1958 करोड़ का निवल लाभ हुआ। इसकी नेट वर्थ 14 प्रतिशत बढ़कर रु. 23497 करोड़ हो गयी। प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) वित्तय वर्ष 2022 में रु. 36.79 रहा। यथा 31 मार्च 2022 बैंक के निवल बकाया के प्रति सकल और निवल अनर्जक आस्तियां क्रमशः 0.11त्न और 0.07त्न रहीं। यथा 31 मार्च 2022 बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 24.28त्न रहा। महामारी से ग्रस्त वर्ष होने के बावजूद बैंक ने अपनी अग्रणी स्थिति बरकरार रखी और प्रमुख मानदंडों की दृष्टि से वृद्धि हासिल की। आम बैठक में वित्त वर्ष 2022 के लिए 15 प्रतिशत लाभांश अनुमोदित किया गया। श्री रमण ने कहा कि सिडबी एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ करने और उसकी जड़ों की गहराई तक ले जाने के लिए कार्यरत हैं। जिस प्रकार भारत सरकार भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाना चाहती है, उसी प्रकार सिडबी का लक्ष्य अपनी बैलेंस शीट को बढ़ाकर रु. 5 ट्रिलियन तक ले जाना है, ताकि एमएसएमई क्षेत्र के ऋण में वृद्धि की जा सके।

# जल जनित बीमारियों का खात्मा करेगी महिलाओं की सबसे बड़ी फौज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● छह लाख महिलाएं गांव-गांव करेंगी पीने के पानी के सैंपलों की जांच

**यूपी में** अब जल जनित बीमारियों के खात्मे का जिम्मा महिलाओं की बड़ी फौज संभालेगी। इन महिलाओं के हाथों में हथियार के रूप में फील्ड टेस्ट किट होगी। 6 लाख से अधिक महिलाएं पीने के पानी की जांच करेंगी। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने पीने के पानी की शुद्धता की जांच के लिए अब तक का सबसे बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। बुंदेलखंडए पूर्वांचल समेत प्रदेश भर में 1 लाख से अधिक महिलाओं का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। प्रशिक्षित महिलाएं गांव में 70 हजार पानी के सैंपल जांच कर जल निगम को भेज चुकी है। यह पहला मौका है जब यूपी में जल जनित बीमारियों से लड़ाई के लिए गांव.गांव में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को तैयार किया जा रहा है। जल जीवन मिशन की इस योजना ने ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य देने के साथ गांव में रहने वाली महिलाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोले हैं। महिलाओं को पानी की प्रत्येक जांच पर 20 रुपये दिये जा रहे हैं। योजना के तहत प्रत्येक राजस्व गांव की 5 महिलाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान टेस्ट किट दी जा रही है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव की निरंतर निगरानी और सख्ती से योजना तेजी गति से बढ़ रही है। चिकित्सकों के मुताबिक पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक पाए जाने से फ्लोरोसिस जैसी दांतों की बीमारी हो जाती है। आर्सेनिंग की अधिकता से स्किन काली पड़ने लगती है। एक नहीं दूषित पीने का पानी लम्बे समय तक पीने से कई घातक बीमारियां होती है। पानी की जांच गांव.गांव में इन बीमारियों से गांव में रहने वाले लोगों को बचाएंगी। दांतों का लम्बा जीवन मिलेगा और गांव के लोग स्किन रोग से भी छुटकार पाएंगे। चिकित्सकों के मुताबिक पानी में पैदा होने वाले जीवाणुओं से भी कई घातक बीमारियां होती है। पीने के पानी की जांच के बाद इसमें भी सुधार आएगा।

फील्ड जांच किट से पानी की समस्या और गुणवत्ता के 12 टेस्ट किये जा सकते हैं। टेस्ट किट से महिलाएं नल, कुंओं, हैण्डपम्पों के पानी की परख करेंगी। पीने के पानी में फ्लोराइड, आर्सेनिक जैसे घातक तत्वों की अधिकता पाए जाने पर जल निगम उस जल श्रोत को बंद करने या फिर समस्या के समाधान के प्रयास करेगा। प्रत्येक राजस्व ग्राम में 5 महिलाओं का चयन विकास खंड स्तरीय कमेटी करेगी। जिसके सदस्य विकास खंड अधिकारीए संबंधित जनपद के अधिशासी अभियंताए सहायक अभियंताए अवर अभियंता होते हैं। इनकी सहमति से महलाओं का चयन किया जा रहा है। बिजनौर, फिरोजाबाद, पीलीभीत, बदायूं, बरेली, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अमबेडकरनगर, संभल के राजस्व गांवों में सर्वाधिक महिलाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा कर लिया गया है।

# बिजली मीटरों की किल्लत शीघ्र दूर कराएगा मध्यांचल प्रशासन

संवाददाता। मोहनलालगंज

## ● एमडी मध्यांचल भवानी सिंह खंगरौत ने लिया संज्ञान दिया भरोसा

**मीटर** की किल्लत से मोहनलालगंज में बिजली कनेक्शन के लिए भटक रहे लोगों को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। पायनियर में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर एमडी मध्यांचल ने जल्द ही समस्या दूर कराने का भरोसा दिया है। फिलहाल नए कनेक्शन के लिए आवेदन करने के बाद भी लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है।

लेसा सिस गोमती प्रशासन के सेस तृतीय खण्ड में पिछले दस दिन से मीटर की बेहद किल्लत है। लिहाजा तकरीबन दो सौ आवेदक झटपट पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया पूरी कराने के बावजूद भी बिजली कनेक्शन के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। रविवार को पायनियर में मामले को लेकर प्रमुखता से प्रकाशित खबर का एमडी मध्यांचल भवानी सिंह खंगरौत ने संज्ञान लेकर जल्द समस्या दूर कराने का भरोसा दिया है। मध्यांचल मुख्यालय ने मुख्य अभियंता लेसा सिस गोमती को समस्या दूर कराने के निर्देश दिए हैं। एमडी ने बताया मीटर के लिए टेण्डर प्रक्रिया फाइनलाइज हो रही है। इस बीच अन्य डिस्काम से उधार मीटर मांगे गए हैं। मीटर की कमी शीघ्र दूर होगी।

### सेवाओं के शुल्क की वाल राइटिंग कराने की मांग

मोहनलालगंज में बिजली कनेक्शन ए लोड बढ़वाने और मीटर लगवाने समेत अन्य विभागीय सेवाओं के लिए निर्धारित शुल्क की सबस्टेशन व एसडीओ और एक्सईएन दफ्तर पर वाल राइटिंग कराने की लोग मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि निर्धारित शुल्क की सही जानकारी मिलने से लोग अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहेंगे।

कुख्यात अपराधी वीरेन्द्र ठाकुर हत्याकांड

# बचपन में ही अपराध की दुनिया में धमक जमा ली थी

इसलाहउददीन शेख राजा। लखनऊ

## ● शक की सुई अपनो पर, जल्द पर्दाफाश की उम्मीद



मृतक की फाईल फोटो

**कैंट** के नीलमथा में हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र ठाकुर ने 17 साल की उम्र में बिहार से यूपी तक जरायम की दुनियां में अपनी धमक बना ली थी। बीते कुछ सालों से वह पुलिस और विरोधियों से बचने के लिए छिपकर यहां रह रहा था। वीरेंद्र को किसी अपनों से अदावत करना ही महंगा पड़ा जो हत्या का एक बड़ा हिस्सा उभर कर सामने आ रहा है।

जानकारों की मानें तो वीरेंद्र की जो गांव की दुश्मनी और किसी करीबी से अलग होना नागवार गुजरा। कई महीनों की तलाश के बाद रेलवे ठेकेदार वीरेंद्र ठाकुर को ढूंढ़कर मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हत्याकांड से जुड़ी अहम जानकारियां मिल गईं हैं। सिर्फ कुछ कड़ियां बाकी हैं जिन्हें जोड़कर इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र ठाकुर की हत्या गैंगवॉर में नहीं हुई बल्कि उसके किसी करीबी ने ही भाड़े के बदमाशों से करा दी। बताया जा रहा है कि अपंग हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र ठाकुर 17 साल की उम्र में अपराध की दुनिया में कदम रखा था। शुरूआती दौर में लूट मारपीट हत्या अपहरण और वसूली करना पेशा बन गया था।

गोलियों का निशाना बना हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र वर्ष 1998 में नरकटियागंज में वसूली करने आए मुजफ्फरपुर के कपड़ा व्यवसाई से लूटपाट की थी कि उसका हौसला अफ्जाई होता गया और एक खूंखार अपराधी की शक्ल अख्तियार कर लिया। यही नहीं वह पुलिस के हत्थे भी कई बार चढ़ा लेकिन ऊंची पहुंच के चलते जेल से छुटने के बाद फिर उसी ढर्रे को अपना कर अपराध की राह पकड़ लिया और उसके सिर इतने मुकदमे तथा गंवई दुश्मनी के चलते करीब 13 साल से राजधानी लखनऊ के कैंट क्षेत्र में छिपकर रहने लगा था। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने बताया कि वीरेंद्र हत्याकांड मामले में पुरानी रंजिश सहित कई दिशाओं में पड़ताल की जा रही है और उम्मीद है कि जल्द ही कातिल सलाखों के पीछे होंगे।

# क्लैट परीक्षा में सीएमएस के 31 छात्रों का चयन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 31 मेधावी छात्रों ने इस वर्ष कॉमन लॉ एडमीशन टेस्ट (क्लैट) में चयनित होकर लखनऊ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। कन्सोर्टियम ऑफ ने-रु39यानल लॉ यूनिवर्सिटीज ने क्लैट परीक्षाफल जारी किये हैं। क्लैट में चयन के उपरान्त सीएमएस के ये मेधावी छात्र बंगलुरु, कोलकाता, नई दिल्ली, लखनऊ, जोधपुर और पटियाला समेत देश भर के 23 रनवजयट्रीय विधि विविद्यालयों में अण्डर-ग्रेजुएट लॉ कोर्स एवं पोस्ट ग्रेजुएट लॉ कोर्स मेंकानून स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकेंगे।

# हमारे समर्पण और परिश्रम से ही भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देश की** सेवा, सुरक्षा के लिए जब जक सामान्य लोग आगे नहीं आएंगे, तब तक देश खड़ा नहीं हो सकता है। इसी विचार को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना काल से ही कार्य कर रहा है और सामान्य लोगों को जागरूक कर रहा है। हम सभी को राष्ट्रहित में समर्पण और परिश्रम करना होगा, जिससे हमारा देश पुनः विश्वगुरु बन सके।

उक्त उद्गार मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख मा. सुनील आम्बेकर ने विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रचार विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण बैठक (25-26 जून, 2022) के तृतीय सत्र में व्यक्त किए। प्रशिक्षण बैठक में विद्या भारती की संरचना के अनुसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के चारों प्रांत - अवध, कानपुर, काशी और गोरक्ष से करीब 80 आचार्य बंधु/भगिनी शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने विद्या भारती के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और कहा कि हमें संयमित और मर्यादा में रहकर ठीक से योजना बनाकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्र पुरातन है, हमारा राष्ट्र सनातन है और देश का इतिहास गौरवशाली है।

हमें अतीत से सीखकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विमर्श एक सतत् प्रक्रिया है, हमारा कार्य इसे आगे बढ़ाना है। इसके साथ ही राष्ट्रहित में समाज के विमर्श को आगे बढ़ाना है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना जरूरी है। विद्या भारती जैसी शैक्षणिक संस्थाएं संस्कारवान शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत, देश के लिए मर मिटने वाली युवा पीढ़ी का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें मीडिया के माध्यम से अपने अच्छे कार्यों को समाज तक पहुंचाना है और ये कार्य तभी सफल होगा, जब यह समाज में परम्परा बन जाए।

अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने कहा कि ज्ञानवान व्यक्ति ही शक्तिशाली और ताकतवर होता है, इसलिए हमें समसामयिक विषयों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। उन्होंने अग्निपथ योजना का जिक्र करते हुए कहा कि जानकारी के अभाव में ही विरोध हो रहा है, जबकि ये योजना युवाओं के लाभकारी साबित होने वाली है।

# हमें अपनी भाषाओं में विज्ञान पढ़ाना होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सम्मेलन में किया गया आह्वान

**विज्ञान** भारती के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन दिवस पर चर्चा विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान में वर्तमान रुझानों पर केंद्रित रही। महत्वपूर्ण वक्ता डॉ. चामू कृष्ण शास्त्री, जयंत सहत्रबुद्धे और डॉ. अरविंद रानाडे थे रहे। सम्मेलन में यह बात उभर कर आई कि हमें राष्ट्रीय भाषाओं में विज्ञान पढ़ाना होगा जबकि हम ऐसा करने में भी विफल रहे हैं। जगदीश चंद्र बसु और प्रफुल्ल चंद्र रे इस बात के प्रबल समर्थक थे। इस अवसर पर पारित प्रस्ताव में कहा गया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एक अद्वितीय दृष्टि की भारतीय जड़ें कई भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा बनाई गई हैं। आज के जलवायु परिवर्तन और महामारी के संदर्भ में, आयुर्वेद पर आधारित कई अच्छी तरह से एकीकृत जीवन शैली, आदतें और प्रणालियाँ अत्यंत प्रासंगिक साबित हुई हैं। हालाँकि, स्वतंत्रता के बाद भी, हम अपने पारंपरिक ज्ञान के विशाल संसाधनों को निष्पक्ष रूप से देखने और प्रासंगिक पाठों को आत्मसात करने में विफल रहे हैं। स्वतंत्रता पूर्व चुनौतीपूर्ण समय के दौरान, हमारे वैज्ञानिक बहुत कम संसाधनों और सभी बाधाओं के बावजूद विश्व स्तरीय शोध कर सकते थे। कई बार शोध के लिए आवश्यक उपकरणों को भी स्वयं ही विकसित किया जाता था। 1930 में भौतिकी के क्षेत्र में चंद्रशेखर वेंकिता रमन द्वारा जीता गया प्रथम एशियाई और पहले गैर-श्वेत व्यक्ति के लिए विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार एक उदाहरण है। एसएन बोस द्वारा बोसॉन की पहचान, जेसी बोस द्वारा पहले माइक्रोवेव रिसीवर का विकास आदि भी इसी तरह महत्वपूर्ण थे।

# पकड़े गए लंगूरों के तस्कर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● करते थे दुर्लभ प्रजाति के लंगूरों की तस्करी

**वन्य** जीव अपराध नियन्त्रण ब्यूरो, भारत सरकार की पहल पर एसटीएफ ने पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रजातियों के कछुए, बर्ड्स, पैन्गोलिन आदि की तस्करी रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही की है। इस क्रम में लंगूरों की एक प्रजाति जिसे ग्रे-लंगूर अथवा हनुमान लंगूर कहा जाता है, जो उत्तर प्रदेश में पायी जाती है, कि विभिन्न तरीकों से पैसा कमाने हेतु इनकी तस्करी के बारे में सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में श्री अमित कुमार नागर, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ के नेतृत्व में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। अभिसूचना संकलन के दौरान यह ज्ञात हुआ कि जनपद उन्नाव एवं आस-पास के जनपदों में पाये जाने वाले ग्रे-लंगूरों की तस्करी करने वाले गिरोह के लोगों द्वारा इन्हे पकड़कर बड़े पैमाने पर तस्करी किया जा रहा है। निरीक्षक श्री दिलीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनोद सिंह, मुआ अशोक गुप्ता राजेश मौर्या, संतोष सिंह, रुद्र नारायण उपाध्याय, अंजनी यादव, आरक्षी विजय वर्मा की एक टीम अत्यंत परिश्रम से जमीनी सूचना एवं अन्य स्त्रोतों से अभिसूचना एकत्र की। इस दौरान ज्ञात हुआ कि जनपद उन्नाव से कुछ तस्करों द्वारा ग्रे-लंगूरों/हनुमान लंगूरों की तस्करी की जा रही हैं। एसटीएफ टीम द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्रीय वन विभाग लखनऊ की टीम को साथ लेकर इस सूचना को विकसित करते हुए दिनांक 25-06-2022 को समय लगभग 15.20 बजे ग्रे-लंगूर अथवा हनुमान लंगूरों की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सदस्यों को रामप्यारे वर्मा का पुराना मकान, ग्राम पाटन, थाना बिहार, उन्नाव से आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग संरक्षित पशु-पक्षियों को उनके प्राकृतिक निवास से पकड़कर स्वयं तथा अपने गिरोह के सदस्यों के आर्थिक लाभ के लिए इनकी तस्करी कर रहे हैं। लगभग 8-10 हजार रूपये प्रति ग्रे-लंगूरों/हनुमान लंगूरों के हिसाब से बेचते है। जिनका प्रयोग बड़े-बड़े शहरों में बन्दरों को भगाने के लिए, धार्मिक भावनाओं के आधार पर भीख मॉगने, खेल दिखाकर पैसा कमाने व शौक के तौर पर पालने हेतु किया जाता है। एक माह में लगभग 30 से 40 लंगूरों को बेच देते है। हम लोग वन्य जीवों की तस्करी लगभग पिछले 10 वर्षो से कर रहे है। सद्दाम ने यह भी बताया कि इसके पूर्व में भी ग्रे-लंगूरो की तस्करी में कोतवाली फतेहपुर, जनपद फतेहपुर व कोतवाली-कन्नौज से जेल जा चुका है।

# पेज एक का शेष

## सुप्रीम कोर्ट...

के खेमे में शामिल होने वाले मंत्रियों को बर्खास्त करने की तैयार कर ली है। पवार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एमवीए सहयोगियों ने ठाकरे को बागियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार दिया है और एक या दो दिन में कदम उठाए जाएंगे। पवार ने बागी नेता शिंदे के साथ शामिल होने वाले राज्य सरकार के मंत्रियों को बर्खास्त करने के सवालों पर कहा कि यह मुख्यमंत्री के दायरे में आता है। वह एक या दो दिन में कार्रवाई करेंगे। राकांपा प्रमुख ने महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बगावत की है, वे महाराष्ट्र में वैकल्पिक सरकार चाहते हैं। यदि आपको राष्ट्रपति शासन ही लगाना है तो इतने विधायकों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का क्या मतलब है।

## राउत व...

के दौरान शिंदे के साथ गुवाहाटी में मौजूद विधायकों की संख्या की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमने सबक सीख लिया है कि किस पर भरोसा किया जाना चाहिए। वे ऐसे शरीर हैं, जिनकी आत्मा मर चुकी है। उनका मस्तिष्क मर चुका है। 40 शव असम से आएंगे और पोस्टमॉर्टम के लिए सीधे मुर्दाघर भेजे जाएंगे। दूसरी ओर, शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि यदि सभी विधायक बागी हो जाएं, तब भी जीत पार्टी की ही होगी। साथ ही उन्होंने बागी विधायकों को फिर से चुनाव लड़ने की चुनौती दी। आदित्य ने मुंबई में लगातार दूसरे दिन शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि बागी विधायकों के लिए राज्य और पार्टी के द्वार बंद हो गए हैं। शिवसेना के अध्यक्ष व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य (30) ने कहा कि दोबारा चुनाव लड़िए, हम आपको हराकर दिखाएंगे।

## भाजपा ने...

था कि आजमगढ़ को आर्यमगढ़ बनाने का मौका न गंवाएं। उन्होंने कहा कि मुगल काल में आजमगढ़ को आर्यमगढ़ के नाम से जाना जाता था और तब इसका नाम बदलकर आजमगढ़ कर दिया गया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीट में से भारतीय जनता पार्टी ने 62, अपना दल (एस) ने दो, बहुजन समाज पार्टी ने 10 और सपा ने पांच सीट जीती थी। कांग्रेस को एक सीट पर जीत मिली थी। तब सपा और बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। ताजा चुनाव परिणाम आने के बाद अब लोकसभा में उत्तर प्रदेश में भाजपा की 64 सीट हो जाएंगी और सपा की घटकर तीन सीट रह जाएगी। आजमगढ़ में सुबह आठ बजे जब वोटों की गिनती शुरूआत में दोनों सीटों पर सपा आगे चल रही थी। आजमगढ़ में वोटों की गिनती की दौरान नोकझोंक भी देखने को मिली जब पुलिस ने सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को स्ट्रॉंग रूम में जाने से रोक दिया। शुरुआती रुझानों में रामपुर और आजमगढ़ दोनों सीटों पर सपा प्रत्याशी आगे चल रहे थे।

## आप चुनाव...

उन्हें बधाई देता हूं। आज की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की जीत है। मुख्यमंत्री योगी ने आजमगढ़ और रामपुर की जनता का आभार जताया है। आजमगढ़ लोकसभा सीट पर भोजपुरी फिल्मों के कलाकार दिनेश लाल यादव निरहुआ और रामपुर सीट पर घनश्याम सिंह लोधी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि ये जनादेश जनता के विश्वास का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश को आगे ले जाने पर मुहर है। जनता ने प्रदेश में 2024 के विजय श्री के लिए दूरगामी संदेश दिया है। 2024 में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ 80 लोकसभा सीटों पर विजय की ओर अग्रसर हो रही है। सीएम ने कहा कि चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री और भाजपा के सबका साथ, सबका विकास, सबको साथ लेकर चलने का परिणाम है। आज का परिणाम एक बार फिर से जनता ने प्रदेश के दंभी, नकारात्मक सोच और अपने विंध्वसात्मक गतिविधियों के लिए कुख्यात और परिवारवादी ताकतों को स्पष्ट संदेश दिया है।

## कोर्ट ने...

बताया कि दोनों को अहमदाबाद अपराध शाखा द्वारा शनिवार को दर्ज की गई एक प्राथमिकी के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। गुजरात पुलिस के आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को सीतलवाड़ को मुंबई स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया था, जिसके बाद सीतलवाड़ ने पुलिस पर उनके साथ बदसलूकी करने और हाथ में चोट पहुंचाने का आरोप लगाया था। सीतलवाड को यहां लाया गया और शनिवार को शहर की अपराध शाखा को सौंप दिया गया। अदालत के निर्देश पर सीतलवाड़ को चिकित्सा जांच के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया।

## आप की...

के अंतर से शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) प्रत्याशी और खालिस्तान समर्थक सिमरनजीत सिंह मान से हार का सामना करना पड़ा है। सिमरनजीत सिंह मान (77) की करीब दो दशक बाद संसद में वापसी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सिमरनजीत सिंह मान को 2,53,154 मत मिले जबकि गुरमेल सिंह को 2,47,332 मत मिले। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वर्ष 2014 और 2019 में संगरूर सीट से जीत दर्ज की थी। लेकिन धुरी से विधायक बनने और बाद में मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस प्रत्याशी दलवीर सिंह गोल्डी, भाजपा प्रत्याशी केवल ढिल्लों और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रत्याशी कमलदीप कौर राजोआना क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। चुनाव नतीजों के मुताबिक, गोल्डी को 79,668 मत, ढिल्लों को 66,298 मत और कौर को 44,428 मत मिले। संगरूर में सिमरजीत सिंह मान और आप प्रत्याशी के बीच जीत हार का फैसला एक प्रतिशत मत से भी कम अंतर से हुआ।

## आयकर के...

कई स्थानों पर तलाशी ली। सीबीआई ने रिफंड के नौ लाभार्थियों के साथ मामले के संबंध में तीन आयकर अधिकारियों- अभय कांत, सौरभ सिंह और रोहित कुमार को नामित किया है। कर विभाग ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने एक अगस्त, 2020 से 25 अगस्त, 2021 तक धोखाधड़ी कर 1.39 करोड़ रुपए से अधिक का रिफंड प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह घोटाला तब सामने आया जब एक कर निर्धारण अधिकारी को आयकर अधिनियम की धारा 154 के तहत उन करदाताओं के लिए रिफंड की गणना का पता चला, जो उसके दायरे से संबंधित नहीं थे। इसमें आरोप लगाया गया है, प्राप्त की गई कुल रकम में से लगभग वापस 35 लाख रुपए आरोपी अधिकारियों ने सरकारी खातों में जमा कर दिए थे।

## असम में...

लापता हैं। राज्य में इस साल बाढ़ और भूस्खलनों में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 126 हो गई है। बुलेटिन के अनुसार, बालाजी, बक्सा, बारपेटा, कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रुगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांडी, नलबाड़ी, सोनितपुर, दक्षिण सलमारा, तमुलपुर और उदलगुड़ी जिलों में बाढ़ के कारण 22,21,500 से अधिक लोग प्रभावित हैं। बारपेटा में सबसे ज्यादा करीब सात लाख लोग प्रभावित हैं। इसके बाद नगांव में 5.13 लाख और कछार में 2.77 लाख लोग प्रभावित हैं। कछार, डिब्रूगढ़ और मोरीगांव जिलों में कई स्थान भी बाढ़ से प्रभावित हैं। शनिवार तक 24 जिलों में 25 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित कछार जिले के सिलचर और कामरूप के हाजो का दौरा किया।

## आपातकाल भारत...

एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, दुनियाभर में प्रवासी भारतीय न केवल भारत की सफलता की कहानी हैं, बल्कि राष्ट्र दूत भी हैं, जो भारत को दुनिया में ले जा रहे हैं और राष्ट्र की सफलता के लिए ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं। मोदी ने कहा, पिछली शताब्दी में जर्मनी और अन्य देशों को तीसरी औद्योगिक क्रांति से लाभ हुआ। भारत तब गुलाम था, इसलिए लाभ नहीं उठा सकता था। लेकिन अब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति में पीछे नहीं रहेगा, यह अब दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भारत का हर गांव खुले में शौच मुक्त है और 99 प्रतिशत गांवों में खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन और बिजली है। उन्होंने कहा कि भारत पिछले दो साल से 80 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त राशन मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में हर महीने औसतन 5,000 पेटेंट दाखिल किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत हर महीने औसतन 500 से अधिक रेलवे कोच बनाता है॥

# अपना दल एस ने मनाई शाहू जी महाराज की जयंती

संवाददाता। मिर्जापुर

**अपना** दल एस जिला कार्यालय पटेल चौक भरुहना में राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की 148 वीं जन्म जयंती के शुभ अवसर पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष इं0 राम लौटन बिंद की नेतृत्व में जयंती मनाई गई। इस दौरान छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। जयंती के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद माननीय नरेंद्र प्रताप सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मीडिया सचिव राजेश पटेल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सिंह पटेल जी उपस्थित रहें। तथा संचालन युवा मंच जिलाध्यक्ष उदय पटेल ने किया। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव श्री पटेल ने कहा कि शाहू ;जिन्हें राजर्षि शाहू महाराजए छत्रपति शाहू महाराज या शाहू महाराज भी कहा जाता हैद्ध मराठा के भोंसले राजवंश के ;26 जूनए 1874 . 6 मईए 1922द्ध राजा ;शासनकाल 1894 . 1900द्ध और कोल्हापुर की भारतीय रियासतों के महाराजा ;1900.1922द्ध थे। उन्हें एक वास्तविक लोकतान्त्रिक और सामाजिक सुधारक माना जाता था। कोल्हापुर की रियासत राज्य के पहले महाराजाए वह महाराष्ट्र के इतिहास में एक अमूल्य मणि था। सामाजिक सुधारक ज्योतिराव गोविंदराव फुले के योगदान से काफी प्रभावितए शाहू महाराज एक आदर्श नेता और सक्षम शासक थे जो अपने शासन के दौरान कई प्रगतिशील और पथभ्रष्ट गतिविधियों से जुड़े थे। 1894 में अपने राजनेता से 1922 में उनकी मृत्यु तकए उन्होंने अपने राज्य में निचली जाति के विषयों के कारण अथक रूप से काम किया। जाति और पन्थ के बावजूद सभी को प्राथमिक शिक्षा उनकी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक थी और आप सभी से निवेदन करता हूं कि 2 जुलाई को अपना दल एस पार्टी के संस्थापक यशा कयी डॉ सोनेलाल पटेल जी की जयंती पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ



में समारोह पूर्वक मनाई जाएगी जिसमें हम सब की उपस्थिति अधिक से अधिक लखनऊ में होगा। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मीडिया सचिव श्री पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व में हम लोगों को महापुरुषों की जयंती मनाने का दिशा निर्देश मिला और इसी दिशा निर्देश पर हम लोग आगे काम करते रहेंगे और आने वाले लोकसभा चुनाव में हम लोग अपनी पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ जनता के बीच अपना दल एस का प्रचार प्रसार करेंगे जिससे आने वाले लोकसभा चुनाव में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष दीदी अनुप्रिया पटेल जी के हाथों को मजबूत करेंगे। जिला अध्यक्ष श्री बिंद ने बताया कि हम सबकी नेता पिछड़ों कमेरों वंचितों एवं समाजिक न्याय की बुलंद आवाज अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री दीदी अनुप्रिया पटेल जी के निर्देशानुसार हर जिले में बतौर मुख्य अतिथि नियुक्त किए गए हैं। जो की उनके नेतृत्व मे छत्रपति शाहूजी महाराज जी की 148 वीं जन्म जयंती दिवस को बड़े हर्ष के साथ मनाई जारही हैं। उसी के क्रम में हम आज यहां अपना दल एस जिला कार्यालय भरुहना में जयंती दिवस बड़े हर्ष के साथ मना रहें हैं। साथ ही मंच पर बैठे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव श्री पटेल एवं जी विशिष्ट अतिथि श्री राष्ट्रीय मीडिया सचिव श्री पटेल तथा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पटेल जी का मैं तहे दिल से स्वागत अभिनंदन करता हूं। और इस कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण और यहां पर उपस्थित जनता जनार्दन का भी तहे दिल से स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं आपको बताना चाहता हूं किश् 1891 मेंए शाहू ने बड़ौदा के मराठा महान व्यक्ति की बेटी लक्ष्मीबाई खानविलाकर ;1880.1945द्ध से शादी की। वे चार बच्चों के माता.पिता थे। राजाराम ;।।द्धए जो कोल्हापुर के महाराजा के रूप में अपने पिता के उत्तराधिकारी बने। राधाबाई श्अक्कासाहेबश् पुअरए देवास ;सीनियरद्ध ;1894.1973द्ध की महारानीए ??जिन्होंने देवास ;सीनियरद्ध के राजा तुकोजीराव ;।।द्धए से शादी की थी और उन्हें मुद्दा था। विक्रमसिंह राव पुआरए जो 1937 में देवास ;सीनियरद्ध के महाराजा बने और बाद में शाहजी द्वितीय के रूप में कोल्हापुर के सिंहासन में सफल हुए। जयंती कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव आनंद सिंह पटेलए प्रदेश सचिव व्यापार मंच रवि शंकर सिंह पटेलए प्रदेश सचिव शिक्षक मंच घनश्याम पटेलए प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामवृक्ष बिंदए प्रदेश सचिव पंचायत मंच राजेंद्र सिंहए प्रदेश सचिव छात्र मंच दिलीप पटेलए सूर्य प्रकाश सिंहए श्रीमती रेनू भर्तियांए अर्चना अग्रहरिए नमिता केसरवानीए श्रीमती गीता केसरीएपूनम सिंहए पिंकी सिंहए मुन्नी देवीए तनया देवीए इंजीनियर प्रवीण कुमार सिंहए बैंक डायरेक्टर अरुणेश पटेलए धनंजय सिंहए विजय शंकर केसरवानीए विनोद गिरीए अनिल कुमार सिंहए संजय उपाध्यायए अशोक पटेलए हेमंत कुमार बिंदए शिव प्रसाद सिंहए शोभित गुप्ताए हेमंत सिंह पटेलए शुभम सिंहए वरुण सिंह पटेलए विनोद कुमार पटेलए डॉ श्याम कुशवाहाए शिवनारायण विश्वकर्माए दयाशंकर मिश्राए रामविलासए भानु प्रताप बिंदए गौरव पटेलए शशिकांत पटेल सदानंद सिंह बैजनाथ पटेल भीम सिंह मनीष सिंह पटेल श्रवण कुमार मौर्य रतन जायसवाल कुलदीप सिंह पटेल संदीप पटेल इंद्रजीत सिंह अवधेश पाल श्रीकांत केसरवानी शंकर सिंह चौहान सज्जन सिंह जय शंकर पटेल इंद्रमणि बिंद अखिलेश बिंद आदि अनेक लोग उपस्थित रहें।

## चिकित्सकों ने कहा निरंतर शोध की जरूरत

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आईएमएस न्यूरोलॉजी द्वारा आयोजित न्यूरो इंफेक्शन अपडेट 2022 के दूसरे दिन भी ख्यात न्यूरोलॉजिस्टो ने बीमारी और उसके उपचार पर मंथन किया. विशेषज्ञों ने एक मत में कहा की जितनी तेजी से वायरस बढ़ रहे है उसके लिए निरंतर शोध की जरूरत है. विशेषज्ञों ने भावी चिकित्सकों को कहा की विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से अपडेट रहना चाहिए. रेसिडेंट चिकित्सकों को सलाह देते हुए कहा की आप जितना समय मरीजों को देंगे नए-नए केसेज आपके सामने होंगे, उस मौके पर आप अपने सीनियर और अपने प्रोफेसरों से ज्ञानार्जन कर सकते है निम्हांस बैंगलोर के न्यूरोलॉजी विभाग की प्रोफेसर अनिता महादेवन ने रेबीज वायरस इंफेलिटिस पर व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा यह केवल कुत्तों के काटने से नहीं होता, इसके कई कारण होते है. यह डायग्नोस से ही पता लगाया जा सकता है. इसका मुख्य लक्षण हाइड्रोफोविया (पानी से डर लगना) भी है।

## जेल में बंद छात्रों से मिलने पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल, नहीं मिल पाई इजाजत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**रविवार** को सेना भर्ती के नए नियम के खिलाफ आन्दोलनरत वाराणसी जिला जेल में बंद छात्रों से उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात के लिए जिला कारागार वाराणसी पहुँचा जहाँ जिला जेल प्रशासन ने मिलने नही दिया।'प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि हम सबको मिलने न देना सरकार की तानाशाही है,एक तरफ सरकार अखिलेश यादव से मुलाकात कराती हैं वही दूसरी ओर कांग्रेस के नेतावो को मुलाकात करने से रोकती हैं जिससे यह साबित होता हैं कि भाजपा व सपा में नूराकुश्ती चल रही हैं,इस घमंडी सरकार में युवाओं की तैयारी और मेहनत पर पानी फेर दिया है। अग्निपथ के नाम पर इन भर्तियों को ख़त्म कर उनके ऊपर पाषाण प्रहार हुआ है।इतने सपनों को कुचल देना ठीक नहीं है।भारतीय सेनाओं के नियम से खिलवाड़ करना अनुचित है।सैन्य भर्ती को लेकर जो लापरवाह रवैया अपनाया जा रहा है, वो देश और देश के युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए घातक साबित होगा। व कहि से भी राष्ट्र हित मे नही है,सेनाओं में रेग्युलर भर्ती रोक 4 साल के ठेके पर फौज भर्ती देश की सुरक्षा के लिए गलत संदेश है।चार साल की नौकरी के बाद भर्ती हुए युवाओं के भविष्य का क्या होगा?इसका जबाब मोदी सरकार के पास नही है भाजपा के पास जबाब के तौर पर यह जबाब है की चार वर्ष बाद भाजपा कार्यालय की चौकीदारी करेंगे।यह बात भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय कहते है।यानी भाजपा ने यह तय कर लिया है की चार वर्ष का सपना दिखाकर युवाओ का भविष्य चौपट कर भाजपा कार्यालय की चौकीदारी कराएंगे।सरकार की नीति नियत सब मे खोट है।कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक रूप से युवाओ के लिए लड़ाई लड़ेगी।युवाओ के सपनो के साथ खिलवाड़ कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नही करेगी।जो रोज सुबह 4 बजकर उठकर देश की सेवा करने के सपनें के साथ दौड़ता है। और हम उन तमाम युवा साथियों के हक के लिए कांग्रेस लड़ेगी।सरकार झुकेगी। उक्त प्रतिनिधि मंडल में पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, पूर्व विधायक अजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह,महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे,जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल,प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खां,प्रदेश सचिव कमलेश ओझा,प्रदेश सचिव इमरान खान,प्रदेश महासचिव देवेन्द्र सिंह,प्रदेश महासचिव सरिता पटेल,जिलाध्यक्ष चन्दौली धर्मेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## कारमाइकेल लाइब्रेरी का वार्षिक चुनाव संपन्न

**वाराणसी।** कारमाइकेल लाइब्रेरी एसोसिएशन मकबूल आलम रोड, हुकुलगंज, वाराणसी कार्यालय के भवन में रविवार को चुनाव अधिकारी डॉ0 विनोद सिंह के देखरेख में वार्षिक चुनाव कराया गया। साधारण सभा की बैठक में सदस्यों ने एक स्वर ध्वनि मत से राजेश कुमार राय को पुन: अध्यक्ष तथा महामंत्री कपिल नारायण पाण्डेय को चुना गया। इसके अलावा सदस्यों ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सतीश कुमार मिश्र, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर रमाशंकर सिंह, मंत्री पद पर सुशील कुमार मिश्र, उपमंत्री पर शैलेष कुमार मिश्र तथा कोषाध्यक्ष पर शिवशंकर दास अग्रवाल को एवं लेखा परीक्षक दीपक कुमार मिततल चुने गये। इसके अलावा 16 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष राजेश कुमार राय ने चुनाव सम्पन्न कराने वाले चुनाव अधिकारी एवं सदस्यों का आभार प्रकट किया। मंत्री सुशील कुमार मिश्र ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों का आह्वान किया कि वे समय-समय पर लाइब्रेरी की बैठक में भाग लेवे एवं संस्थान को दिशा निर्देश दें।

## मऊ में शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़

- यूपी एटीएस व थाना घोसी पुलिस को मिली सफलता, पांच अंतरजनपदीय गिरोह के सदस्य चढ़े हत्थे
- शस्त्र बनाने के औजार समेत अवैध शस्त्र हुआ बरामद

संवाददाता। मऊ

**उत्तर** प्रदेश एटीएस व थाना घोसी कोतवाली पुलिस ने रविवार की सुबह सर्विलांस के माध्यम से प्राप्त सूचना पर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ किया। यूपी एटीएस व थाना घोसी कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रुप से सर्च ऑपरेशन करते हुए घोसी कोतवाली के हमीदपुर से पांच अंतर जनपदीय शस्त्र गिरोह के सदस्यों को भारी संख्या में अर्द्धनिर्मित अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश एटीएस व थाना कोतवाली घोसी पुलिस को कई दिनों से सूचना प्राप्त हो रहा था कि आजमगढ़ एवं मऊ जनपद के कुछ गिरोह के सदस्य अवैध शस्त्र व कारतूस बनाने का कार्य कर रहे हैं। भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक सर्विसलान्स से विकसित करने के उपरान्तउत्तर प्रदेश एटीएस व थाना कोतवाली घोसी ने रविवार की सुबह 7रू30 बजे हमीदपुर में छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान टीम के सदस्यों के पांच अंतर जनपदीय अवैध शस्त्र गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अंतर जनपदीय शस्त्र गिरोह के सदस्यों की शिनाख्त नौसाद अहमद पत्र अमानतउल्लाह निवासी हमीदपुरए थाना घोसी जनपद मऊ ए अमरजीत यादव पुत्र स्वण् बसन्त यादव निवासी छत्तरपुर चकिया थाना जीयनपुरए जनपद आजमगढ़ए विवेक यादव पुत्र हरिलाल यादव निवासी केशवपुर महमूद पट्टी थाना जीयनपुरए जनपद आजमगढ़ए अमन पुत्र चन्द्रजीत निवासी आर्यनगर जीयनपुर







थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ए गिरधारी चौहान पुत्र स्वर्गीय श्री किशुन चौहान ग्राम नुरुल्लाहपुरए थाना मधुबन एजनपद मऊ के रुप में किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में पिस्टलए रिवाल्बरए बंदूकए तमन्चाए आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसे टीम के सदस्यों ने सर्च आपरेशन के दौरान बरामद कर लिया।

### भारी मात्रा में अर्द्ध निर्मित हथियार एवं हथियार बनाने का सामान भी हुआ बरामद

**मऊ।** अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन कुमार ने बताया कि टीम के सदस्यों ने मौके से 32 बोर का चार रिवाल्वरए 32 बोर का एक पिस्टलए 12 बोर एसबीबीएल होम मेड बंदूक एकए 12 बोर का दो तमंचाए 315 बोर का एक तमंचाए 32 बोर खोखा कारतूस सातए एयर गन एकए अर्द्ध निर्मित रिवाल्वर पिस्टल तमंचा के पार्ट बरामद किया। साथ ही साथ शस्त्र बनाने के उपकरण एवं रॉ मटेरियल एक बड़ी व छोटी आरी मय फर्माए लोहे की कटी हुई विभिन्न आकार की 10 प्लेटए दो लोही की हथौड़ीए 10 लोहे की छोटी बड़ी स्प्रिंग ए13 छोटी.बड़ी रेतीए एक पिलासए एक पेचकसए दो लोहे की रिन्चए एक लोहे की सड़सीए दो पत्थर धार लगाने वाला ए दो लोहे की सुम्मीए पांच लोहे की छोटी.बड़ी छिन्नीए एक लकड़ी काटने की आरीए 8 लोहे का छोटा बड़ा कतरनए 3 लोहे की बैरलए एक लोहे का पाईपए दो लोहे का सफाई वाला बफ्र एक चापए एक लोहे का टेपए 3 टप ए 33 अदद लोहे का वर्माए एक लोहे की टेहुनीए एक इलेक्ट्रानिक ड्रील मशीनए एक ग्लाइन्डरए एक बाक मशीनए एक लोहे की भट्टीए एक ड्रिल मशीनए एक इलेक्ट्रानिक ड्रिल मशीन स्टैण्ड भी बरामद किया गया है।

### सफलता हासिल करने वाले टीम के सदस्यों की अपर पुलिस अधीक्षक ने किया सराहना

**मऊ।** अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन कुमार ने मामले का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम के सदस्यों एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ निरीक्षक कमलेश कुमार पासवानए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ हेड कांस्टेबिल विजय कुमारए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ कमलनाथ सिंधियाए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ दिनेश चन्द्र कनौजियाए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ आरक्षी सौम्यशील मौर्यए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ आरक्षी योगेन्द्र चौहानए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ आरक्षी धीरेन्द्र कुमार सिंहए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ आरक्षी अनिल यादवए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ आरक्षी सोमेन्द्र गुप्ताए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ आरक्षी मनीष सिंहए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ आरक्षी राजीव सिंह यादवए एटीएस उत्तर प्रदेश लखनऊ मुख्य आरक्षी चालक रमेश सिंहए प्रभारी निरीक्षक थाना घोसी जनपद मऊ नागेश उपाध्याय समेत थाना घोसी पुलिस टीम में शामिल शिशिर सिंहए शमशेर कुमारए अवनीश यादवए महिला आरक्षी अनुराधाए मनोज कुमार की सराहना किया।

## स्वावलंबी बनी लड़कियां सिलाई मशीन पाकर खिल उठे चेहरे

**वाराणसी।** आर्य महिला पीजी कालेज के सभागार में मन्दिर महंत शंकरपुरी और मुख्य अतिथि भाजपा विधायक व पूर्व राज्यमंत्री डॉ नीलकण्ठ तिवारी ने दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किये। उसके बाद मुख्य अतिथि ने संस्था द्वारा महिलाओ को समाजहित में चलाये गए इस सराहनिय कार्य को बढ़ावा देते हुये सिलाई मशीन दिया गया जिसे पाकर छात्राओ ने कहा कि संस्था का हमेसा आभार प्रकट होगा इससे हम लोगो को आगे बढ़ने का अवसर दिया।सिलाई मशीन एवम प्रमाण पत्र वितरण भी किया गया इस अवसर पर महंत ने कहा की ट्रस्ट एवम मठ मन्दिर समाज हित के लिए अनेको कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी।'प्रथम आने वाले छात्र व छात्रा को लेपटॉप दिया गया।वही दूसरी ओर संस्था द्वारा संचालित नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सत्र पूर्ण होने पर कंप्यूटर प्रशिक्षण डीसीए कोर्स में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रा यसी मिश्रा एवम टैली कोर्स में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र आरिन अग्रहरि को संस्था द्वारा लैपटॉप और प्रमाण पत्र दिया गया।

## पौधरोपण भविष्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं: अजीत चौबे

संवाददाता। सोनभद्र

**रविवार** को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चर्चित कार्यक्रम मन की बात भारतीय जनता पार्टी के विकास खण्ड चतरा के बूथ संख्या 193 नाको मे सूने जाने के साथ ही भाजपा विजयगढ के स्तम्भ रहे स्व0 दूधनाथ चौबे की स्मृति में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे समेत उपस्थित अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा स्व. श्री चौबे जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये जाने के साथ ही आम का पौध लगाकर पौध को सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड लगाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक तन मन धन से अपनी सेवा देने वाले स्व. दूधनाथ चौबे को भुला पाना भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए आसान नहीं है। उन्होंने कहा



कि आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल होने के साथ देश व प्रदेश मे सरकार चला रही है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ चल रही सरकार की योजनाएं बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। आज देश व समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश ही नही दुनिया के सामने पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। जिसके समाधान के लिए पौधरोपण सबसे कारगर उपाय है। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यह पौध जब वृक्ष के रूप में परिवर्तित होंगे तो पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ ही हमें फल व छाया भी प्रदान करेंगे। जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान से कम नहीं होगा इस अवसर पर भाजपा नेता ओम प्रकाश दुबे राज बहादुर सिंह बाबू शास्त्री रवि प्रकाश चौबे गुलाब मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## 125 शिविरों में 75 हजार वनवासियों को बनाया जायेगा स्वास्थ्य व जागरूक: आनंद

संवाददाता। सोनभद्र

**सेवा** समर्पण संस्थान से सम्बद्ध अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के सह संगठन मंत्री आनंद ने जनपद मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव में पूर्वांचल के प्रतिष्ठित 750 चिकित्सकों द्वारा 75000 गिरवासी बनवासी जनजातीय समाज के लोगों को स्वास्थ्य एवं जागरूक बनाने की योजना है। जिसमें जनपद सोनभद्र के सभी न्याय पंचायतों मिर्जापुर चंदौली के सीमावर्ती विकास खंडों तथा बिहार झारखंड मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती गांव में 125 कैंप 1 जुलाई से 5 जुलाई 2022 तक करने का निश्चय लिया गया है। जिसमें उत्कृष्ट चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों द्वारा बनवासी लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक किया जाएगा। जिससे वनवासी परिवार सुचारू रूप से जीवन यापन कर सके। उन्होंने कहा कि जनजाति धर्म संस्कृति



परंपरा को विशेष स्थान देते हुए भारत के संविधान में जनजातियों को विशेष सुविधाएं प्रदान की है। किंतु इन परंपरा को छोड़कर अन्य धर्मों मे गए लोग जो अल्पसंख्यक के साथ-साथ जनजाति आरक्षण को हड़प रहे हैं जिसमें जनजाति समाज के सामने समाज में बराबरी व हिस्सेदारी का संकट खड़ा हो गया है। इसके लिए जनजाति सुरक्षा मंत्र के माध्यम से संपूर्ण देश में जनजाति सूची से बाहर करने का अभियान चलाया जा रहा है अभियान में सभी नेताओं की अखिल भारतीय बैठक 18 19 व 20 अगस्त 2022 को चुनार में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा जयंती 15 नवंबर जनजाति गौरव दिवस पर आयोजित विराट बनवासी समागम में लंबे समय से प्रतीक्षारत अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकार कानून को मूर्त रूप देने के लिए 13 दिसंबर 2005 तक अपनी आजीविका के लिए वन भूमि पर आश्रित होकर खेती बारी व बागवानी से जीवन चला रहे वनवासी समाज के बहुप्रतीक्षित लंबित मामले का निस्तारण करते हुए उन्हें मौलिक अधिकार देने की कार्य योजना पर कार्य चल रहा हैं। उक्त कार्य में सेवा समर्पण संस्थान वन विभाग राज्य विभाग इस काम को पूरा करने के में लगे हुए हैं। जिससे कि आगामी गौरव दिवस पर जनपद के 50,000 वनवासी बंधुओं को एक साथ वन अधिकार का पट्टा दिया जा सके। सह संगठन मंत्री आनंद ने बताया कि 25 दिसंबर 2022 से 2 जनवरी 2023 तक देश का 23वां प्रवासी राष्ट्रीय खेल महोत्सव सेवाकुंज आश्रम सेवा समर्पण संस्थान चपकी सोनभद्र में संपन्न होने जा रहा हैं। जिसमें संपूर्ण देश से 1500 खिलाड़ी तथा 500 कोच समेंत अन्य लोग भाग लेंगे। इस महोत्सव में अन्य विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया जाएगा।

### द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाये जाने पर हर्ष

द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाये जाने पर अखिल वनवासी कल्याण आश्रम से संबंध सेवा समर्पण संस्थान के जिला इकाई की संपन्न हुई। बैठक में केन्द्र सरकार के नितियों की सराहना की गई। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के प्रति संपूर्ण जनजाति समाज की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की गई तथा वक्ताओं ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के साथ-साथ अंत्योदय की अवधारणा अब मूर्त रूप लेने लगी है। जिसका स्पष्ट उदाहरण भावी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू है। संस्था के अमृत महोत्सव काल में सभी का सही न्याय हुआ है।

## 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बडा संदेश है भाजपा की जीत: रमेश मिश्रा

संवाददाता। सोनभद्र

**उत्तर** प्रदेश में सम्पन्न हुए लोकसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि आजमगढ़ व रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन कि भाजपा सरकार के लोक कल्याणकारी नीतियों कि जीत है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं कि पार्टी कार्यकर्ताओं के बल पर ही हम चुनाव जीतते आये हैं। जिस तरह से उत्तर प्रदेश मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुशासन स्थापित किया है उत्तर प्रदेश को भयमुक्त



प्रदेश बनाने से उत्तर प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी कि नितियो से प्रभावित होकर लगातार हो रहे चुनाव मे भरपूर सहयोग देते हुए जीत का सिलसिला बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश मे अब तुष्टीकरण गुण्डागर्दी और जातिवाद के बल पर कोई चुनाव नही जीत सकता। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के बल पर लोकसभा उपचुनाव मे ऐतिहासिक विजय हासिल कि। इस मौके पर पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा ने कहा कि आजमगढ व रामपुर कि जनता के आशीर्वाद से लोकसभा उपचुनाव मे भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली है जनता नें डबल इंजन कि सरकार पर पूर्ण विश्वास जताया है। यह जीत डबल इंजन सरकार की डबल जीत है। और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए एक बडा संदेश है। यह जीत भाजपा के सुशासन का असर है।

## ब्रिक्स गठबंधन

### भारत की स्थिति

**ब्रिक्स** समूह में भारत की उपस्थिति से शी व पुतिन सरकारों को वैधता मिलती है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की चिन्ता सैनिक संबंधों के 'विस्तार' को लेकर है, लेकिन यह चिन्ता वैश्विक शांति व नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध किसी राजनयिक की चिन्ता नहीं है। यह एक अत्याचारी शासक का भय है जो दुनिया के सर्वाधिक शक्तिशाली व खतरनाक दुष्ट राज्य का स्वामी व मालिक है। बीजिंग में ब्रिक्स बिजनेस फोरम की वार्षिक वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने एशिया में अमेरिका द्वारा गठबंधन-निर्माण या दूसरे अर्थों में क्वाड तथा रूस के खिलाफ पश्चिम के व्यापक प्रतिबंधों पर निशाना लगाया। ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधियों व बिजनेस समूहों के इस आयोजन में शी जिनपिंग ने कहा, 'पिछली शताब्दी में मानवता को दो विश्वयुद्धों व शीत युद्ध की काली छाया का सामना करना पड़ा। अतीत की त्रासदियां हमें बताती हैं कि वर्चस्व, समूह की राजनीति तथा गुटों में टकराव से शांति या सुरक्षा नहीं मिल सकती है, उनका नतीजा केवल युद्ध व टकराव हो सकते हैं।' यदि अतीत की त्रासदियों से किसी देश को सबक सीखने की जरूरत है तो वह चीन है। यह ऐसा देश भी है जिसे समझने की जरूरत है कि वर्चस्व, समूह की राजनीति व गुटों का टकराव शांति या सुरक्षा नहीं पैदा कर सकता है। इसे न केवल यह समझने, बल्कि इस दिशा में कार्रवाई की भी जरूरत है कि वह पाकिस्तान व उत्तर कोरिया जैसे दुष्ट राज्यों से गठजोड़ न करे। लेकिन ऐसा नहीं होगा क्योंकि शी



शांति के बजाय अपना वर्चस्व तथा संवाद के बजाय टकराव चाहते हैं। इसी प्रकार उन्होंने यूक्रेन संकट की चर्चा करते हुए इसे 'सारी दुनिया के लिए एक चेतावनी' बताया तथा 'सैनिक गठबंधनों' के विस्तार के खिलाफ गुस्सा उतारा।

ब्रिक्स बैठक से चीन को न केवल अपने झूठ प्रचारित करने का मौका मिला, बल्कि इसने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन को भी अवसर दिया। पुतिन ने यूक्रेन पर बिना किसी उकसावे के हमला करने के कारण अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को आंशिक रूप से बहाल करने का प्रयास किया। अपने वीडियो संबोधन में पुतिन ने कहा कि उनका देश ब्रिक्स देशों तथा अन्य 'विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय साझेदारों' को अपना व्यापार पुन: निर्देशित कर रहा है। कोई आश्चर्य नहीं कि उन्होंने रूस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए विकलांगकारी प्रतिबंधों की निन्दा करते हुए उनको 'राजनीति से प्रेरित' तथा 'सामान्य समझदारी व मूलभूत आर्थिक तर्क के विपरीत' बताया। इस प्रकार ब्रिक्स बैठक का पूरा परिदृश्य भारतीय दृष्टिकोण से एकदम विपरीत था, हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें भाग लिया। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की सरकार के प्रमुख ने भले ही वर्चुअल रूप से हो, पर दो सर्वाधिक खतरनाक तानाशाहों के साथ मंच साझा किया जिसे बहुत से भारतीयों ने पसंद नहीं किया। वास्तव में केवल भारतीय प्रधानमंत्री की उपस्थिति से दो अत्याचारी शासकों को काफी वैधता एवं सम्मान प्राप्त हो गया है। जिस प्रकार जुड़ाव से शर्म का अनुभव हो सकता है, उसकी प्रकार जुड़ाव से वैधता भी मिल सकती है। एक ओर भारत तथा दूसरी ओर चीन व रूस के बीच अंतर पर गौर करें। हालिया समय में भारत ने भारत ने पीपीई किट व वैक्सीनों से दर्जनों देशों की सहायता की है तथा संकटग्रस्त श्रीलंका की मदद की है। दूसरी ओर चीन ने घातक वायरस का निर्यात किया जिसने लाखों लोगों की जान ली तथा रूस ने अकारण ही एक पड़ोसी पर हमला किया। स्पष्ट रूप से कहा जाए तो भारत को ब्रिक्स से बाहर आ जाना चाहिए क्योंकि वहां उसके बने रहने का कोई कारण नहीं है। यही बात गुटनिरपेक्ष आंदोलन के बारे में भी कही जा सकती है।

# मूल्यवान हैं एलआईसी के शेयर

## आईपीओ भले ही विफल रहा हो, पर एलआईसी बीमाधारकों व निवेशकों को समय बीतने के साथ उसमें लगे पैसे का उचित लाभ मिलेगा।

**निर्झर मजूमदार**
(लेखक, बीमा उद्योग विश्लेषक हैं)




बीमा उद्योग इस समय एक दोराहे पर खड़ा है। नियामक लगातार इसके नियमों को बदल रहे हैं। इसके साथ ही बीमा कराने वाले बिजनेस माडल बदल कर परंपरागत मूल्य श्रृंखला में बाधा डाल रहे हैं। विदेशी बीमाकर्ता व पुन:-बीमाकर्ता बिजनेसों में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं। बीमा का बाजार बढ़ रहा है जिसके कारण मंदी जैसी स्थितियों के बावजूद लोगों की समृद्धि भी बढ़ रही है। लेकिन अभी अधिकांश बीमाकर्ताओं की समझ में नहीं आ रहा है कि बीमा बिजनेस का विस्तार अगले स्तर तक कैसे किया जाए। इसी परिदृश्य में एलआईसी ने अपना आईपीओ जारी किया तथा खुदरा व संस्थागत निवेशकों को अपने 3.5 प्रतिशत शेयरों का प्रस्ताव किया। इससे सरकार को बाजार से 21,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने में सफलता मिली। एलआईसी के बिक्री वाले शेयरों में से 10 प्रतिशत पालिसीधारकों व 5 प्रतिशत कर्मचारियों को आबंटित किए गए थे। वास्तव में यह भारत के कार्पोरेट इतिहास में सबसे बड़ा आईपीओ था। शेयर बाजारों में एलआईसी के शेयर दर्ज कराए लगभग एक महीना बीत चुका है। वर्तमान समय में एलआईसी शेयरों का व्यापार उसे जारी करने की कीमत से 30 प्रतिशत नीचे पर हो रहा है। कुछ निराशावादी विश्लेषकों ने बाजार में यह कह कर भय पैदा करना शुरू कर दिया है कि यह बाजार के लिए अशुभ संकेत है। इस लेख में मैं इस गलत धारणा का खंडन करना चाहता हूं। एलआईसी के आईपीओ में निवेश करने वालों को कुछ तथ्यों पर खास रूप से ध्यान देना चाहिए। इस लेख का उद्देश्य एलआईसी बीमाधारकों तथा शेयरधारकों में विश्वास पैदा करना तथा उनको यह आश्वासन देना है कि आने वाले समय में उनको अपने पैसे की उचित कीमत मिलेगी।

आइये गौर करें कि बाजार में अपने प्रतियोगियों को देखते हुए एलआईसी की क्या स्थिति है। इसके पूरे देश में व समाज के सभी वर्गों में ग्राहक हैं। वर्तमान समय में इसकी किताबों में 30 करोड़ इन-फोर्स पालिसियां हैं। दूसरी ओर किसी भी निजी बीमाकर्ता की ग्रामीण भारत में मजबूत उपस्थिति नहीं है क्योंकि उनमें से अधिकांश ने मेट्रो व प्रथम श्रेणी के शहरों में आसान रास्ता चुना है। निजी बीमाकर्ताओं में से किसी की एक करोड़ भी इन-फोर्स पालिसियां नहीं हैं। मेट्रो व प्रथम श्रेणी के शहरों के बाहर अधिकांश भारतीयों ने प्रमुख निजी बीमाकर्ताओं के नाम तक नहीं सुने हैं। उनके जीवन बीमा का अर्थ एलआईसी है। इसके साथ ही एलआईसी करोड़ों गरीब नागरिकों को कम खर्च वाली समूह बीमा योजनाओं से सुरक्षा देता है। कुछ वित्तीय विश्लेषकों ने यह कह कर एलआईसी उत्पादों की निन्दा की है कि ये समुचित रूप से खोजी नहीं है। लेकिन तथ्य यह है कि सभी बीमाकर्ताओं के उत्पाद काफी सीमा तक खोजी हैं। ऐसे में यह देखना भी महत्वपूर्ण है कि बीमाकर्ता अपने उत्पाद बाजार में कैसे बेचते हैं। इस दृष्टिकोण से भी एलआईसी अपने प्रतियोगियों से बहुत आगे है। एलआईसी सभी प्रकार के उत्पाद बड़ी संख्या में बेचता है जिसमें इन्डाउमेंट, टर्म, आजीवन बीमा या एनुअटीज़ शामिल हैं। दूसरी ओर निजी बीमाकर्ता अपनी प्रमुख आय का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा केवल यूलिप बेच कर प्राप्त करते हैं। हालांकि, यूलिप अनिवार्य रूप से अनिच्छित उत्पाद नहीं हैं, पर वे बीमा के बजाय ज्यादा निवेशोन्मुख हैं। भारतीयों को निवेश उत्पादों की तुलना में ज्यादा संरक्षण, बचत व एनुअटी उत्पादों की जरूरत है जिनमें बीमा के भी कुछ तत्व हों। एलआईसी ज्यादा संरक्षण-बचत वाले उत्पाद बेचती है और वह बीमा के लाभों को देश के सुदूर कोनों तक पहुंचाती है। हमें बिजनेस के कुछ तकनीकी पक्षों पर भी थोड़ा विचार करना होगा। इम्बेडेड वैल्यू-ईवी को भावी मुनाफों के साथ एडजस्ट किए नेट असेट वैल्यू के रूप में परिभाषित किया जाता है। आईपीओ लांच के पहले एलआईसी का ईवी 5.4 लाख करोड़ माना गया था। इसका अनुमान भावी मौतों, खर्चों तथा ब्याज दरों के आधार पर किया गया था। बीमाकर्ताओं तथा उनके सलाहकारों ने इन आयामों पर काफी संकुचित दृष्टिकोण से विचार किया है। हालांकि, कुछ सीमा तक खर्चों को छोड़ कर ये सभी मूलभूत मूल्यांकन कमोबेश सभी बीमाकर्ताओं के लिए समान होते हैं। क्या इससे कोई फर्क पड़ता है?

मेरे विचार से बीमाकर्ताओं का निरंतरता अनुपात बीमाकर्ताओं का ईवी सुनिश्चित करने में खास भूमिका अदा करता है। यह बात खासकर 61 महीने की निरंतरता के बारे में सही है। एलआईसी के लिए यह अनुपात पालिसियों के कार्यकाल का 48 प्रतिशत है। इस दृष्टिकोण से उद्योग का औसत 33 प्रतिशत तथा प्रीमियम के काल में 59 प्रतिशत है। यह वैश्विक मानकों के बहुत निकट है। एलआईसी के संतोषजनक परसिस्टेंसी अनुपात का अर्थ है कि भविष्य में प्रीमियम आमदनी का सतत प्रवाह बना रहेगा जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त धन काफी मात्रा में उपलब्ध होगा। यदि अतिरिक्त धन काफी हो तो उच्च डिविडेंट तथा शेयरों का मूल्य अधिक होगा।

हालांकि, कोई भी निजी बीमाकर्ताओं के योगदान को कम करके नहीं देखेगा। लेकिन जनता को कुछ तथ्य जानने की आवश्यकता है जो देश भर में उद्योग का प्रभुत्व स्पष्ट करते हैं। एलआईसी का सम्मान केवल इस कारण नहीं है कि इसका बाजार में 66 प्रतिशत हिस्सा है, बल्कि यह देश भर में सभी जगह उपस्थित है। इससे आम लोगों का बीमाकर्ता के कार्यालयों में पहुंचना आसान है। इसके आपरेशनों की पहचान ईमानदारी व निष्ठा है। कर्मचारी अपनी ड्यूटी पूरी प्रतिबद्धता से निभाते हैं तथा संगठन ने अपनी स्वच्छ छवि इस परिदृश्य में भी बनाए रखी है जब अनेक निगम बार-बार वित्तीय घोटालों में फंसते दिखे हैं। एलआईसी एक ऐसा संगठन है जिसने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के सबसे खराब समय में भी अपने कार्यालयों में भौतिक उपस्थिति के साथ काम किया है। उसने हमेशा अपने करोड़ों पालिसीधारकों तथा एक मिलियन से अधिक एजेंटों के हितों का ध्यान रखा है।

आइये अब एलआईसी के शेयर मूल्यों में उतार-चढ़ाव पर चर्चा करें। जैसा कि मैंने पहले ही उल्लेख किया है, कुल बिक्री वाले शेयरों के केवल 10 प्रतिशत शेयर पालिसीधारकों तथा 5 प्रतिशत कर्मचारियों को बेचे गए हैं। अधिकांश शेयर प्रमुख निवेशकों को बेचे गए हैं। इसलिए पालिसीधारकों तथा जनता में और एलआईसी के आईपीओ में निवेश करने वालों के विश्वास में पूरी तरह अंतर है। निवेशकों के एक हिस्से का विश्वास है कि आईपीओ की कीमतें अधिक रखी गई थीं और ये कीमतें संगठन के मूल आयाम सामने आने के बाद और गिरी। वे इस अफवाह से भी प्रभावित हैं कि अन्य निवेशक अपने शेयर लाक-इन समय के बाद फौरन बेच देंगे। इस प्रकार के अनेक नकारात्मक प्रचार के कारण शेयर की कीमतों में तेजी से गिरावट आई। लेकिन एलआईसी जैसे वित्तीय रूप से मजबूत संगठन के शेयरों में गिरावट की एक सीमा है। हमें इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य याद रखने चाहिए। एक बार वारेन बफे ने कहा था, 'अल्पकालीन रूप से शेयर एक स्लाट मशीन की तरह काम करते हैं, पर दीर्घकालीन रूप से वे भार लेने वाली मशीन की तरह काम करते हैं।' अब एलआईसी के शेयरों का मूल्य अनियमित रूप से उतार-चढ़ाव का सामना कर रहा है जो मुख्यत: मांग व सप्लाई की शक्तियों द्वारा निर्धारित है। लेकिन इन अनियमित परिवर्तनों का प्रयोग शेयरों का दीर्घकालीन मूल्य निर्धारित करने के लिए नहीं हो सकता है।

दीर्घकालीन रूप से कंपनी का मूल्य स्थिर रहता है, भले ही शेयरों के व्यापारी शेयर बाजार में रोज चाहे जो करें। दीर्घकालीन रूप से शेयरों का मूल्य कंपनी के अंतर्निहित मूल्य पर निर्भर करेगा। यह बात सभी बाजारों तथा सभी प्रकार के शेयरों के लिए सही है। एलआईसी की वार्षिक रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और निवेशक उसका मूल्यांकन कर सकते हैं। दुनिया के सभी सफल निवेशक वित्तीय व औद्योगिक डेटा की समझदारी का कौशल विकसित करते हैं। वे धैर्यपूर्वक किसी कंपनी का उचित मूल्य सामने आने की प्रतीक्षा करते हैं। सभी भारतीय जानते हैं कि एलआईसी किन उद्देश्यों के साथ खड़ी है।

इस संगठन ने 1956 में अपने गठन के बाद से 66 साल की यात्रा में अनेक तूफानों का सामना किया है। निश्चित रूप से संगठन के एक बिजनेस माडल की आवश्यकता है ताकि उसमें परिवर्तन किया जा सके। वह इस दिशा में पहले से काम कर रहा है। अंतत: हमें यह याद रखने की भी आवश्यकता है कि सभी विश्लेषक निवेशकों को भ्रमित करने का काम नहीं करते हैं। जे.पी. मोर्गन ने हाल ही में जारी एलआईसी पर अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बाजार एलआईसी की शक्ति समझने में विफल रहा है। इम्बेडेड वैल्यू रेशियो का मूल्य कम है जो यथार्थ से परे है। इसका अर्थ है कि एलआईसी पालिसीधारकों व निवेशकों को समय बीतने के साथ अपने पैसे की उचित कीमत मिलेगी।

# भारत की कीमत पर पाक-अमेरिका साझेदारी

**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका, पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)



अतीत पर गौर करें तो पाकिस्तान ने साम्यवाद का विकास रोकने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वह इस अर्थ में हमेशा अमेरिका की सहायता करता रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने हाल ही में 'अमेरिका-पाकिस्तान साझेदारी' को इस ढंग से आगे बढ़ाने के पक्ष में टिप्पणी की, जो उनके 'पारस्परिक हितों' को साधता है। कहीं अन्य, सीएनएन न्यूज18 टाउन हॉल में, एस जयशंकर ने कहा कि 'पाकिस्तान के साथ भारत की बहुत सारी समस्याएं सीधे तौर पर उस समर्थन के कारण हैं जो संयुक्त राज्य अमेरिका ने पाकिस्तान को दिया है।' पाकिस्तान को अमेरिकी समर्थन और भारत की समस्याओं के बीच की कड़ी पर पुन:विचार करने की जरूरत है।

सैद्धांतिक रूप से, महाशक्तियों को आकर्षित करने की कमजोर देशों की ताकत अच्छी तरह से स्थापित हो चुकी है। कमजोर राज्य अपना बचाव नहीं कर सकते। नतीजतन, वे अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और भू-रणनीतिक स्थान के बदले में वित्तीय और सैन्य सहायता चाहते हैं। पाकिस्तान ऐसा ही एक राज्य है। सोवियत संघ के नेता स्टालिन ने पहली बार 1949 में पाकिस्तान के प्रधान मंत्री लियाकत अली खान को मास्को आने का निमंत्रण दिया। एक इस्लामिक राज्य और साम्यवादी सोवियत के बीच मूलभूत अंतरों ने उसमें रोकथाम की, इसलिए, पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया और साम्यवाद के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

1955 तक, पाकिस्तान दो क्षेत्रीय रक्षा संधियों, दक्षिण पूर्व एशिया संधि संगठन और केंद्रीय संधि संगठन (बगदाद संधि) में शामिल हो गया था। 1955 से थोड़ा पहले, 1953 में, जब अयूब खान ने तुर्की का दौरा किया, तो उन्होंने डलेस के 'नार्दर्न टायर डिफेंस पैक्ट' को दोहराया था, जिसमें कि दोनों देश एक प्रमुख स्थान पर काबिज होंगे। बाद में 1954 में, तुर्को-इराकी समझौते (बगदाद संधि) ने तुर्को-पाक योजना का स्थान लिया।

नतीजतन, 1953 से 1961 तक, इस्लामाबाद को अमेरिकी सहायता में लगभग 2 बिलियन डॉलर मिले, इसमें एक-चौथाई सैन्य सहायता थी। इस डेटा के अलावा, स्टॉकहोम पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) से प्राप्त जानकारी से संकेत मिलता है कि 1955 से 1959 तक, अमेरिकी हथियारों का निर्यात 1.02 बिलियन डॉलर था। जब इसे पाकिस्तान की तत्कालीन वित्तीय स्थिति के साथ जोड़ा जाए, तो अमेरिकी सहायता और अमेरिकी हथियारों के निर्यात के दुष्चक्र के मजबूत संकेत सामने आते हैं। दोनों के बीच उभरते संबंधों में, लोकतांत्रिक गुटनिरपेक्ष देश, भारत की मुख्य सुरक्षा चिंताओं को दरकिनार कर दिया गया।

भारत के जोरदार विरोध पर, आइजनहावर द्वारा नेहरू को मौखिक आश्वासन दिया गया था कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान की आक्रामकता के मामले में अमेरिका स्थिति पर नजर रखेगा। इस प्रकार, हालांकि भारत आदर्शवादी रूप से गुटनिरपेक्ष नीति का पालन कर रहा था, मगर पाकिस्तान सैन्य सहायता के बदले अपने भू-रणनीतिक स्थान पर कठिन सौदेबाजी कर रहा था। सामरिक विशेषज्ञों के अनुसार 1951-60 के दौरान पाकिस्तान को मिली समूची विदेशी सहायता का लगभग अस्सी फीसदी हिस्सा अमेरिका से आया। 1960 के दशक से 1970 के दशक के अंत तक की एक संक्षिप्त अवधि थी जब पाकिस्तान को अमेरिकी सहायता कम हो गई थी।

1979 में अफगानिस्तान पर सोवियत आक्रमण ने पाकिस्तान को फिर से अमेरिका से अधिक सहायता पाने का मौका दिया। अफगान युद्ध में पाकिस्तान की भूमिका के बदले में, पाकिस्तान को 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता की पेशकश की गई थी। इसे 1980 में जिया-उल-हक शासन द्वारा खारिज कर दिया गया था और इसे 'मूंगफली के दाने' के बराबर का दर्जा दिया गया था। हक की नजर एफ-16 पर थी, जो बाद में इस्लामाबाद को मिले। इस प्रकार, 1983 से 1990 तक, पाकिस्तान को 1,000 स्टिंगर मिसाइलों के साथ 3.73 बिलियन डॉलर की सैन्य सहायता मिली, और अमेरिकी हथियारों की बिक्री का घटक 2.2 बिलियन डॉलर था। यह वही दौर था जब कश्मीर में पाकिस्तान का छद्म युद्ध शुरू हुआ था, जिसमें कश्मीरी हिंदुओं का नरसंहार भी शामिल था।

साथ ही, क्षेत्रीय स्तर पर, कई सुरक्षा विशेषज्ञ तालिबान के जन्म का श्रेय आईएसआई और अमेरिकी एजेंसियों को देते हैं। अगर अमेरिका की सहायता न होती तो पाकिस्तान भारत और उसके अन्य पड़ोसियों जैसे अफगानिस्तान और ईरान के खिलाफ इतना आक्रामक नहीं होता। इस प्रकार, पाकिस्तान और अमेरिका के बीच संबंध हमेशा एक संरक्षक-ग्राहक राज्य पर आधारित रहे हैं, जिसमें अमेरिका के भू-राजनीतिक हितों की सेवा के लिए विदेशी या सैन्य सहायता दी जाती है।

शीत युद्ध के बाद के दौर में, पाकिस्तान अपने परमाणु परीक्षणों के कारण प्रतिबंधों के दौर से गुजर रहा था और उसे किसी भी सैन्य सहायता से वंचित कर दिया गया। हालांकि, अमेरिका में 9/11 के हमलों ने पाकिस्तान को फिर से वाशिंगटन की दक्षिण एशिया नीति में सबसे ऊपर ला दिया। सिपरी के आंकड़ों के अनुसार, 2002-14 के दौरान, एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी के रूप में पाकिस्तान को 5.81 बिलियन डॉलर की सैन्य सहायता मिली और जिसमें हथियारों की बिक्री का हिस्सा 3.2 बिलियन डॉलर था। यह वही दौर था जब नंदीमार्ग हत्याकांड और मुंबई हमले हुए थे। इन सभी हमलों के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया गया था। भारत ने 'सबूत' एकत्र किये और अमेरिका को दिये, इस उम्मीद में कि अमेरिका इसे स्वीकार कर ले और भारत की मदद करे। भारत को शायद ही इस बात का एहसास था कि राष्ट्रीय हितों की भूराजनीति, सैन्य सहायता और हथियारों का व्यापार एक दूसरे से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए कारक हैं। इसलिए अमेरिका द्वारा पाकिस्तान पर कभी भी 'आतंकवादी राज्य' का ठप्पा नहीं लगाया गया था। अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा अमेरिका की पीठ में छुरा घोंपने के बाद ही पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अमेरिका की गलती का एहसास हुआ और 2018 में टिप्पणी की कि उसने 'मूर्खतापूर्ण' सहायता दी और उसे बदले में, केवल 'झूठ और छल' मिला।

आज आतंकवाद के खिलाफ वाशिंगटन की जीरो टॉलरेंस की नीति और अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा पीठ में छुरा घोंपने के बावजूद, अमेरिका पाकिस्तान को फिर से शामिल करने के लिए तैयार है, जो भारत के हितों को नुकसान पहुंचाएगा। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए भारत भी बदल रहा है। रक्षा क्षेत्र में रणनीतिक स्वायत्तता और आत्मनिर्भर भारत का युग्मन संरक्षक-ग्राहक संबंधों की भूराजनीति का उत्तर है।

## आप की बात

### शिवसैनिकों की दुविधा

**जिसके** संस्थापक बालाजी ठाकरे ने अपने जीते जी कभी भी सिद्धान्तों से समझौता नहीं किया। वो शेर की तरह जिये शेर की तरह मरे। उन्होंने कभी भी सत्ता का मोह नहीं किया। किन्तु दुर्भाग्य से उनका पुत्र सत्ता के लोभ में इतना गिर गया कि उन्हीं की गोद में जा बैठा जिन्होंने उसके पिता को गालियां दी थीं। जिन्होंने भगवा व हिन्दू आतंकवाद का नया विमर्श समाज को थोपा। जो शिवसेना बालाजी के जीवनकाल में हिंदुत्व का पर्याय बनकर ज़िंदा रही उसी शिवसेना ने कुर्सी के लिए अपने मूल सिद्धांत 'हिंदुत्व' की बलि दे दी। यदि एकनाथ शिंदे ने बगावत न की होती तो उद्धव गोल टोपी ओढ़कर मज़ारों पर भी चादर चढ़ाने चले जाते। सत्ता के लिये उद्धव जितना गिरे हैं उतना तो कांग्रेस भी नहीं गिरी क्योंकि कांग्रेस ने अपनी तुष्टिकरण की नीति अभी भी नहीं छोड़ी है। वास्तविकता तो यह है कि महाराष्ट्र में सरकार उद्धव की नहीं शरद पवार व सोनिया की थी। वास्तव में सच्चा शिवसैनिक गत ढाई वर्षों से घुटन महसूस कर रहा था जिसने अब खुली हवा में सांस ली है। देखना होगा कि कितने शिवसैनिक उद्धव ठाकरे का समर्थन करने के लिए बचते हैं।

**-यशस्वी टोंक**, मेरठ

### नवजातों से अन्याय

**दुनिया** में करोड़ों लोग है जिनके पास संतानें नही हैं। वे संतान का सुख पाने के लिये देवी देवताओं, धार्मिक स्थलों और अस्पतालों के चक्कर लगाते फिरते है। लेकिन उन्हें संतान का सुख नहीं मिलता। आज सड़कों के किनारे, रेलवे लाइन के किनारे, झाड़ियों-पार्कों, कूड़े के ढेरों में, बोरे में भरकर और कुछ तो उन्हें लकड़ी के बक्से में रख कर नदियों में बहा देते है। अवैध प्रेम संबंधों से पैदा होने वाले बच्चों को लोकलज्जा के कारण इस तरह फेंकना सभ्य समाज के लिये चिन्तनीय बात है। जब हर क्षेत्र में विज्ञान प्रगति के दर्शन हो रहे है। फिर को मनुष्य आधुनिक साधनों का उपयोग कर इन नवजातों को गर्भ में आने ही नहीं देना चाहिये। गर्भ निरोधकों की जानकारी आज सबको है। फिर समाज में इस तरह नवजातों को मौत के मुंह में नहीं फेंका जाना चाहिये। प्राचीन काल से सन्तानो को फेंकने की कथाएं प्रचलित है। उनसे समाज को प्रेरणा लेने की जरूरत है। मां का स्थान सर्वोच्च है। वह मां कुमाता बनकर अपनी ही संतान को मौत के मुँह में फेकने का अपराध करे। तो वह निंदनीय है। समाज को चेतना होगा। नवजातों को फेकना सभ्य समाज मे कलंक की बात है।

**-कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव


### आपातकाल की याद

**25 जून 1975** आधीरात को सारे विपक्षी नेता नजरबन्द, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ताले, सहमा-सहमा पूरा भारत और उसके बाद 19 महीने तक बंद नेताओं से दुर्व्यवहार के साथ ही इंदिरा इज इण्डिया ही चलता रहा, जब तक जयप्रकाश नारायण की क्रांति ने इंदिरा शासन को बुलंद आवाज के जरिये नहीं झकझोरा। आपातकाल उस समय आमजनता से ज्यादा विपक्षी नेताओं व उनके परिवार के लिए आफत ही बना रहा। जिसने भी आपातकाल की मुसीबतों को झेला उसका दिल ही जानता है। बिहार से जेपी की क्रांति ने आखिर इंदिरागांधी का तानाशाही सिंहासन हिला दिया और विपक्षी एकता के आगे सख्त व जिद्दी शासनाध्यक्ष को झुकना ही पड़ा। फिर जनमानस के जूनून से लोकतंत्र की हवा बही, चुनाव हुए और विपक्षी एकता से देश में नया सूर्योदय हुआ। इंदिरा गांधी को सिंहासन खाली करना पड़ा व मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी ने देश की बागडोर संभाली। उम्मीद करनी चाहिए कि देश में वैसा अंधेरा युग फिर कभी नहीं आएगा।

**-शकुंतला महेश**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**ब्रिक्स** वैश्विक महामारी के बाद दुनिया के सुधार में सहायता कर सकता है। परस्पर सहयोग ने सभी नागरिकों को लाभ पहुंचाया है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**पश्चिम** संकट पैदा कर रहा है। विश्व अर्थव्यवस्था का बुरा हाल देशों के स्वार्थ के कारण है।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**शीतयुद्ध** की मानसिकता समाप्त होनी चाहिए। ब्रिक्स को प्रतिबंधों का विरोध करना चाहिए।

– **शी जिनपिंग**
चीनी राष्ट्रपति

### आजमगढ़ और रामपुर में जीत पर जश्न का माहौल

# झूम उठे भाजपाई, फूटे पटाखे

## ● जनता का विश्वास पीएम मोदी के साथः गणेश केसरवानी


जीत पर जश्न मनाते भाजपाई।

**प्रयागराज।** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आज आजमगढ़ और रामपुर की लोकसभा संसदीय सीट की जीत पर जश्न मनाया। भाजपा चौक मंडल की कार्यसमिति की बैठक ठाकुर दीन हाथा के परिसर में आयोजित हुई। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि उप्र की रामपुर और आजमगढ़ की लोकसभा के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत यह सिद्ध करती है की जनता का विश्वास मोदी जी भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा कि सपा के गुंडाराज से त्रस्त होकर जनता ने उन्हें ताबूत में बंद कर दिया है और विकास की गति को देने वाली उत्तर प्रदेश में गुंडों और दंगाइयों को सफाया करने वाली और रामराज्य का सपनों को साकार करने वाली पार्टी भाजपा को अपनाया है। बैठक में महापौर अभिलाषा गुप्ता ने आगामी नगर निगम के चुनाव को लेकर बूथ को और मजबूत बनाने के लिए कहा। मुख्य वक्ता मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने कहा कि अंत्योदय के पथ पर चल के समाज के निर्बल कमजोर लोगों के सपनों को साकार कर रही है। उनकी मूलभूत सुविधाएं उनके घर घर तक पहुंचा रही है और भारत और भारत की संस्कृति को परम वैभव तक पहुंचाते हुए देश विरोधियों और दंगाइयों को उनको उन्हीं की भाषा में जवाब देने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा के उप चुनाव में रामपुर और आजमगढ़ की लोकसभा की सीट पर भाजपा का कमल खिलने पर धूम धड़ाके के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए जश्न मनाया। बैठक की अध्यक्षता चौक मंडल अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा ने की संचालन सुमित वैश्य ने किया। बैठक में नवरत्न कात्याल राम जी केसरवानी विवेक अग्रवाल राजेश केसरवानी, अनिल केसरवानी, विष्णु त्रिपाठी, शिखा खन्ना, सुनीता चोपड़ा, अमित गुप्ता, श्याम जी अग्रवाल, लता उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, प्रदीप पांडेय, शिव मोहन गुप्ता, मधुसूदन निषाद, गौरी शंकर वर्मा, नितिन कुमार, आनंद कांत मिश्रा, विश्वास श्रीवास्तव, अरविंद गुप्ता, आकाश चौरसिया, कमलेश कुमार, राजू गुप्ता, राजकुमार, सोनी, पूनम अग्रवाल, आकाश कुमार गुप्ता, विमलेश कुमार आदि सैकड़ों मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को किया और मजबूत

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**आरओजी** आसुस रिपब्लिक ऑफ गेमर्स ने अपने आरओजी इकोसिस्टम के लिए भारत में आज फ्लो ज़ेड को आरओजी फ्लो ज़ेड तेरह के लांच के साथ पेश किया। जो इंडस्ट्री का पहला डिटेचेबल टू इन वन गेमिंग टैबलेट है। टैबलेट को रिफ्रेश टीयूएफ डैश एफ पंद्रह दो हजार बाइस मॉडल के साथ लांच किया गया है। अर्नोल्ड सु बिजनेस हेड कंज्यूमर और गेमिंग पीसी सिस्टम बिजनेस ग्रुप आसुस इंडिया ने कहा आसुस में यूज़र्स को सबसे अधिक इमर्सिव और इंडस्ट्री लीडिंग प्रोडक्ट्स डिलीवर करने के लिए हमारे डिज़ाइन और इनोवेशन स्टोरी में लगातार क्रांति लाने में विश्वास करते हैं। फ्लो ज़ेड तेरह के साथ एक्सजी मोबाइल के साथ संगत अधिक डिवाइसेस लॉन्च करके कम्युनिटी में अधिक यूज़र्स को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

# संभव अभियान का हुआ शुभारम्भ



**अम्बेडकरनगर।** सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में अभियान का शुभारंभ बाल विकास परियोजना अकबरपुर के आंगनबाड़ी केंद्र पसिया पारा में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा द्वारा किया गया। संभव अभियान 2022 का उद्देश्य सैम, मैम बच्चों के चिन्हांकन के साथ ही उनके पोषण संवर्धन हेतु जनभागीदारी बढ़ाते हुए माह जुलाई में स्तनपान को प्रोत्साहन, अगस्त में ऊपरी आहार को बढ़ावा देना तथा जीवन की 1000 दिन की महत्ता में जन सामान्य को जागरूक करना तथा माह सितंबर में बीमारी से बचाव तथा एनीमिया से प्रबंधन पर फोकस करते हुए जन जागरूकता फैलाती हैं जिनसे जनपद अंबेडकरनगर को कुपोषण से मुक्त दिलाई जा सके। इसी कड़ी में संभव अभियान 2022 के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम सभा पसिया पारा में 78 बच्चों का वजन और लंबाई/ऊंचाई लेते हुए सैम/मैम बच्चों का चिन्हांकन किया गया। इसी प्रकार जनपद के सभी 2551 आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन सप्ताह (25-30 जून) के अंतर्गत वजन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसका सर्वेक्षण समस्त मुख्य सेविका, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य सहयोगी अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों का सत प्रतिशत वजन लेते हुए चिन्हाकन किए गए।सैम/मैम बच्चों को बी.एच.एस.एन.डी सर्तो पर निकटतम पी एच सी/सी एच सी पर फॉलोअप भी कराएं। साथ ही जो बच्चे कुपोषित पाए जाए उसे कन्वर्जेंस विभाग के सहयोग से स्वच्छ पेयजल, शौचालय की सुविधा, राशन कार्ड एवं जॉब कार्ड के माध्यम से योजनाओं से आच्छादित भी किया जाए।

# अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और ओलम्पियाड टार्च रैली समारोह कल

**अयोध्या।** कैबिनेट मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र, नगरीय रोजगार एवं ग्रामीण उन्मूलन, उर्जा मंत्री उप्र अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा 28 जून 2022 को प्रात: 07 बजे राम की पैडी अयोध्या में अखिल भारतीय शतरज महासंघ प्रथम शतरंज ओलम्पियाड टार्च रैली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप तथा सांसद अयोध्या लल्लू सिंह जी व मा. महापौर ऋषिकेश उपाध्याय जी द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उक्त समारोह में मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय द्वारा प्रतिभाग किया जायेंगा। उक्त जानकारी एडीएम नगर सलिल पटेल ने देते हुये बताया कि भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा दिनांक 28 जुलाई 2022 से 10 अगस्त 2022 तक चेन्नई (तमिलनाडु) में 44वें शतरंज ओलम्पियाड प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। शतरंज खेल को बढावा देने तथा उसके प्रचार प्रसार हेतु टार्च रैली का आयोजन किया जा रहा। यह टार्च रैली 27 जून को सड़क मार्ग से वाराणसी से चलकर जनपद अयोध्या में अपरान्ह में पहुँचकर सर्किट हाउस में रूकेगी और दिनांक 28 जून 2022 को कार्यक्रम के उपरान्त जनपद गोरखपुर के लिये प्रस्थान करेगी। टार्च रैली 28 जून को सर्किट हाउस पुलिस लाइन तिराहा से रिकाबगंज चैराहा से नियावां चैराहा से गुदड़ी बाजार चैराहा से आंख अस्पताल तिराहा अमानीगंज तिराहा से गुप्ता होटल.टेढ़ी बाजार श्रीराम अस्पताल तिराहा से श्रृंगारहाट तिराहा नयाघाट चैराहा होते हुये राम की पैड़ी पहुचेगी जहां मुख्य अतिथि द्वारा समारोह में खेल को प्रोत्साहित किया जायेंगा। तत्पश्चात जनपद की सीमा होते हुये जनपद गोरखपुर को प्रस्थान करेगी। उन्होंने सभी सम्बन्धितों से आवाहन किया है कि राम की पैडी पर आयोजित समारोह में प्रात: 6:30 बजे तक अपना.अपना स्थान ग्रहण करें।

# योजनाओं का क्रियान्वयन व प्रचार आवश्यकः कमिश्नर

## ● सेंट एन्थोनी स्कूल में आज हुई सभी बोर्डों के प्रधानाचार्यों की बैठक
## ● विद्यालय खुलने पर अभिभावकों को दी जाएगी योजनाओं की जानकारीः डीआईओएस

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज


बैठक में मौजूद कमिश्नर, सीडीओ डीआईओएस और अन्य अधिकारी।

**प्रदेश में** शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की ओर से लागू की गई योजनाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने और पठन पाठन के स्तर में वृद्धि लाए जाने के क्रम में रविवार को सेंट एंथोनी गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज के सभागार में जनपद के सभी बोर्डों के प्रधानाचार्य की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रयागराज के कमिश्नर संजय कुमार गोयल ने की। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज आर एन विश्वकर्मा ने अध्यक्षता कर रहे कमिश्नर संजय कुमार गोयल को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस मौके पर कमिश्नर संजय कुमार गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने माध्यमिक शिक्षा विभाग में संचालित सभी प्रमुख योजनाओं कन्या सुमंगला मिशन शक्ति मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना छात्रवृत्ति योजना राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान एवं प्रोजेक्ट अलंकार के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। सरकार की मंशा है कि सभी को सजग रहकर उक्त योजनाओं का शत प्रतिशत प्रचार प्रसार करना है। जिला विद्यालय निरीक्षक आर एन विश्वकर्मा ने कहा कि जुलाई में विद्यालय खुलने पर अभिभावकों की बैठक प्रार्थना सभा बाल सभा एनसीसी स्काउट के प्रशिक्षण सत्रों में पीपीटी हैंड बिल सूचना पट पर सूचना देकर इन योजनाओं का क्रियान्वयन एवं प्रचार सुनिश्चित किया जाना है।

डीआईओएस ने यूपी बोर्ड की परीक्षा फल की चर्चा करते हुए शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने हेतु तमाम साधनों के द्वारा बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी संकल्प दोहराया।

मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने कहा कि सरकार की योजनाएं विद्यालय स्तर पर छात्रों अभिभावकों के बीच आप सभी के माध्यम से शत प्रतिशत क्रियान्वित हो न केवल क्रियान्वित हो वरन छात्रों को मोटिवेशन भी मिले। सीडीओ शिपू गिरी ने कई उदाहरण देते हुए योजनाओं की सफलता के लिए विद्यालयों की भूमिका को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह लाल बाबू मौर्य डॉ बीएस यादव के के त्रिपाठी अनुज त्रिपाठी उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन प्रभारी उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक नरेंद्र शर्मा ने ज्ञापित किया।

## क्विक न्यूज

### बीज दुकानों पर पुराने और न जमाव वाले बीजों की हो रही बिक्रीः अमित सिंह



**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला मंत्री अमित सिंह ने जनपद के बीज की दुकानदारों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जनपद के बीज की दुकानों में पुराने और नहीं जमने वाले बीजों का विक्रय कर किसानों के साथ धोखा धड़ी किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि किसान को सीजन में धान की बीज को पुराना दिया जा रहा है जिसके कारण उसका बेरन मे जमाव नहीं होने के कारण किसानों को क्षति उठाना पड़ रहा है।भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री अमित सिंह ने कहा है कि जिला कृषि अधिकारी को जनपद के बीज की दुकानों पर किसान हित में अविलंब बीजों की जांच कर किसानों की शोषण और नुकसान को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय समय पर बीज की दुकान की जांच किया जाना चाहिए जिससे किसानों का शोषण रोका जा सके और प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी किए जाने पर पलीता नहीं लगे।राजेपुर धावा निवासी किसान हितेंद्र सिंह उनके साथ आए दर्जनों किसानों ने किसान मोर्चा जिला मंत्री अमित सिंह से धन की बीज में जमावट नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई है।

### विद्युत चेकिंग और राजस्व वसूली अभियान जारी



**अम्बेडकरनगर।** एक मुश्त समाधान योजना के तहत बसखारी के उपखण्ड अधिकारी आमोद कुमार कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता गणेश प्रजापति, लाइनमैन रणधीर, नेबुलाल, अमरनाथ, संदीप तिवारी के तत्वाधान में शुकुलबाज़ार फीडर के अंतर्गत आने वाले गावो में सघन विद्युत चेकिंग एवं राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। रविवार को शुकुलबाज़ार में आयोजित कैम्प में उपभोक्ताओं ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ लेने के लिए काउंटर पर आवश्यक जानकारी लेते दिखे। ओटीएस कैम्प में सैकड़ो उपभोक्ताओं से लगभग 3 लाख 60 हज़ार का राजस्व भी वसूली की गई। चेकिंग के दौरान लोगों को अवगत कराया गया कि वर्तमान में एक मुश्त समाधान योजना लागू है जिसमें घरेलू निजी नलकूप एवं 05 किलोवाट भार तक वाणिज्यिक उपभोक्ता अप्रैल-2022 तक के शत-प्रतिशत ब्याज माफी का लाभ ले सकते हैं। उपखण्ड अधिकारी आमोद कुमार ने अवगत कराया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा विद्युत बीजकों का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं की विद्युत लाइन काटते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही भी की जायेगी।

# उत्तर प्रदेश राज्य कबड्डी संघ का चुनाव संपन्न

## ● अयोध्या के विकास सिंह अध्यक्ष व वाराणसी के राजेश महासचिव निर्वाचित
## सांसद लल्लू सिंह को चुना गया चेयरमैन, सर्वसम्मति से हुआ निर्वाचन




**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ की वार्षिक कार्यकारिणी की बैठक में सांसद लल्लू सिंह को चेयरमैन, विकास सिंह को अध्यक्ष व राजेश कुमार सिंह यादव को महासचिव के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए। अयोध्या के एक स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित राज्य कबड्डी संघ की बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के सचिव व अध्यक्ष ने चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लिया राज्य संघ के चुनाव में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ की तरफसे परमेंद्र सिंह व खेल विभाग की तरफ से मोहम्मद इरफान पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे चुनाव अधिकारी प्रयागराज हाई कोर्ट के अधिवक्ता श्रीनिवास राय थे।

वार्षिक सामान्य कार्यकारिणी की बैठक में सर्वप्रथम चेयरमैन के पद पर अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया इसके उपरांत संघ के अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष विकास सिंह के प्रति सदन ने पूरी आस्था एवं विश्वास जताते हुए एक बार पुन: उन्हें राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा इसी क्रम में महासचिव के पद पर वाराणसी के राजेश कुमार सिंह सामान्य कार्यकारिणी की द्वारा एक बार फिर महासचिव चुने गए।

बैठक खुशनुमा माहौल में संपन्न हुई जिसमें राज्य कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। बैठक में सांसद लल्लू सिंह व अध्यक्ष विकास सिंह के कुशल निर्देशन में गत वर्ष 2021 में अयोध्या में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए बधाई दी गई। कार्यकारिणी ने एक स्वर से राज्य में कबड्डी खेल के विकास एवं उत्थान के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। बैठक में 2022.23 में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं पर भी चर्चा हुई।

राज्य कबड्डी संघ की चयनित नई कार्यकारिणी इस प्रकार से है चेयरमैन लल्लू सिंह (सांसद), प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, उपाध्यक्ष सुशील कुमार यादव, ईश्वर पाल सिंह, राकेश शर्मा, पीके पांडेय। महासचिव राजेश कुमार सिंह। संयुक्त सचिव पदम वीर सिंह, प्रभात कुमार पांडेय, मो. अकरम, सत्येंद्र कुमार। कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय। कार्यकारिणी सदस्य ओम सिंह वर्मा, सीजी शुक्ला, अजय शर्मा, राज सिंह नागर, अरविंद कुमार, प्रेम सिंह यादव, दशरथ पालए सुरेश कुमार सिंह, सुनील कुमार श्रीवास्तव, जय शंकर पांडेयए जेपी सिंह, सुनील कुमार चयनित किए गए। निर्णायक समिति.सुरेश कुमार सिंह चेयरमैन, अजय शर्मा संयोजक। कोपेंद्र, सुनील कुमार श्रीवास्तव सदस्य, तकनीकी समिति, सीजी शुक्ला चेयरमैन, संयोजक, विनोद कुमार यादव। अनुशासन समिति, पीके राय चेयरमैन, धीरेंद्र प्रताप सिंह संयोजक चुने गए।

# प्रयागराज के छायाकार लखनऊ में हुए सम्मानित


सम्मानित छायाकार अतिथियों के साथ।

**प्रयागराज।** प्रयागराज के छायाकारों को आज राजधानी लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रथम प्रांतीय अधिवेशन में प्रदान किया गया। अधिवेशन लखनऊ के गन्ना संस्थान डालीबाग में रविवार आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रयागराज सहित प्रदेश के 60 जिलों से सैकड़ों प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जीएसटी के कमिश्नर लखनऊ विकास द्विवेदी ने विशेष कार्य के लिए प्रयागराज से आए प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में प्रयागराज से कुल आठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ प्रयागराज के अध्यक्ष रूप श्रीवास्तव प्रांतीय कमेटी में उपाध्यक्ष भी हैं। उनकी उपस्थिति में राजीव कपूर अनिल वर्मा संजय सागर अमित विश्कर्मा राम कुमार यादव राजू अरोरा और आर डी केसरवानी विशेष रुप से शामिल हुए। यह जानकारी आर डी केसरवानी प्रयागराज जोन प्रभारी फोटोग्राफर्स एसोसिएशन ने दी।

### सुरक्षा और स्वच्छता के साथ हो प्रामाणिकता का सत्यापन

**प्रयागराज।** नेक्स्ट जनरेशन सिंथेटिक पैसेंजर व्हीकल लुब्रिकेंट उन्नत टेक्नोलॉजी की पेशकश करता है। जो बीएस सिक्स के नये मानकों के अनुरूप है और मोबिल सुपर ऑल इन वन प्रोटेक्शन सीरीज के साथ ईंधन की बचत के फायदे देता है। इसके अलावा इंजन वियर के लिये मोबिल सुपर फ्रिक्शन फाइटर सीरीज बेहतर सुरक्षा और स्वच्छता देती है। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने नेक्स्ट जनरेशन पैसेंजर व्हीकल लुब्रिकेंट्स मोबिल सुपर को एकदम नए लेबल्स के साथ नई और बेहतर पैकेजिंग में लांच किया है। इन नई एवं बेहतर पैकेजिंग में बॉटल्स पर नया क्यूआर कोड बेस्ड एंटी काउंटरफिट फीचर दिया गया है। ताकि उपभोक्ता उत्पादों की प्रामाणिकता का सत्यापन कर सकें और नकली उत्पादों से बच सकें। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स के सीईओ विपिन राणा ने कहा टेक्नोलॉजी में अग्रणी होने के नाते एक्सॉनमोबिल हमेशा ग्राहकों को बेहतर सेवा देने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के नये तरीके खोजती है। नया एर्गोनॉमिक पैक डिजाइन हमारे उत्पादों को अच्छी तरह रखने में उपभोक्ताओं की सहायता करेगा और लेबल के नए डिजाइन उन्हें दिखने में आकर्षक बनाएंगे।

### महिलाओं को राह दिखाने में करेंगे मदद

**प्रयागराज।** तीस वर्षों से देश में रियलिटी टेलीविजन के नए नए अंदाज़ दिखाने में सबसे आगे रहा है। इसने लोगों को अंताक्षरी सारेगामापा डांस इंडिया डांस और इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़ जैसे देसी नॉन फिक्शन फॉर्मेट दिए। बल्कि आज भी चर्चित हैं। इस साल की शुरुआत में जोर शोर से डीआईडी लिटिल मास्टर्स लांच किया गया। ज़ी टीवी के पॉपुलर नॉन फिक्शन शो डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीज़न को भी जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला था। जिनकी डांसिंग स्किल्स यंग लोगों को भी मात दे सकती थीं। अब एक बार फिर ज़ी टीवी डीआईडी सुपर मॉम्स का तीसरा संस्करण लेकर आ रहा है। दो जुलाई से हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे प्रसारित किया जाएगा। टैलेंटेड महिलाओं के सफर में उन्हें राह दिखाने और उनके सपने पूरे करने में उनकी मदद करेंगे।

# तेज रफ्तार बाइक सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर, मौके पर मौत



**मिल्कीपुर अयोध्या।** तेज रफ्तार अपाची सवार युवक ने विपरीत दिशा से आ रहे वृद्ध को सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई मामला एकुमारगंज थाना क्षेत्र के हरदोईया पूरे तिवारी गांव निवासी 62 वर्षीय हनुमान प्रसाद पांडे पुत्र राघव राम पांडे घर पर बन रहे शौचालय का सामान लाने कालीगंज बाजार जा रहे थे, जैसे ही बिशुनपुर से आगे गोकुला तिराहे के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे अपाची मोटरसाइकिल यूपी 44 एएफ 5920 सवार युवक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल के परखच्चे उड़ गए, और किसान हनुमान प्रसाद पांडे गंभीर रूप से घायल हो गएए तथा सर में गम्भीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गईए और बाइक सवार युवक को पकड़ कर बैठा लियाएतथा घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देते हुए पुलिस को दी।

सूचना पर चौकी प्रभारी शशांक शुक्ला, एस आई उमेश वर्मा व हेड कांस्टेबल उदय राज यादव ने मौके पर पहुंचकर, मृतक के शव का पंचायत नामा भरा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही दुर्घटना करने वाले युवक गुलशन सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह निवासी गोकुला पूरे सथरी को भी गंभीर चोटें आई ए जिसके चलते पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उपचार के लिए 100शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भेज दिया। मृतक किसान हनुमान प्रसाद मेहनत मजदूरी व किसानी करके परिवार का पालन पोषण कर रहे थेए मृतक के सिर्फ 3 बेटियां थी बड़ी बेटी प्रियंका की शादी कर चुके थेए दूसरी बेटी प्रतिमा को किसी तरीके से स्नातक की पढ़ाई करा दिया है, तथा छोटी बेटी प्रतिभा भी इस बार स्नातक की पढ़ाई कर चुकी है, लेकिन उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता उसके इलाज के लिए परिवार के सदस्य परेशान चल रहे थे। अब इन बेटियों का सहारा कौन बनेगा।

# बेल आंवला धान है नरेंद्रदेव की शान




**मिल्कीपुर अयोध्या।** भारत के प्राचीन फलों में बेल का प्रमुख स्थान है भारतीय धर्म ग्रंथों में इसे भगवान शिव के वृक्ष के रूप में वर्णित किया गया है बेल की जड़ छाल पत्ते और फल औषधि रूप में भी उपयोगी है इसमें पाया जाने वाला मारमेलोसिन नामक पदार्थ उदर रोगों में बहुत ही लाभदायक है। कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के विकसित हो चुके नरेंद्र बेल-4, नरेंद्र बेल-5, नरेंद्र बेल-7, नरेंद्र बेल-9, नरेंद्र बेल 16 व 17 की जहां पूरे देश में डंका बज रहा है। वहीं कृषि वैज्ञानिकों ने तीन और प्रजाति को विकसित कर दिया है किसान बेल की खेती कर अब मालामाल हो सकते हैं।

अखिल भारतीय समन्वित सोच क्षेत्रीय फल परियोजना द्वारा आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के डॉक्टर संजय पाठक, डॉ हेमंत कुमार सिंहए डॉक्टर भानु प्रताप एवं नंदलाल शर्मा ने वर्ष 2020-21 नरेंद्र बेल 10 व वर्ष 2021.22 नरेंद्र बेल-8, नरेंद्र बेल-11 को विकसित किया है किसान जुलाई से पौध आसानी से उद्यान एवं वानिकी प्रक्षेत्र से ले सकते हैं। उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के वैज्ञानिक हेमंत कुमार सिहं ने बताया कि नरेंद्र बेल रोपित करते समय किसान पेड़ से पेड़ की दूरी 8म8 मीटर व लाइन से लाइन की दूरी 8म8 मीटर यदि रखेंगे तो 3 से 4 साल के अंतराल पर फल देना शुरू कर देते हैं जब यह पेड़ 10 से 11 वर्ष पुराने हो जाते हैं तो 150-200 फल लगते हैं जिनका वजन 100 से 150 किलोग्राम तक होता है। किसान 1 हेक्टेयर क्षेत्र से लगभग 140 से 200 क्विंटल उपज आसानी से ले सकते हैं। बागवानी के किसान फलों का विक्रय कर लगभग 1-1.5 लाख तक की शुद्ध आय प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष प्राप्त कर सकते हैं। डॉ हेमंत कुमार सिंह ने बताया कि बेल में 100 ग्राम खाद्यांश से 61.5 ग्राम नमी, प्रोटीन 1.8 ग्राम, वसा 0.3 ग्राम, रेशा 2.9 ग्राम, कार्बोहाइड्रेटस 31.8 ग्राम, कैल्शियम पचासी मिलीग्रामए फास्फोरस 50 मिलीग्राम, लोहा 0.6 मिलीग्राम, निकोटिनिक अम्ल 1.10 मिलीग्राम तथा विटामिन सी 8 मिलीग्राम प्राप्त होते हैं।

# डीएम ने लगाई क्लॉस, प्रधानाचार्यों को कई बिंदुओं को लेकर पढ़ाया पाठ

संवाददाता। सीतापुर

**शहर के राजकीय** इंटर कॉलेज में रविवार को अनोखी क्लॉस लगी। इस क्लॉस में शिक्षक की भूमिका में जिलाधिकारी अनुज सिंह नजर आए और प्रधानाचार्यो को बेहतर पठन पाठन का पाठ पढ़ाया। डीएम ने कहा कि शिक्षण कार्य की गुणवत्ता उच्च स्तर तक तभी पहुंच सकती है जब शिक्षकों की कॉलेजों में शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य हो। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों का वह हमेशा सम्मान करते हैं, इसलिए इसे आग्रह समझें और उपस्थिति हर हाल में सुधार लें। जिलाधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यो को प्रण कराया कि अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में शीर्ष तीन में सीतापुर का नाम अवश्य होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में लागू सरकार की योजनाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने एवं पठन–पाठन स्तरोन्नयन विषयक प्रधानाचार्य संगोष्ठी का जिलाधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए शुभारंभ किया। डीएम ने शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार कर बच्चो एवं अभिभावकों को जागरूक करने की अपील प्रधानाचार्यो से की। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यो से कहा कि बच्चियों को गुड टच एवं बैड टच से जागरूक किया जाय, बच्चो के प्रति स्ट्रेस की समस्या ज्यादा आ रही है अत: यह जिम्मेदारी प्रधानाचार्यो की है कि वे बच्चो की स्ट्रेस की काउंसलिंग कराते रहे, विद्यालय में लाइब्रेरी पठन का समय भी निर्धारित किया जाय, सप्ताह में दो बार असेम्बली क्लास के साथ योगाभ्यास भी अवश्य कराया जाय, बच्चो को अखबार पढ़ने की आदत डलवाई जाय जिससे सोसल मीडिया के माध्यम से प्राप्त भ्रामक ज्ञान से बच सके। जिन बच्चो के अभिभावक अपने बच्चो को सही दिशा में ले जाने में असमर्थ है उन बच्चो को सही दिशा में ले जाने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्यो को दी। डीएम ने कहा कौन सा बच्चा किस क्षेत्र में जाना चाहता है इसकी काउंसलिंग प्रधानाचार्यो द्वारा सुनिश्चित की जाय, बच्चो को एक डायरी अवश्य दी जाय व प्रतिदिन डायरी पर अंकित भी किया जाय जिससे अभिभावकों को भी जानकारी रहे बच्चे आज क्या किये हैं। बच्चो को थानों की कार्यशैली दिखाई जाय, तहसीलों के प्रशासन एवं कार्यशैली से अवगत कराने के लिए बच्चो को तहसील में ले जाकर दिखाया जाए, विकास योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे होता यह जानकारी देने के लिए उन्हें ब्लॉकों में ले जाया जाए। यह सब एक्स्ट्रा एक्टिविटी के तहत किया जाय। बच्चो को स्कॉलर एवं अभ्युदय योजना से अवश्य परिचय कराया जाय। अभ्युदय कोचिंग में जो भी प्रधनाचार्य एवं शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं वे अपना शिक्षण सहयोग दें सकते हैं। जिलाधिकारी ने सफल लोगो से अपील किया कि अपने गांव एवं क्षेत्रो में बच्चो के लिए कुछ सकारात्मक एक्टिविटी अवश्य करे जिससे बच्चे अधिक प्रेरित हो सके।

# भारत परिषद की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

संवाददाता। सीतापुर

**भारत परिषद** द्वारा शहर के मुंशीगंज स्थित जिला कार्यालय में जिला कार्यकारणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों का मनोनयन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ याकूब खान व मंडल महामंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार आर्य, शिव बालक त्रिवेदी उपस्थित रहे। अगुवाई जिलाध्यक्ष आकाश राय व संचालन महासचिव सुधांशु मिश्रा ने किया। शुभारंभ मॉ सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर व अतिथियों के बैच व माल्यार्पण से हुआ। जिलाध्यक्ष आकाश राय द्वारा जिला महासचिव सुधांशु मिश्रा, जिला संयुक्त सचिव अजीत सक्सेना, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, उपाध्यक्ष राम कुमार कटियार, अनिल श्रीवास्तव, विजय कुमार शुक्ला को मनोनीत किया गया। जबकि कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश कश्यप, जिला संगठन मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई व सोशल मीडिया प्रमुख शिखा शर्मा को बनाया गया। भारत परिषद के जिला मंत्री अम्बरीश दीक्षित, महेश शुक्ला व निकेत रस्तोगी बने। अगले क्रम में विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय पाण्डेय, छायाकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजीत सक्सेना, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी व उपाध्यक्ष विकास चन्द्र जैन व डॉ राजीव मिश्रा, महासचिव डॉ विनायक अवस्थी बनाए गए। व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक प्रजापति, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशिकला मिश्रा बनी। जिला कार्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप राय व जिला सलाहकार डॉ कमल किशोर सेठ, नगर अध्यक्ष महिला युवा मोर्चा रजनी वर्मा मनोनीत हुई। तहसील अध्यक्ष महमूदाबाद अध्यक्ष महेश शुक्ला, तहसील अध्यक्ष सिधौली मन्नू लाल तिवारी व जिला कार्यकारणी सदस्य में मुईद अहमद, संजीव द्विवेदी, अजय मिश्रा, कुलदीप सिंह को मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र व माल्यार्पण कर बधाई दी गई।

## क्विक न्यूज

### भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सुनी पीएम के मन की बात

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 90 वे संस्करण को भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एलईडी स्क्रीन पर सुना। इस अवसर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि जनता के प्रधान सेवक होने के नाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता से नियमित संवाद करना सुशासन व पारदर्शी राजनीति का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के द्वारा जनता से सीधा संवाद स्थापित कर प्रगतिशील सरकार का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। इस मौके पर अनिल सिंह पताबोझ, रोहित सिंह, राजेश शुक्ला, सचिन मिश्रा, रमेश भार्गव दीपू, संजय वर्मा, कामेश शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, प्रतीक पांडे, रिसभ त्रिवेदी, मयंक टंडन, शुभम पांडे आदि मौजूद थे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने की चाय पर चर्चा

**सीतापुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष समीर अहसन रिजवी ने कार्यकर्ताओं के घर जाकर चाय पर चर्चा करने की रणनीति बनाई है। इस महत्वपूर्ण रणनीति के तहत रविवार को विधानसभा सेउता के प्रत्येक मंडल अध्यक्ष के घर दुकान पर जाकर चाय पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने प्रत्येक मंडल अध्यक्ष एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रत्येक घर पर जाकर संपर्क करें एवं भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को वोट देने का संकल्प दिलाएं। इस दौरान द्वारिका प्रसाद मेमोरियल स्कूल रेउसा के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इसी क्रम में महमूदाबाद में मोहन प्रसाद बारी के बाग में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर हनीफअहमद, संजय सिंह कुशवाहा, नफीस अहमद, शफीक कुरैशी, मोहम्मद फारूक, वसीम खान आदि मौजूद थे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में पंजीकरण बढ़ाने के संबंध में बीएसए ने दिए निर्देश

**सीतापुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रों का पंजीकरण बढ़ाने के संबंध में बीएसए अजीत कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सीटीई लखनऊ द्वारा इस छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रों की प्रतिभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से 2 लाख 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में छात्रवृत्ति परीक्षा में भारत सरकार द्वारा जो परिवर्तित कर अधिसूचित किया गया है उसमें शैक्षिक सत्र 2021-22 में कक्षा 7 की परीक्षा 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना बताया गया है। ऐसे छात्र-छात्राएं जो सत्र 2022 में राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 8 में अध्ययनरत हों और जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय सभी सूत्रों से 3 लाख 50 हजार से अधिक न हो इस तरह के कम से कम 10 छात्रों को छात्रवृत्ति परीक्षा के पंजीकरण एवं परीक्षा की तैयारी करने हेतु प्रेरित किया जाना है।

### पीएचसी रेउसा का तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण

**सीतापुर।** रेउसा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किशोरगंज का बिसवां तहसीलदार अविचल प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें अस्पताल गेट पर ताला लटकता मिला, अस्पताल में तैनात कर्मचारी नदारद थे। ड्यूटी पर मौजूद वार्ड बॉय आकाश चंद्र पांडे ने गेट खोल कर ड्यूटी रजिस्टर मेडिसिन कक्ष आदि दिखाया। डॉ नरेश, लैब टेक्नीशियन राममिलन मौर्य, फार्मासिस्ट अनूप. वर्मा व सफाई कर्मचारी मौजूद नही मिले। अस्पताल में मिले एक मात्र कर्मचारी वार्ड बॉय आकाश चंद्र पांडे ने बताया सभी कर्मचारी इसी तरह से ड्यूटी करते हैं महीनों बीत जाते हैं डॉक्टर अस्पताल नहीं आते हैं। जिस पर तहसीलदार द्वारा नाराजगी जताते हुए उचित कार्यवाही करने की बात कही गई।

### शूरवीरों के सम्मान में आयोजित हुई संगोष्ठी

**सीतापुर।** भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजयुमो द्वारा अपातकाल के शूरवीरों के सम्मान में एक संगोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी के माध्यम में सीतापुर जिले के लोकतंत्र सेनानी अनिल सिंह, भरत त्रिपाठी, राम प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा को सम्मानित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला व रोहित सिंह ने जिले के युवाओं को अपने संबोधन के माध्यम से आपातकाल के बारे में तमाम बिंदुओं को प्रकाशित किया। इस मौके पर तरुण शुक्ला, प्रतीक पाण्डेय, अनूप विश्वकर्मा, रणंजय सिंह, रामप्रताप सिंह, वैभव सिंह, कामेश शुक्ला, अमन विक्रम सिंह, अभिषेक मिश्र, राजा शुक्ला, अंकुल तिवारी मौजूद थे।

# भूखे बैठे मरीज से मिले उपमुख्यमंत्री सीएमएस से जताई सख्त नाराजगी

संवाददाता। बरेली



**उत्तर प्रदेश** सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने महाराणा प्रताप जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान एक्स–रे रूम के बाहर बैठे सोहन लाल का हाल जाना सोहनलाल ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से चिकित्सालय के चिकित्सक की शिकायत करते हुए बताया 5 दिन से बाहर बैठा हुआ हूं किसी भी तरह का कोई भी उपचार नहीं मिला है और भूखा बैठा हूं इस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएमएस मेघ सिंह से नाराजगी व्यक्त करते हुए । सोहनलाल के उपचार के लिए निर्देशित किया । और स्वयं सोहनलाल को स्टेचर पर बिठाया और अपने कार्यकर्ता से सोहनलाल के लिए भोजन मंगवाया उसके उपरांत बृजेश पाठक चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे और उपचार करा रहे लोगों का हाल जाना इमरजेंसी वार्ड में भर्ती सरदार खा का पुत्र दिलदार खान से हाल पूछते हुए बताया सरकार गरीब और असहाय लोगों के लिए निशुल्क उपचार करा रही है किसी तरह की भी कोई लापरवाही हो तो आप शिकायत कर सकते हैं इस पर सदार खान के तीमारदारों ने बताया अस्पताल के द्वारा कोई भी किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है समय अनुसार उपचार हेतु दवाइयां दी जा रही हैं । इस मौके पर एडीएम सिटी सीएमएस मेघ सिंह सीएमओ बलवीर सिंह डॉ गौतम डॉअंशु अग्रवाल वा चिकित्सक कर्मचारी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन शर्मा ,बंटी ठाकुर अंकित आदि भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तिरूपति महोत्सव का मंत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ

संवाददाता। सीतापुर

**श्री तिरुपति बाला** जी दिनेश दरबार ट्रस्ट द्वारा आयोजित तिरुपति महोत्सव का बीते शनिवार को मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि रहे नगर विकास मंत्री/विधायक राकेश राठौर 'गुरु' व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बीते शनिवार की शाम फीता काट कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा द्वारा पंडाल में मौजूद समस्त लोगो से अपील की गई कि महोत्सव में अपने सभी मित्रों के साथ आकर मेले का लुफ्त उठाये व महोत्सव को भव्य एवं सफल बनायें। साथ ही मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि यह महोत्सव अपने आप मे ग्रामीण स्तर पर बहुत बड़ा अयोजन है। व सभी को धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह ही कि मेले आकर महोत्सव में हो रहे अनेको संस्कृतिक कार्यक्रमो का आनंद ले। तिरुपति बाला जी दिनेश दरबार ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा महोत्सव में होने वाले समस्त कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए बताया गया कि महोत्सव में मुंबई की कई मशहूर हस्तियां करेंगी शिरकत। जिसमे 28 जुलाई 2022 को भगवान वेंकटेश्वर की महाआरती उतारेंगी अभिनेत्री महिमा चौधरी, तो वही 1 जुलाई 2022 को बॉलीवुड नाइट में अपने सुरों की मधुर आवाज से शमा बाँधेंगे सचिन सचदेव व धारणा पहवा। व एक शाम विकण्टेश्वर धाम के नाम कार्यक्रम में 04 जुलाई 2022 को सुरों की मलिका बॉलीवुड सिंगर साधना सरगम जी अपनी सुरीली आवाज से बिखेरेंगी छटा। साथ ही महोत्सव के अंतिम दिवस की शाम 11 जुलाई 2022 को फिल्मी सितारों की एक शाम तिरुपति महोत्सव के नाम कार्यक्रम में हरदिल अजीज अपनी आवाज से लोगो के दिलो पर राज करने वाले तुम तो ठहर परदेशी साथ क्या निभाओगे गाने को अपनी आवाज देने वाले महसूर बॉलीवुड सिंह अल्ताफ़रजा अपनी सुरमई आवाज से बिखरेंगे जलवा तो साथ ही इंडियन आईडल 3 पूजा चटर्जी, व लाफ्टर शो राजन श्रीवास्तव भी अपने मजाकिया अंदाज से दर्शकों का करेंगे मनोरंजन। आपको बताते चले कि विकण्टेश्वर महोत्सव कार्यक्रम में बच्चो के मनोरंजन हेतु अनेको प्रकार के झूले व दूर दूर से आये हुए ब्यापारियों द्वारा लगाई गई नुमाइशी दुकाने भी दर्शकों के मन को लुभाएंगी। कार्यक्रम में नगरीय एवं ग्रामीण आँचल को ध्यान में रखते हुए महोत्सव आयोजको द्वारा ग्रामीण स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे हुडुक,आल्हा, लिलीघोड़ी नांच, कव्वाली, आदि जैसे मनोरंजक कार्यक्रमो का भी आयोजन किया गया है। महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में तिरुपति बाला जी दिनेश दरबार ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश मिश्र, महासचिव मनीष मिश्र, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, संदीप अग्निहोत्री प्रभारी युवा महोत्सव,मोनिका आनंद अन्य हस्तियों सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली ।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बहेडी थाना क्षेत्र के गांव अखा निवासी 47 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र नत्थू लाल की आज सुबह दिल्ली के गांव जादो पुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि राकेश आज सुबह मजदूरी करने के लिए मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद जादोपुर के पास तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची राकेश की मौत हो चुकी थी घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था ।

## दुर्घटना में घायल बिजली मिस्त्री की जान गई

**बरेली ।** स्कूटी सवार बिजली मिस्त्री को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी बिजली मिस्त्री अरुण कुमार पुत्र महेश बाबू की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि अरुण बिजली मिस्त्री था और 20 जून को स्कूटी पर अपने किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेजकर उसके पास मिले मोबाइल फोन से घर वालों को सूचना दे दी जो अस्पताल पहुंचे कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात अरुण कुमार की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विधायक, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी की ओर से घरौनियों का वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**बरेली ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने आज लोकभवन सभागार लखनऊ में स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार की गई आवासीय अधिकार अभिलेख (घरौनियों) का वितरण किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त सेल्वा कुमारी जे, जिलाधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी, महापौर डा. उमेश गौतम, कैण्ट विधायक डा संजीव अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में बरेली जनपद में इस योजना के अंतर्गत तहसील नवाबगंज के ग्राम याकूबपुर के कृषक अरविन्द पुत्र मिढ़ई लाल, चिरौंजी लाल पुत्र रामभरोसे लाल, देवदत्त पुत्र फूल.चन्द्र, सन्तोश पुत्र बाबूराम, मुन्ना लाल पुत्र जोरावर, रामऔतार पुत्र बनवारी लाल, आसाराम पुत्र परसदी लाल, मुकेश पुत्र इन्द्रजीत, पंचम पुत्र ख्यालीराम, भगवानदास पुत्र माखनलाल आदि को आवासीय भूमि पर बने घरों की घरौनियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री वी.के.सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## दबंगों ने बस परिचालक की पिटाई कर साढे चार हजार की नकदी छीनी

**लखीमपुर।** ढखेरवा चौराहे में कुछ दबंगों ने एक बस परिचालक की पिटाई कर साढे चार हजार रुपए की नकदी छीन लिया। पीड़ति बस परिचालक ने पुलिस को तहरीर दे दी है।पुलिस को दी गई तहरीर में बस परिचालक फिरोज निवासी सिसैया ने बताया है कि वह प्राइवेट बस यूपी31टी0876 का कंडक्टर है। रविवार दोपहर सिसैया चौराहे पर सवारियां बैठाने को लेकर एक ओमनी चालक से कुछ विवाद हो गया था। जिस रंजिश को लेकर ओमनी चालक अपने बड़े भाई कमलेश निवासी रकेहटी व तीन अज्ञात लोगों को बुलाकर ढखेरवा बसअड्डे पर बस कंडक्टर फिरोज की पिटाई कर साढे चार हजार रुपए की नकदी छीन लिया और धमकी देकर फरार हो गए।

## पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का अधिवेशन हुआ संपन्न

**लखीमपुर खीरी।** पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का अधिवेशन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डाण् अजित सिंह के निर्देशन में पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का अधिवेशन चुनाव अधिकारी राजेंद्र पुष्कर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नतृत्व में राजकीय पशु चिकित्सालय सदर पर सम्पन किया गया। इसमें अंब्रिश वर्मा अध्यक्षए डाण् अनिल दुबेए तीसरी बार महामंत्रीए वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसपी सिंहए उपाध्यक्ष रूप चन्दए कोषाध्यक्ष रविन्द्र बहादुरए एडिटर रूही बानो एवं संयुक्त मंत्री दर्शन सिंह राणा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। संघ के संरक्षक आर पी ओझा घोषित किए गए हैं।

## युवक को चोर समझकर बुरी तरह पीटा

**बरेली ।**एक कॉलोनी में घुसे युवक को लोगों ने चोर समझकर बुरी तरह पीट दिया उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव मीना बाजार निवासी 40 वर्षीय तौफीक को पुलिस ने आज सुबह इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने बताया कि तौफीक आज सुबह बहेड़ी स्थित कॉलोनी में किसी काम से गया था ।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण कर डॉ. सूर्यकांत व सीएमओ ने जानी स्वास्थ्य सेवा की हकीकत

**लखीमपुर खीरी।** केजीएमयू लखनऊ टीबी चेस्ट विभागाध्यक्ष और जोनल टास्क फोर्स नार्थ इंडिया के प्रोफेसर राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के चेयरमैन आईएम उत्तर प्रदेश के वाइस प्रेसिडेंट डॉ सूर्यकांत व सीएमओ डाण् शैलेंद्र भटनागर द्वारा रविवार को संचालित किए जा रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के निरीक्षण के क्रम में निर्मल नगर पीएचसी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर सहित एसीएमओ डॉ बीसी पंत एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

मेले में पहुंचकर प्रोफेसर डॉ सूर्यकांत व सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर द्वारा सर्वप्रथम संचारी रोगों को लेकर की जा रही जांच के विषय में जानकारी की गईए इसके बाद उन्होंने बनाए जा रहे गोल्डन कार्ड की जानकारी करते हुए लाभार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी की। इसके बाद वह आयुर्वेद चिकित्सा के लिए लगाया गए काउंटर पर पहुंचेए जहां उन्होंने डॉण् आकांक्षा तिवारी से आयुर्वेदिक औषधियों के फायदे के बारे में पूछा। ओपीडी में पहुंच उन्होंने डॉण् पूनम और फार्मासिस्ट रवि कश्यप से मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की। इस दौरान जिला टीबी अस्पताल के एसएमओ डॉण् रजत अवस्थी द्वारा वहां आ रहे खांसी और बुखार के मरीजों की जानकारी दी गई और बताया गया कि सभी की टीबी की जांच भी कराई जा रही है। वह एनसीडी के काउंटर पर पहुंचे जहां पर शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की जा रही थी यहां मौजूद लैब टेक्नीशियन ध्रुव और काउंसलर नीरज से उन्होंने एनसीडी द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की। इस दौरान मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चल रहे योगा कैंप में भी वे पहुंचे जहां योगाचार्य प्रिंस द्वारा उन्हें योग के विषय में जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं सेवा पूरी तरह संतुष्ट दिखे और उन्होंने कहां की यह सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जिससे गांव.गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सके।

# प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक में हुआ मंथन

**ढखेरवा.खीरी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा लखाही के प्रांगण में खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड़ में हृदय शंकरलाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रधान अध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक एवं उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। इस बैठक में समस्त एआरपी उपस्थित रहे। उनके द्वारा बारी बारी से विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। बैठक का प्रारंभ करते हुए एआरपी संतोष वर्मा ने विद्यालय की साफसफाईए पूर्व निर्देशित पौस्टरए चार्ट व निपुण भारत लक्ष्यए सूचीए तालिका के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की। जेन्डर इक्विटी व महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति विचार के संबंध में ओम प्रकाश के द्वारा प्रिन्टरिच मटेरियल यू.डायस त्रुटि रहित 100: पूर्ण करनाए एआरपी अजय कुमार वर्मा के द्वारा विस्तृत रूप से शिक्षकों को प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रत्येक दशा में लक्ष्य के सापेक्ष शत.प्रतिशत नामांकन एवं पोर्टल पर अपलोड करना के संबंध में निर्देशित किया गया। संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के विषय में स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़ से पधारे चिकित्सकों की टीम और यूनिसेफसे आए हुए विशेषज्ञों के द्वारा शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया गया। एआरपी आशीष श्रीवास्तव के द्वारा छात्र उपस्थिति बढ़ाने तथा 19 पैरामीटर पर एसएमसी अध्यक्ष व ग्राम प्रधान से चर्चा करनाए पुरातन छात्र की सूची तैयार करना विद्यालय न आने वाले छात्रों को सूचीबद्ध करना एसएमसी सदस्य के माध्यम से सम्पर्क तथा 85: उपस्थिति का लक्ष्य प्राप्त करना आधार एथेन्टीकेशन 100: पूर्ण करना यूनीफार्म क्रय व स्पोर्ट्स ग्रांट का डीसीएफ भरना यदि कोई समस्या होती है तो खंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर उसका समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। 8.40 मीटर से कम दूरी पर स्थित पोल वाले कनेक्शन विहीन विद्यालय द्वारा कनेक्शन की प्रक्रिया पूर्ण कर कनेक्शन कराना मेन्यू के अनुसार भोजनमन्त्र के साथ पीएम पोषण ;एमडीएमद्ध संचालन योगा पर बलए कक्षावार गृह कार्य की जांच और अन्तिम कालांश में गृहकार्य देना निपुण भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रतिदिन 12रू30 से 1रू30 तक समस्त स्टाफ द्वारा मिलकर चर्चा करनाए प्रत्येक गतिमान कार्य के लिए अपने स्टाफमें ही अलग.अलग नोडल बनाकर उत्तरदायित्व निर्धारित करना और तैयार रणनीति को लिपिबद्ध करना आदि विषयों पर विशेष रूप से अधिकारी ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों को प्रेरित किया। शिक्षकों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों के दम पर ही हम विकास क्षेत्र को 31 मार्च 2023 के अंदर अंदर निपुण ब्लॉक बना कर दिखाएंगे। इसमें हमारी पूरी संकुल टीम एयरपोर्ट इन सभी संगठनों के लोग बराबर का सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर अटेवा के जिलाध्यक्ष विश्वनाथ मौर्य ने भी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए अपना कार्य लगन से करने के लिए प्रेरित किया व बताया कि निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने का हर सम्भव प्रयास करें तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शशि कांत वर्मा ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि निश्चिंत होकर विद्यालय शिक्षक और शिक्षा के हित में कार्य करें। किसी भी प्रकार की कोई चिंता करने की बात नहीं है। विकास क्षेत्र को गति प्रदान करें और निश्चिंत होकर विभागीय नियम निर्देश के अनुसार कार्य करते रहें। उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री ओमप्रकाश ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि सभी शिक्षक बेहतर कार्य कर रहे हैं और उम्मीद है कि एक अच्छे नेतृत्व के कारण विकास क्षेत्र जनपद ही नहीं बल्कि प्रदेश में एक अच्छा मुकाम हासिल करेगा। आज के इस कार्यक्रम की व्यवस्था का कार्य उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा लखाही के प्रधानाध्यापक और उनकी शिक्षक साथियों तथा उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उमेश चौरसिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकास क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापक जिनमें रंजीत वर्मा अजय कुमार सिंहए तारकेश्वर राय धर्मेंद्र कुमार नीरज कुमारविवेक पटेल वीरेंद्र श्रीवास्तव निशी मोहम्मद अशफाक धर्मराज मौर्य राम लखन यादव अमित कुमार शरद विक्रम शाह ब्रजकिशोर राजेश मिश्राए पंकज गुप्ता सुशील वर्मा व राम सुमिरन आज प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# बच्चों का करें मार्गदर्शन, सवारें भविष्य: डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**उप्र मे शिक्षा** क्षेत्र में लागू सरकारी योजनाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ानेए पठन.पाठन के स्तर में वृद्धि लाने के लिए रविवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी शिक्षा बोर्डों से विद्यालयों के प्रधानाचार्य संग बैठक ली। बैठक का संचालन डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि बच्चों का बेस मजबूत करेंए एनसीआरटी की बुक पढ़ने की आदत डलवाए। हर शब्द का मतलब जानने की प्रवृत्ति विकसित कराये।असफलता से घबराए नहीं बल्कि सीखेए आगे बढ़े। परिश्रम के साथ लक्ष्य पाने की लगन हो तो सफलता कदम चूमेगी। शिक्षक बच्चों के अच्छे अभिभावक बने। उनका मार्गदर्शन करते हुए उन्हें बड़ा लक्ष्य बनानेए मेहनत से उसे प्राप्त करने की सलाह दें। दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है। कमजोर बच्चों की अलग से क्लास ले। हर विद्यालय में लाइब्रेरी विकसित करेंए जिसमें पांच.पांच सेट एनसीईआरटी की पुस्तकें हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में उपलब्धता हो। बच्चों के बीच कुछ नया करके दिखाओ प्रतियोगिता कराएं।बच्चों में विश्वास पैदा करेंए यह प्रयास करें कि जनपद खीरी से मेधावी छात्रों में से हर वर्ष यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी संख्या में बच्चे चयनित हो।शिक्षक स्वयं भी नियमित रूप से अध्ययन करें ।विद्यालयों में नियमित योगाभ्यास भी कराएं।

कार्यशाला में डीपीओ संजय कुमार निगमए डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखरए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वीरपाल व डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने प्रधानाचार्य को शिक्षा के क्षेत्र में लागू सरकार की योजनाओं की समुचित जानकारी दी।सरकार की योजनाओं में मुख्य रूप से श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश्ए सीएम कन्या सुमंगला योजनाए सीएम अभ्युदय योजनाए मिशन शक्तिए इंस्पायर अवार्ड योजनाए छात्रवृत्ति से संबंधित योजनाओंए प्रोजेक्ट अलंकारए राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान की योजनाए पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना ओ.लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजन सीएम अभ्युदय योजना से जुड़े अफसरों ने जानकारी दी। अफसरों ने प्रधानाचार्य के मध्य जागरूकता बढ़ाए जाने के उद्देश्य से सरकार की योजनाओं के हैंडबिल बाटेए हैंडबिल में योजनाओं के मुख्य बिंदुए पात्रता शर्तेंए वेबसाइटए आवेदन की तिथि का भी उल्लेख है। कार्यशाला में मेधावी छात्र.छात्राओं से जुड़े विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने शिक्षा व पठन.पाठन के क्षेत्र में किए अभिनव प्रयोगोए अन्य विशेष कार्य जिसके फलस्वरूप उनके विद्यालयों में उत्कृष्ट परीक्षाफल प्राप्त हुआ ने भी सभी विद्यालयों के साथ साझा कियाए ताकि वह भी बेहतर बोर्ड परीक्षा परिणाम प्राप्त करने हेतु समुचित प्रयास कर सके। बैठक की शुरुआत में डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ।कार्यक्रम में गुरुनानक विधिक सभा कॉलेज की प्रधानाचार्य मीनाक्षी ने कैरियर काउंसलिंगए शैक्षिक यूट्यूब चैनल सहित अन्य अभिनव प्रयोगों की जानकारी दी। डीएस इंटर कॉलेज के जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष विनोदकांत ने बताया कि यूट्यूब चैनल पर कक्षा 9 से 12 तक के सभी टॉपिक्स पर शैक्षिक वीडियो उपलब्ध हैंए जो छात्रों के लिए बहुत उपयोगी हैं। वह सीएम अभ्युदय योजना में एक वर्ष से अध्यापन कार्य भी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज सिंगाही एवम कृषक समाज इन्टर कॉलेज गोला के प्रधानाचार्य द्वारा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।सभी शिक्षकों ने जिले में नवाचार के रूप में चल रही अभिनव मुहिम मिशन पहचान की विभिन्न गतिविधियों का जिक्र किया। यही नहीं इसेए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। बताते चलें कि डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में डीआईओएस ओपी त्रिपाठी द्वारा संचालित नवाचार मिशन पहचान की गतिविधियों को पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया है।

## नशीली पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी में वाहिनी कमांडेंट वीरेंद्र कुमार वर्मा के द्वारा वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारियों एवं समस्त जवानों को नशीले पदार्थों का सेवन ना करने के प्रति जागरूक किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत वाहिनी कमांडेंट वीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा सभी जवानों को नशे से होने वाली सामाजिकए शारीरिक एवं आर्थिक समस्याओं के बारे में बताया गया तथा सभी को नशा ना करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर वाहिनी कमांडेंट द्वारा देश के प्रधानमंत्री एवं माननीय गृह मंत्री जी के सन्देश को सभी जवानों को पढ़ कर सुनाया गया। इस आयोजन के दौरान वाहिनी चिकित्साधिकारी डा मोहम्मद इमरान खान द्वारा भी समस्त अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को नशे से होने वाली बीमारियों कुरीतियों के बारे में बताया गया तथा सभी को नशीली दवाओं एवं नशीले पदार्थो के सेवन से बचने की सलाह दी गयी। साथ ही समाज में यदि कोई व्यक्ति नशे का आदी हो तो उसको नशे को छोड़ने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी गयी ।

# वायुसेना त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम : एयर चीफ मार्शल चौधरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**एयर चीफ मार्शल** वी आर चौधरी ने रविवार को कहा कि भारत को अस्थिर पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर मौजूद स्थिति को दो मोर्चों के तौर पर देखना चाहिए और उसी के अनुरूप तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने यह बात चीन और पाकिस्तान के दोहरे सैन्य खतरे से उत्पन्न होने वाली संभावित चुनौतियों का संदर्भ देते हुए कही। वायुसेना प्रमुख ने पीटीआई-भाषा को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, भविष्य में भारत पर सभी मोर्चों से हमला हो सकता है, जिसमें सैन्य गतिरोध से लेकर दुष्प्रचार और ब्लैकआउट तक शामिल है। ऐसे में भारत के सुरक्षा सिद्धांत और क्षमताओं को इन आशंकाओं का मुकाबला करने में सक्षम होना चाहिए। जब उनसे विशेष तौर पर पूछा गया कि क्या यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रमकता चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर और अधिक आक्रमक रुख अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी तो उन्होंने कहा कि वैश्विक घटनाओं और भूराजनीतिक घटनाक्रमों से भारत-चीन संबंधों पर पड़ने वाले असर का लगातार विस्तृत तौर पर और सभी स्तरों पर आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के तौर पर हमें अपने मौजूदा और भविष्य के खतरों की सटीक पहचान करने की जरूरत है, ताकि उनका मुकाबला करने के लिए जरूरी क्षमता का विकास किया जा सके। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध के बीच चीन द्वारा एलएसी के पास तेजी से हवाई संसाधन तैनात करने के सवाल पर उन्होंने कहा, वायुसेना जरूरत पड़ने पर बहुत सीमित समय में इच्छित कार्रवाई कर सकती है। तेज हो रही भूराजनीतिक उथल-पुथल का जिक्र करते हुए वायुसेना प्रमुख ने रेखांकित किया कि भविष्य के किसी भी संघर्ष के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के सभी तत्वों को जोड़ने की जरूरत होगी, ताकि ऑल ऑफ नेशन एप्रोच अपनाया जा सके। उन्होंने कहा, हमारे सामने पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर कुछ चुनौतियां मौजूद हैं। ऐसे में यह भारत के लिए अहम है कि वह दो अस्थिर सीमाओं को दो आकस्मिक मोर्चों के तौर पर देखे और उसी के अनुसार तैयारी करे। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि भारत की सैन्य अभियान योजना, क्षमता विकास और प्रशिक्षण दोनों मोर्चों पर विस्तृत तौर पर उत्पन्न होने वाले खतरों से निपटने के लिए होना चाहिए। भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) बिपिन रावत और पूर्व सेनाध्यक्ष एम एम नरवणे सहित कई शीर्ष सैन्य अधिकाररियों ने उत्तरी और पश्चिमी मोर्चे पर समन्वित खतरे को लेकर चिंता जताई थी। लेकिन यह पहली बार है, जब एक सेवारत सशस्त्र बल प्रमुख ने ऐसे खतरों से निपटने के लिए विस्तृत योजना बनाने का आह्वान किया है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, हम अल्पाकलिक अभियानों से जुड़ी तैयारियों की अहमियत को समझते हैं, जिसके लिए त्वरित योजना बनाने, तेजी से अपने संसाधनों की तैनाती करने और वांछित प्रतिक्रिया देने की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा, वायुसेना लगातार संबंधित पहलुओं पर काम कर रही है, ताकि इन चुनौतियों से निपटने के लिए विश्वसनीय बल तैयार किया जा सके। वायुसेना प्रमुख की यह टिप्पणी भारत के सुरक्षा योजनाकारों द्वारा वृहद तौर पर यह महसूस किए जाने के बाद आई है कि देश को तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात और चीन द्वारा एलएसी पर दीर्घकालिक सैन्ईकरण की रणनीति के मद्देनजर वृहद सुरक्षा ढांचा बनाने की जरूरत है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, हमें दीर्घकालिक रुख अपनाने और मौजूदा स्थिति के आधार पर खतरों का आकलन करने के बजाय दुश्मन बलों की तैयारियों से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ने वाले असर को आंकने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम अपनी पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर अलग-अलग चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह प्रकृति और संख्या के संदर्भ में है। रक्षा बल के तौर पर हम हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के सामने आने वाले खतरे का जवाब देने के लिए सतर्क रहते हैं।

वायुसेना प्रमुख ने भरोसा जताया है कि भारतीय सशस्त्र बलों में सीमा पर किसी भी दुस्साहस का मुकाबला करने के लिए पर्याप्त प्रतिरोध क्षमता है। चीन एलएसी के करीब अपनी सैन्य अवसंरचना को मजबूत कर रहा है, इस बारे में एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि वायुसेना सीमाओं पर अपनी क्षमता के विकास को लेकर लगातार सचेत रहती है और ऐसी कोई भी स्थिति उत्पन्न होने पर उसे नाकाम करने में सक्षम है। मैं हमारी आधारभूत अवसंरचना को अद्यतन करने की गति से खुश हूं, जो हमारी नई जरूरतों और अभियानों के लिए अहम है। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि चिनूक हेलीकॉप्टर का परिचालन पूर्व में निर्धारित दो ठिकानों में से एक पर शुरू हो चुका है और दूसरे ठिकाने पर अवसंरचना विकास लगभग पूरा होने वाला है। पूर्वी सेक्टर में राफेल स्क्वॉड्रन के लिए अवसंरचना निर्माण और परिचालन क्षमता पूरी हो चुकी है। एयर चीफ मार्थल चौधरी के मुताबिक, पूर्वोत्त क्षेत्र में स्थापित मौजूदा एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) को अतिरिक्त संसाधनों और उपकरणों से अद्यतन किया गया है। उन्होंने कहा, हम महसूस करते हैं कि वायु शक्ति से हम तेजी से प्रभावी तरीके से विस्तृत भौगोलिक इलाके में सीमित समय में कार्वाई कर सकते हैं। हिंद प्रशांत क्षेत्र में वायुसेना की भूमिका के सवाल पर एयर चीफ मार्शल ने कहा कि वह देश की विदेश नीति के अनुकूल क्षेत्र में स्वतंत्र नौवहन और नियम आधारित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध है।

# 12 विदेशी महिलाएं यौन उत्पीड़न के आरोपी गुंदेचा बंधुओं के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची

**जबलपुर, भोपाल।** विदेश की 12 महिलाओं ने मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर में हस्तक्षेप अर्जी दायर कर भोपाल स्थित ध्रुपद संस्थान के गुन्देचा बंधुओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर कार्वाई की मांग की है। जिन लोगों ने हस्तक्षेप आवेदन (आईए) दायर किया है, वे ध्रुपद संस्थान की पूर्व छात्रा हैं और अब अमेरिका, स्वीडन, कनाडा, पोलैंड, स्पेन, ऑस्ट्रिया और जर्मनी में रह रहीं हैं। महिला वकील ध्रुव वर्मा ने बताया कि इन पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया है कि पखावज वादक प्रसिद्ध गुन्देचा बंधुओं - दिवंगत रमाकांत गुन्देचा, उमाकांत गुन्देचा और अखिलेश गुन्देचा, ने उनका यौन उत्पीड़न किया था। आईए एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की जांच रिपोर्ट के समर्थन में दायर किया गया है, जिसने 2020 में एक महिला (विदेश से) द्वारा लगाए गए यूनेस्को से मान्यता प्राप्त संस्थान ध्रुपद संस्थान के गुन्देचा बंधुओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच की थी। वर्मा ने कहा कि ध्रुपद संस्थान, भोपाल ने पांच सितंबर, 2020 को ध्रुपद फैमिली यूरोप नामक एक समूह द्वारा सोशल मीडिया पर गुन्देचा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया था। महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गठित पैनल ने शिकायतों को सुना और बाद में 23 फरवरी, 2021 को गुन्देचा बंधुओं के खिलाफ कुछ प्रतिकूल टिप्पणियों और सिफारिशों के साथ अपनी रिपोर्ट दी। दोषी पाए जाने के बाद, गुंदेचा ने आईसीसी को प्रतिवादी बनाते हुए एक रिट याचिका दायर करके निष्कर्षों के खिलाफ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का रुख किया। सुनवाई मंगलवार (28 जून) को होने वाली है। जब आईए पर उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए उमाकांत गुन्देचा (63) से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा, कृपया कोई टिप्पणी न करें।



अगरतला में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक शाहा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद प्रसन्न मुद्रा में विक्ट्री का निशान दिखाते हुए।

## युवा संगठनों में छात्रों का एक धड़ा शराबी है : केरल के आबकारी मंत्री

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के आबकारी मंत्री एम वी गोविंदन ने रविवार को कहा कि राज्य में युवा और छात्र संगठनों का एक बड़ा हिस्सा शराबी है तथा उनमें मद्यपान के खिलाफ जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। नशा और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविंदन ने कहा कि मादक पदार्थ सेवन और मद्यपान से लड़ने का एक तरीका इनके खिलाफ जागरूकता फैलाना है और इसके लिए छात्र एवं युवा संगठनों पर भरोसा किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हालांकि, मैंने गौर किया है कि राज्य में विभिन्न युवा संगठनों से संबद्ध छात्रों का एक बड़ा हिस्सा शराबी है। यह छोटे स्तर पर नहीं बल्कि बड़े स्तर पर है। मंत्री ने कहा, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए हमें आने वाली पीढ़ियों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। वे उच्च माध्यमिक, माध्यमिक स्कूल और पेशेवर संस्थानों सहित महाविद्यालयों के छात्र हैं।

# अग्निपथ योजना के तहत वायुसेना को 56,960 आवेदन प्राप्त हुए

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय वायुसेना** को अग्निपथ भर्ती योजना के तहत रविवार तक 56,960 आवेदन प्राप्त हुए। इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया इसके खिलाफ कई राज्यों में हिंसक विरोध प्रदर्शन के एक हफ्ते बाद शुक्रवार को शुरू हुई थी। वायुसेना ने रविवार को ट्वीट किया, 56960 यह अग्निपथ भर्ती आवेदन प्रक्रिया के जवाब में वेबसाइट पर भविष्य के अग्निपथ से अब तक प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या है। पंजीकरण पांच जुलाई को बंद हो जाएगा।

चौदह जून को अग्निपथ योजना पेश करते हुए, सरकार ने कहा था कि साढ़े 17 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए भर्ती किया जाएगा जिनमें से 25 प्रतिशत को बाद में नियमित सेवा के लिए शामिल किया जाएगा। देश के कई हिस्सों में इस योजना के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। सरकार ने 16 जून को इस योजना के तहत भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा को वर्ष 2022 के लिए 21 से बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया था। साथ ही बाद में उनकी सेवानिवृत्ति पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों में उनके लिए वरीयता जैसे कई कदमों की घोषणा की थी।

भाजपा शासित कई राज्यों ने भी घोषणा की कि अग्निवरों को राज्य पुलिस बलों में शामिल होने में प्राथमिकता दी जाएगी। सशस्त्र बलों ने हालांकि यह स्पष्ट कर दिया है कि नई भर्ती योजना के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन और आगजनी करने वालों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक में मुस्लिम व्यापारी द्वारा मंदिर में केले की आपूर्ति करने को लेकर विवाद

**मैंगलुरु।** कर्नाटक के कुडुपु शहर के अनंतपद्मनाभ मंदिर में पिछले साल एक मुस्लिम व्यापारी को केले की आपूर्ति का ठेका देने का मामला सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर प्रशासन ने सबसे कम बोली लगाने वाले ठेकेदार को एक जुलाई 2021 से 30 जून 2022 तक की अवधि के लिए मंदिर में विभिन्न सेवाओं और कार्यक्रमों के लिए नियमित आधार पर केले की आपूर्ति करने का ठेका दिया था। मंदिर के लिए केले की आपूर्ति का ठेका मुस्लिम व्यापारी को दिए जाने की जानकारी हाल ही में सामने आने के बाद इस पर विवाद खड़ा हो गया है और दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि पिछले साल व्यापारियों से केले की आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं।

### वाहन के नाले में गिरने से नौ मजदूरों की मौत

**बेलगावी ( कर्नाटक )।** यहां के एक गांव में रविवार सुबह एक मालवाहक वाहन के नाले में गिरने से नौ मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने राज्य सरकार की ओर से प्रत्एक मृतक के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए और बेलगावी के उपायुक्त से प्रत्एक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपए के मुआवजा देने की घोषणा की। पुलिस ने कहा कि सात मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद से मौके पर पहुंचे बेलगावी पुलिस आयुक्त एम बी बोरलिंगैया की देखरेख में बचाव अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, गोकक तालुक के अक्कतंगियारा हाला गांव के रहने वाले ए मजदूर बेलगावी की ओर जा रहे थे और इनका वाहन कानाबारगी गांव में बल्लारी नाला में गिर गया।

### बड़ों को प्रणाम करने से आयु-बल में होती बढ़ोतरी: डॉ. कल्ला

**जयपुर।** राजस्थान के कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने रविवार को कहा कि बड़ों को प्रणाम करने से आयु और बल में स्वत: बढ़ोतरी होती है। संस्कृत अकादमी में विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय संस्कार-संस्कृति शिविर के समापन समारोह को संबोंधित करते हुए कल्ला ने कहा कि जो अपने से बड़ों को प्रणाम करता है, उसकी आयु और बल में स्वत: बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने जीवन में आचार्य देवो भव, पितृ देवो भव और मातृ देवो भव का भाव जगा लें, तो हमारे जीवन की अनेक कठिनाईयां स्वत: ही समाप्त हो सकती हैं। मोबाइल के बढ़ते दुरुपयोग के बारे में उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि मोबाइल के अनावश्यक इस्तेमाल से बच्चे कई तरह के विकारों और बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों को 12वीं कक्षा तक मोबाइल नहीं देने की सलाह दी।

### हृदय रोगियों को नई तकनीकि से रूबरू करवाएं

**लखनऊ।** चिकित्सकों ने हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और रोगियों को देश में उनके लिए उपलब्ध नवीनतम कार्डियक केयर प्रौद्योगिकियों और उन्नत तकनीकों के बारे में जागरूक रहने पर ज़ोर दिया। डॉ हिमांशु गुप्ता कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी मेदांता अस्पताल ने कहा कि दिल की धमनी के रोग से ग्रस्त अनेक रोगियों में अत्यधिक कैल्शिफायड कोरोनरी आर्टरी ब्लॉक्स होते हैं। हालांकि अत्याधुनिक तकनीक के बल पर इनमें से कुछ रोगी बायपास सर्जरी करवा सकते हैं, लेकिन विशेष कर अधिक उम्र के रोगियों में रुग्णता काफी अधिक होती है और इससे उन्हें ठीक होने में काफी समय लग जाता है। अधिकांश रोगी खराब सामान्य स्थिति, कमजोर हड्डियों तथा दूसरी अन्य रुग्णताओं जैसे खराब फेफड़े के कारण सर्जरी के लिए उपयुक्त नहीं रहते हैं। ऐसे रोगियों के लिए रोटेशनल अथेरेक्टॉमी या सामान्य शब्दों में कहा जाए तो कैल्शियम को काटना, बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इस तकनीक के लाभ पर प्रकाश डालते हुए डॉ गुप्ता कहते हैं कि श्हमने अपने प्रैक्टिस के दौरान यह आजमा कर देखा है कि रोटेशनल अथेरेक्टॉमी की सहायता से हम अधिकांश रोगियों को बाईपास सर्जरी से बचा सकते हैं ।

# पाक की जेल में मारे गए सरबजीत सिंह की बहन दलबीर का निधन

**अमृतसर।** वर्ष 2013 में पाकिस्तान की जेल में साथी कैदियों द्वारा बेरहमी से पीटे जाने के बाद मारे गए सरबजीत सिंह की बहन दलबीर कौर का रविवार को यहां निधन हो गया। वह 67 वर्ष की थीं। दलबीर कौर उस समय सुर्खियों में थीं, जब उन्होंने पाकिस्तान की जेल से अपने भाई की रिहाई के लिए एक अभियान चलाया था। सरबजीत 1991 से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बम विस्फोटों में शामिल होने के आरोप में जेल में बंद थे। कौर ने शनिवार रात सीने में तेज दर्द की शिकायत की थी और उन्हें यहां एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सरबजीत सिंह की बेटी पूनम ने बताया कि दलबीर पिछले एक साल से फेफड़ों की बीमारी से जूझ रही थीं। जब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था तो चिकित्सकों का कहना था कि उनकी हालत गंभीर है। उन्हें आईसीयू में रखा गया और कुछ देर बाद जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया। पूनम ने बताया कि दलबीर कौर को अस्पताल ने कुछ घंटों के बाद मृत घोषित कर दिया। पूनम ने कहा कि दलबीर का अंतिम संस्कार आज दोपहर में तरण तारण जिले में उनके पैतृक शहर भीखीविंड में किया जाएगा। सरबजीत को पाकिस्तानी अदालत द्वारा आतंकवाद और जासूसी करने का दोषी ठहराया गया था। 1991 में उन्हें मौत की सज़ा सुनाई गई थी। पाकिस्तानी सरकार ने 2008 में अनिश्चित काल के लिए उनकी फांसी पर रोक लगा दी थी। सरबजीत का पार्थिव शरीर लाहौर से अमृतसर लाया गया था जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। कई साल पहले दलबीर कौर ने अपने भाई को जेल से छुड़ाने के लिए अलग-अलग मंचों पर आवाज़ उठाई थी। दलबीर अपने भाई सरबजीत सिंह की दो बेटियों और पत्नी सहित अपने परिवार के सदस्यों के साथ दो बार लाहौर की कोट लखपत राय जेल में उनका हालचाल जानने गईं थीं। 2016 में सरबजीत सिंह के जीवन पर आधारित एक फिल्म आई थी, जिसमें दलबीर कौर की भूमिका अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने निभाई थी।

# मेरा बेटा अपने राज धर्म का पालन करेगा, मैं अपने राष्ट्र धर्म का पालन करूंगा: सिन्हा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति पद** के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने रविवार को कहा कि अगले महीने होने वाला राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत मुकाबले से कहीं अधिक है और सरकार की तानाशाही प्रवृत्तियों का विरोध करने की दिशा में एक कदम है। सिन्हा ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि वह अपने बेटे एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद जयंत सिन्हा का समर्थन नहीं मिलने को लेकर किसी धर्म संकट में नहीं हैं। उन्होंने कहा, मेरा बेटा अपने राज धर्म का पालन करेगा और मैं अपने राष्ट्र धर्म का पालन करूंगा।

उन्होंने कहा, यह चुनाव महज भारत के राष्ट्रपति के चुनाव से कहीं बढ़कर है।यह चुनाव सरकार की तानाशाही प्रवृत्तियों का विरोध करने की दिशा में एक कदम है। यह चुनाव भारत की जनता के लिए संदेश है कि इन नीतियों का विरोध होना चाहिए। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा राष्ट्रपति चुनाव के लिए आदिवासी समुदाय की नेता द्रौपदी मुर्मू को




मुकाबले में उतारने को लेकर सिन्हा ने कहा कि एक व्यक्ति को ऊपर उठाने से पूरे समुदाय का उत्थान नहीं होता।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक जीवन के अपने लंबे अनुभव से, मैं कह सकता हूं कि एक व्यक्ति का उत्थान पूरे समुदाय को आगे नहीं बढ़ाता है। पूरे समुदाय का उत्थान सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली नीतियों पर निर्भर करता है। इस पर और टिप्पणी किए बिना, मैं कहूंगा कि हमारे अपने इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां एक समुदाय में एक व्यक्ति के उत्थान के जरिए उस समुदाय को एक इंच भी ऊपर उठाने में मदद नहीं मिली है। यह केवल प्रतीकात्मक है और इसके अलावा कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि मुकाबला व्यक्तिगत लड़ाई से बहुत बड़ा है और जब तक लोग नहीं जागेंगे और पूरी व्यवस्था में सुधार नहीं होगा, तब तक हम स्थिति में सुधार नहीं देखेंगे। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत जीत या हार की तुलना में बहुत कुछ दांव पर है। हमारा लोकतंत्र, हमारा संविधान खतरे में है और स्वतंत्रता संग्राम के सभी मूल्य खतरे में हैं, इसलिए भारत को खतरा है और उन्हें भारत की रक्षा के लिए आगे बढ़ना होगा। सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में आने वाला व्यक्ति रबड़ स्टांप से कहीं अधिक होना चाहिए। उन्होंने याद किया कि ऐसे राष्ट्रपतियों ने अतीत में कुछ मौकों पर किस तरह का व्यवहार किया था।

# सहकार भारती ने दिया तकनीकी प्रशिक्षण

**कानपुर।** सहकार भारती उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के दौरान सहकारिता का आधुनिकीकरण विषय पर फ्लिपकार्ट की ओर से प्रतिभागियों को तकनीकी ज्ञान से प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान अलग-अलग सत्रों में आयोजित परिचर्चा में सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय, फ्लिपकार्ट के गिरीश नायर, पॉलिसी वॉच इंडिया फाउंडेशन के मुनिशंकर पांडेय, कार्यक्रम के संयोजक अरविंद दूबे सहित तमाम प्रबुद्ध जनों ने सत्र को संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग में नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सहकारिता हर क्षेत्र में है और हर क्षेत्र के विकास के लिए सहकारिता के कार्यकर्ताओं को बढ़कृचढ़कर योगदान देना होगा। इसके लिए हमें वंचितों और शोषितों की आवाज बननी है जो विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं। तकनीकी के माध्यम से हम उन तबकों तक आसानी से पहुंच सकते हैं जिनसे पहले नहीं पहुंच पाएं हैं। इसलिए तकनीकी का ज्ञान बहुत आवश्यक है और तकनीकी से ही सहकारी समितियों का आधुनिकीकरण होगा। नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सहकारिता के विकास की असीम संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं के दोहन के लिए तकनीक का उपयोग अनिवार्य है। इसलिए सहकार भारती के सदस्यों को तकनीकी से जोड़ा जा रहा है। फ्लिपकार्ट के नकुल गुलाटी ने बताया कि फ्लिपकार्ट का सदस्य बनना बहुत आसान है और आप ?दस मिनट में इस आनलाइन कंपनी का सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि कैसे सहकारी उत्पाद को देश के किसी भी कोने से किसी भी कोने तक भेज सकते हैं।

## लोग ईपीएस खेमे को सबक सिखाएंगे: पन्नीरसेल्वम

**मदुरै ( तमिलनाडु )।** प्रतिद्वंद्वी एडाप्पदी के पलानीस्वामी खेमे पर निशाना साधते हुए अन्नाद्रमुक नेता ओ. पन्नीरसेल्वम ने रविवार को कहा कि कैडर मेरे पक्ष में हैं और लोग और पार्टी कार्यकर्ता उनके विरोधियों को सबक सिखाएंगे। पन्नीरसेल्वम ने कहा, पार्टी कार्यकर्ता मेरे पक्ष में हैं और मैं भी हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ रहूंगा। ओपीएस के गृह जिले थेनी के रास्ते में यहां पहुंचने पर उनका समर्थकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पन्नीरसेल्वम ने संयुक्त समन्वयक पलानीस्वामी (ईपीएस) के खेमे को उन्हें पार्टी समन्वयक के पद से हटाने की कोशिश की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु के लोग और कार्यकर्ता उन्हें सबक सिखाएंगे और उन लोगों को दंडित करेंगे जो साजिश के जाल के पीछे और पार्टी में मौजूदा असाधारण स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। अन्नाद्रमुक ने कुछ दिन पहले कहा था कि आम परिषद की 11 जुलाई को फिर बैठक होगी और ईपीएस को एकल, सर्वोच्च नेता बनाया जाएगा। पार्टी में हावी ईपीएस और दरकिनार किए गए ओपीएस गुटों के बीच नोंक-झोंक जारी है।

# मदरसों का पितृसत्ता को बनाए रखने पर रहता है जोर: यूनेस्को की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एशिया में मदरसों और अन्य पंथों से जुड़े स्कूलों ने शिक्षा में लैंगिक असमानता को दूर करने में योगदान तो दिया है लेकिन इन स्कूलों में दी जाने वाली शिक्षा में समाज में पितृसत्ता को बनाए रखने पर जोर रहता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा प्रकाशित वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट में यह बात कही गई है। एशिया में गैर-सरकारी धर्म-आधारित स्कूलों ने लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच तो बढ़ाई है लेकिन इसकी उन्हें कीमत चुकानी पड़ती है। मदरसा स्नातकों का लड़कियों और कामकाजी माताओं की उच्च शिक्षा के प्रति कम अनुकूल रवैया रहता है, जो बच्चों को पत्नियों की मुख्य जिम्मेदारी और बच्चों की संख्या को ईश्वर की कृपा पर निर्भर मानते हैं। एशिया में कई मुस्लिम-बहुल देशों में शिक्षा में लैंगिक असमानता अधिक थी। गैर-सरकारी धर्म-आधारित प्रदाताओं के साथ साझेदारी में शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और लैंगिक अंतर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की गई है। मदरसों में लड़कियों के नामांकन में वृद्धि ने रूढ़िवादी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की गतिविधियों पर सामाजिक बाधाओं को कम करने में मदद की है तथा मदरसे सार्वभौमिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए कम लागत वाले मंच रहे हैं। मदरसा शिक्षा पहुंच में वृद्धि से लैंगिक समानता पर कुछ सकारात्मक प्रभाव भी नगण्य हो सकते हैं। उनके पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकें लैंगिकता-समावेशी नहीं हैं, इसके बजाय लैंगिक भूमिकाओं पर परंपरा को थोपा जाता है। बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, पाकिस्तान और सऊदी अरब में अध्ययनों से पता चला है। दूसरा, उनके शिक्षण और सीखने की प्रथाएं जैसे कि लैंगिक अलगाव और सामाजिक बातचीत पर विशिष्ट लैंगिक प्रतिबंध यह धारणा बना सकते हैं कि इस तरह की लैंगिक-असमानता प्रथाएं सामाजिक रूप से अधिक व्यापक रूप से स्वीकार्य हैं।

# दो समुदायों ने शादी में फिजूलखर्ची रोकने के लिए नियम बनाए

**भाषा।** जोधपुर

**राजस्थान** में पाली जिले में दो समुदायों के नेताओं ने शादियों में फिजूलखर्ची रोकने के लिए कुछ नियम जारी किए हैं। इनके तहत शादी में न डीजे बजेगा, न आतिशबाज़ी होगी और न ही दूल्हे की घुड़चढ़ी होगी। इसी के साथ ही समुदाय के नेताओं ने यह भी अनिवार्य कर दिया है कि दूल्हा दाढ़ी नहीं रखेगा। कुमावत और जाट समुदाय के नेताओं ने शादी में दंपती के रिश्तेदारों को दिए जाने वाले तोहफे की भी सीमा तय कर दी है जिसमें ज़ेवरात, कपड़े और नकद शामिल हैं।

नियम अफीम देने की प्रथा को भी हतोत्साहित करते हैं। कुम्हारों के समुदाय कुमावत के 19 गांवों के सदस्यों की 16 जून को बैठक हुई थी जहां इन नियमों को तय किया गया है। समुदाय के नेताओं ने कहा कि शादी एक संस्कार है और दूल्हे को राजा के रूप में देखा जाता है और वे अलग-अलग तरह की दाढ़ी रखकर समारोह में जाते हैं जो इसे ँगैर-गंभीर और फैशन वालौ बनाता है। कुमावत समुदाय के नेता लक्ष्मी नारायण टाक ने कहा, इसलिए, हमने तय किया कि समुदाय का कोई भी दूल्हा किसी भी तरह की दाढ़ी नहीं रखेगा और क्लीन शेव रहेगा। उन्होंने कहा कि साज-सज्जा, संगीत और अन्य रीति-रिवाजों पर बेवजह बड़ी राशि खर्च की जाती है।

लक्ष्मी नारायण ने कहा, इसलिए, हमने नियम बनाए हैं कि कोई थीम शादी व कोई सजावट नहीं होगी और बारात के दौरान डीजे नहीं बजेगा और उपहार के रूप में आभूषण और नकदी की सीमा भी तय की गई है। इसी तरह, पाली के रोहेत अनुमंडल के अंतर्गत आने वाले पांच गांवों के जाट समुदाय ने भी विवाह समारोहों को सादा बनाने के लिए नियम बनाए हैं और बारात निकालने के चलन को खत्म करने का फैसला किया है।

भाकरीवाला गांव के सरपंच आमनाराम बेनीवाल ने कहा, समुदाय के सभी परिवारों के लिए शादियों में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए, हमने कुछ सुधार लाने का फैसला किया है। दूल्हे का क्लीन शेव होना अनिवार्य करने के अलावा, सुधारों में बारात के दौरान घुड़चढ़ी की रस्म को भी खत्म करने का फैसला किया गया है। डीजे बजाने और आतिशबाज़ी करने को भी हतोत्साहित किया जा रहा है।

# रूस के खिलाफ गठबंधन में एकता जरूरी: बाइडन



एपी। एलमौ

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस का मुकाबला करने वाले वैश्विक गठबंधन की एकता की रविवार को प्रशंसा की। बाइडन और जी-7 समूह के अन्य नेताओं ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को लेकर रूस को अलग-थलग करने के लिए दबाव बनाए रखने की रणनीति पर चर्चा की।

बाइडन और उनके समकक्ष नेता ने ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने और मुद्रास्फीति से निपटने के तरीके पर चर्चा करने के लिए बैठक कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य मॉस्को को दंडित करने के लिए काम कर रहे वैश्विक गठबंधन को युद्ध के परिणामों से बचाना है। विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-7 देश रूस से सोने के आयात पर नए प्रतिबंधों की घोषणा करने की तैयारी में हैं। यह यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर रूस को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने के लिए प्रतिबंधों की एक श्रृंखला में नवीनतम है।

जी-7 समूह के नेता एक नई वैश्विक बुनियादी ढांचा साझेदारी के लिए भी एकजुट हो रहे हैं ताकि विकासशील देशों में रूसी और चीनी निवेश का विकल्प प्रदान किया जा सके। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ शिखर सम्मेलन से पहले की एक बैठक के दौरान बाइडन ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम सभी एक साथ रहें। स्कोल्ज वर्तमान में जी-7 के अध्यक्ष हैं और इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। आप जानते हैं, हम उन आर्थिक चुनौतियों से निपटने पर काम कर रहे हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं लेकिन मुझे लगता है कि हम इन सबसे पार पा लेंगे।

स्कोल्ज़ ने कहा कि अच्छा संदेश यह है कि हम सभी ने इसे एकजुट रहने के लिए बनाया है, जिसकी पुतिन ने कभी उम्मीद नहीं की थी। बाइडन ने कहा, हमें एकसाथ रहना होगा, क्योंकि पुतिन को शुरू से ही यह उम्मीद है कि किसी तरह नाटो और जी -7 में फूट पड़ जाएगी लेकिन वह नहीं हुआ और हम यह नहीं होने देंगे। इस शिखर सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत से कुछ घंटे पहले, रूस ने रविवार को यूक्रेन की राजधानी के खिलाफ मिसाइल हमले शुरू किए और कम से कम दो आवासीय भवनों पर हमला किया। बाइडन ने रूस की कार्वाइयों की निंदा की और इसे बर्बरता करार दिया। अन्य नेताओं ने गठबंधन की एकता की बाइडन द्वारा प्रशंसा किए जाने का स्वागत किया।

## रूसी सोने के आयात पर पाबंदी लगाने के लिए ब्रिटेन ने जी-7 में अमेरिका, कनाडा, जापान से मिलाया हाथ

**लंदन।** जर्मनी मे जी-7 शिखर सम्मेलन मे रविवार को नए कठोर नियमों पर सहमति बनने के बाद ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा और जापान में रूसी सोने के आयात की अब अनुमति नही होगी। इस कदम का उद्देश्य यूक्रेन संकट को लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बढ़ाना है। सोना, रूसी निर्यात का एक बड़ा हिस्सा है, जिसने 2021 में रूस की अर्थव्यवस्था मे 12.6 अरब पौंड का योगदान दिया था। रूसी अभिजात्य वर्ग के लिए इसका महत्व हाल के महीनों मे और बढ़ गया है क्योंकि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के वित्तीय प्रभाव से बचने के लिए धनी वर्ग द्वारा सोने की छड़ों की खरीदारी बढ़ गई है। शिखर सम्मेलन मे शरीक हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, आज हमने जिस उपाय की घोषणा की है वह पुतिन द्वारा छेड़े गए युद्ध को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। पुतिन अपने तेजी से कम हो रहे संसाधनो को निरर्थक और बर्बर युद्ध मे झोक रहे है। वह यूक्रेनी और रूसी नागरिकों की कीमत पर अपने अहम को संतुष्ट कर रहे है। हमे पुतिन सरकार को होने वाले वित्तपोषण को रोकने की जरूरत है। ब्रिटेन और हमारे सहयोगी देश यही कर रहे है। लंदन सोने के व्यापार का एक बड़ा केंद्र है और ब्रिटिश प्रतिबंधों के बाद इसका, धन जुटाने की पुतिन की कोशिश पर भारी असर पड़ेगा। यह प्रतिबंध रूस के खिलाफ लागू किया जाने वाला विश्व का अपनी तरह का पहला प्रतिबंध होगा। ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने कहा, रूसी मूल के सोने पर यह आयात प्रतिबंध, रूस से होने वाले हमारे आयात के 13.5 अरब पौंड, को अपने दायरे में लेगा।

## रूस ने कीव पर किया हमला

**रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में अपनी पकड़ को और मजबूत किया**

एपी। कीव(यूक्रेन)



**रूस** ने रविवार तड़के यूक्रेन की राजधानी पर हमला कर कम से कम दो आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। कीव के मेयर विताली क्लितस्चको ने यह जानकारी दी। वहीं, यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में रूसी सैनिकों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। कीव में, समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकार ने देखा कि बचाव कर्मी आग की लपटों पर काबू पाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। क्लितस्चको ने कहा कि चार घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और सात साल की एक बच्ची को मलबे से जीवित बाहर निकाला गया। यूक्रेन के सांसद ओलेक्सी गोनचारेंको ने संदेश भेजने में उपयोग किए जाने वाले टेलीग्राम ऐप पर लिखा कि शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक कीव क्षेत्र पर कम से कम 14 मिसाइल दागी गईं। रविवार तड़के हुए हमलों से पहले कीव ने पांच जून से इस तरह के रूसी हमलों का सामना नहीं किया था। क्लितस्चको ने संवाददाताओं से कहा कि उनका मानना है कि मैड्रिड में इस हफ्ते होने वाले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक से पहले यह संभवत: एक प्रतीकात्मक हमला रहा होगा। कीव में बाद में विस्फोट की दो और आवाज सुनी गई, लेकिन उनके कारण और उनमें हताहत हुए संभावित लोगों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। इस बीच, रूसी सैनिक पूर्वी लुशांक क्षेत्र में यूक्रेन के शेष गढ़ पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। रूसी सैनिक सिवेरोदोंतेस्क के भग्नावशेषों और रासायनिक संयंत्र, जहां सैकड़ों यूक्रेनी सैनिक और नागरिक छिपे हुए हैं, पर पूर्ण नियंत्रण कायम करने के लिए अपनी गतिविधियां तेज कर रहे हैं। लुशांक क्षेत्र के गवर्नर सेरहीय हैदई ने रविवार को कहा कि रूस लाईसीचांस्क शहर पर तेज हमले कर रहा है और उसके टेलीविजन टावर को नष्ट कर दिया है तथा उसने एक पुल को भी गंभीर क्षति पहुंचाई है। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, शहर में बहुत विनाश किया गया है।

## जॉनसन ने अगला चुनाव जीतने का दावा किया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने रविवार को इस दावे के साथ कंजरवेटिव पार्टी के कई सहयोगियों को नाराज कर दिया कि वह अगले आम चुनाव में सत्ताधारी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सही रास्ते पर हैं। वहीं, दो महत्वपूर्ण उपचुनावों में करारी हार के बाद उनके नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह बढ़ रहा है। इस सप्ताह की शुरूआत में उपचुनावों में मतदाताओं ने विपक्षी लेबर पार्टी के पक्ष में मतदान करके और कंजरवेटिव पार्टी को पार्टीगेट घोटाले और जीवन-यापन पर खर्च बढ़ने को लेकर दंडित किया था। उसके बाद जॉनसन को आलोचना का सामना करना पड़ा रहा है। इन उपचुनावों को जॉनसन के नेतृत्व के लिए एक तरह के जनमत संग्रह के रूप में देखा रहा है। रवांडा में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (सीएचओजीएम) के अंत में संवाददाताओं ने जॉनसन से सवाल किया कि क्या वह 2028-2029 में होने अगले चुनाव तक पद पर एक पूर्ण दूसरे कार्यकाल चाहते हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, फिलहाल मैं तीसरे कार्यकाल के बारे में सक्रियता से सोच रहा हूं और यह हो सकता है, लेकिन मैं समय आने पर इसकी समीक्षा करूंगा। एक सूत्र ने बाद में कहा कि वह मजाक कर रहे होंगे। इससे पहले, बीबीसी के एक साक्षात्कार में, जॉनसन ने कहा, यदि आप कह रहे हैं कि आप चाहते हैं कि मैं किसी प्रकार के मनोवैज्ञानिक परिवर्तन से गुजरूं, तो मुझे लगता है कि हमारे श्रोताओं को पता होगा कि ऐसा नहीं होने वाला है।

# अफगानिस्तान में भूकंप के बाद हर ओर तबाही



एपी। गेयान (अफगानिस्तान)

**अफगानिस्तान** में जब पिछले हफ्ते भूकंप आया तो नहीम गुल अपने पत्थर और मिट्टी के घर के नीचे दब गए।

मलबे में उनके पिता और दो बहनें भी दब गई जिससे उनकी मौत हो गई। गुल को यह नहीं पता कि कितने घंटे तक मलबे को हटाने के बाद उन्हें अपने पिता और बहनों के शव नज़र आए। दक्षिण पूर्व अफगानिस्तान में बुधवार को आए छह तीव्रता के भूकंप ने दूरदराज़ के क्षेत्र में भंयकर तबाही मचाई है। इस वजह से कम से कम 1150 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों जख्मी हैं। गुल के हर ओर तबाही है और मदद उन जैसे लोगों तक पहुंच नहीं पा रही है। भूकंप के दौरान घर की दीवार गिरने से उनके भांजे और भतीजे की भी मौत हुई है। गुल ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटिड प्रेस से रविवार को कहा, मुझे नहीं पता कि हमारे साथ क्या होगा या हम कैसे फिर से अपनी जिंदगी शुरू करेंगे। हमारे पास फिर से शुरुआत करने के लिए धन भी नहीं है। उनका हाथ और कंधा जख्मी हुआ है। यह बात पक्तिका और खोस्त प्रांत के उन गांवों के हजारों लोगों ने कही जहां भूकंप ने सबसे ज्यादा कहर बरपाया है। जो लोग बमुश्किल अपना गुज़र-बसर कर रहे थे, उन्होंने सबकुछ गंवा दिया है। अनेक लोगों तक तो अब तक राहत समूह एवं अधिकारी भी नहीं पहुंचे हैं। वे प्रभावित इलाकों तक पहुंचने की कोशश कर रहे हैं लेकिन रास्ते में भूस्खलन की वजह से पहुंच नहीं पा रहे हैं। आर्थिक तंगी से जूझ कर रहे तालिबान को हालात का इल्म है और उसने विदेशी सहायता का आग्रह किया है और वाशिंगटन से अफगानिस्तान के अरबों डॉलर के भंडार को निकालने पर लगी रोक को हटाने की शनिवार को फिर से अपील की। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों और देशों ने मदद भेजी है। चीन ने करीब 75 लाख डॉलर की आपात मानवीय सहायता भेजने का शनिवार को संकल्प लिया। वह ईरान पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात और कतर के साथ शामिल हो गया है जिन्होंने टेंट, तौलिए, बिस्तर और अन्य जरूरत का सामान भूकंप प्रभावित इलाकों में भेजा है। संयुक्त राष्ट्र के उप विशेष प्रतिनिधि रमिज़ अलकबरोव ने शनिवार को प्रभावित पक्तिका प्रांत का दौरा किया और नुकसान का आकलन किया तथा खाद्य सामान, दवा और टेंट वितरित किए। संयुक्त राष्ट्र के हेलीकॉप्टर और ट्रक ब्रेड, आटा, चावल और कंबल लेकर प्रभावित इलाकों में पहुंचे।

# दुनिया के लिए भरोसेमंद 5जी प्रौद्योगिकी समाधान ला सकता है भारत: वैष्णव

भाषा। नई दिल्ली

**दूरसंचार** और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि दुनिया भर के लोग विश्वसनीय दूरसंचार समाधानों की तलाश में हैं और कोई भी देश भरोसे के लिहाज से भारत की बराबरी नहीं कर सकता। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि टीसीएस-सीडॉट के नेतृत्व वाले गठजोड़ द्वारा विकसित स्वदेशी 5जी तकनीक में वैश्विक सौदे हासिल करने की क्षमता है। वैष्णव ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकी उपकरणों पर आधारित बीएसएनएल नेटवर्क में 1.25 लाख मोबाइल साइटों को तैनात करने की योजना बना रही है। उन्होंने सेमीकंडक्टर चिप की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी वाली इलेक्ट्रॉनिक चिप के लिए पहला परियोजना प्रस्ताव अगले कुछ महीनों में स्वीकृत हो जाएगा। उन्होंने कहा, हम अपने खुद के 5जी प्रौद्योगिकी ढांचे को विकसित करने पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। दूरसंचार के लिए एक अच्छे विश्वसनीय और किफायती प्रौद्योगिकी स्रोत में पूरे विश्व समुदाय की बड़ी रुचि है, क्योंकि दूरसंचार आज सभी डिजिटल सेवाओं की बुनियाद है। लोग एक विश्वसनीय दूरसंचार समाधान चाहते हैं। आप जानते हैं कि कोई भी देश भरोसे के लिहाज से भारत की बराबरी नहीं कर सकता।

## राज्यों में कारोबारी सुगमता संबंधी रैंकिंग 30 जून को हो सकती है जारी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय कारोबारी सुगमता के मामले में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग बृहस्पतिवार को जारी कर सकता है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 30 जून को बीआरएपी 2020 के तहत राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का आकलन पेश करेंगी। इस कवायद का उद्देश्य राज्यों के बीच व्यावसायिक माहौल को बेहतर बनाने की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है जिससे कि वे घरेलू और वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर सकें। इन मानकों में निर्माण मंजूरी, श्रम नियमन, पर्यावरण पंजीयन, भूमि उपलब्धता और एकल खिड़की प्रणाली शामिल है।

# मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2030 तक 7.5 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान: ठाकुर



भाषा। पुणे

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को कहा कि मीडिया और मनोरंजन पारिस्थितिकी एक तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है जिसके वर्ष 2030 तक बढ़कर 7.5 लाख करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने यह भी कहा कि देश में डिजिटल ढांचे के त्वरित विस्तार और एवीजीसी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) क्षेत्र में आ रहे बदलाव भारत को मीडिया और मनोरंजन उद्योग में पोस्ट-प्रोडक्शन का केंद्र बनाने की क्षमता रखते हैं। ठाकुर ने यहां सिम्बायोसिस स्किल एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मीडिया और मनोरंजन पारिस्थितिकी एक उभरता हुआ क्षेत्र है जिसके वर्ष 2025 तक सालाना चार लाख करोड़ रुपए का कारोबार करने और वर्ष 2030 तक 7.5 लाख करोड़ रुपए का उद्योग बनने का अनुमान है। सरकार ने ऑडियो-विजुअल सेवाओं को 12 चैंपियन सेवा क्षेत्रों में शामिल किया है। इसके अलावा टिकाऊ वृद्धि को संभव बनाने के लिए सरकार ने कई प्रमुख नीतिगत कदम भी उठाए हैं।

मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में कई तरह की भूमिकाएं निकल कर आई हैं और उद्योग तथा अकादमिक जगत को साथ आकर ऐसे कार्यक्रम डिजाइन करने चाहिए जो इस क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप हों। उन्होंने भारत में फिल्मों को बॉलीवुड एवं टॉलीवुड के रूप में पेश करने की प्रवृत्ति पर नाखुशी जताते हुए कहा, "मुझे बॉलीवुड एवं टॉलीवुड जैसे शब्द पसंद नहीं हैं। इसकी जगह पर भारतीय फिल्म उद्योग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

## निर्णायक नेतृत्व से भारत की वृद्धि को मिला समर्थन: गोयल

**कोयंबटूर।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भरोसेमंद एवं निर्णायक नेतृत्व के साथ ही लोकतांत्रिक संरचना के चलते हर स्तर पर पारदर्शिता से भी भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को समर्थन मिला है। वाणिज्य, उद्योग और कपड़ा मंत्री ने कहा कि देश ने एक स्थिर नीति ढांचे की घोषणा की है और सभी क्षेत्रों में किए गए प्रत्एक निवेश का सम्मान किया है। गोयल ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सहयोग से आयोजित सीआईआई के सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक में यह बात कही। इस बैठक का आयोजन भारत सरकार और इंवेस्ट इंडिया के साथ मिलकर शनिवार शाम को किया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि इस बैठक में कपड़ा, हल्के इंजीनियरिंग और आईसीटी क्षेत्रों के सदस्यों ने भाग लिया।

## क्विक न्यूज

### परमाणु वार्ता बहाली पर सहमति बनने के बीच ईरान ने रॉकेट प्रक्षेपित किया

**तेहरान।** परमाणु वार्ता फिर से शुरू होने पर सहमति बनने के बीच ईरान के सरकारी टीवी ने रविवार को रॉकेट प्रक्षेपण की घोषणा की। तेहरान ने उपग्रह कैरियर के साथ यह रॉकेट प्रक्षेपित किया है। हालांकि, यह स्पष्ट नही है कि रॉकेट का प्रक्षेपण कब किया गया। रेगिस्तानी क्षेत्र से रॉकेट प्रक्षेपण की तैयारी से जुड़ी तस्वीरें सामने आने के बाद सरकारी टीवी ने इस बाबत घोषणा की। सरकारी टीवी ने दावा किया कि रॉकेट प्रक्षेपण सफल रहा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वार्ता में आए गतिरोध को दूर करने के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) की विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल की तेहरान यात्रा के बाद यह खबर आई है। बोरेल ने शनिवार को घोषणा की थी कि ईरान और अमेरिका आने वाले दिनों में अप्रत्यक्ष रूप से वार्ता बहाल करेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका के क्लब में कम से कम 20 लोगों की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की पुलिस तटीय शहर ईस्ट लंदन के एक नाइट क्लब में रविवार तड़के कम से कम 20 लोगों की मौत के मामले की जांच कर रही है। यह स्पष्ट नही है कि उन युवाओं की मौत का कारण क्या है, जो स्कूल की परीक्षा की समाप्ति का जश्न मनाने के लिए एक पार्टी में शामिल हुए थे। स्थानीय अखबार डेली डिस्पैच ने बताया कि शव टेबल और कुर्सियों पर पड़े हुए थे और चोट के किसी प्रकार के लक्षण नही दिखे हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता सियांदा मनाना ने कहा, अभी हम मौत के कारणो की पुष्टि नही कर सकते है। मनाना ने कहा, हम मौत के संभावित कारणों का पता लगाने के लिए शवों का अंत्यपरीक्षण करा रहे हैं।

### इजराइली पीएम ने संसद को भंग करने से पहले मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई

**तेल अवीव।** इजराइली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने इस सप्ताह ही संसद को भंग किए जाने और नए सिरे से चुनाव कराने की संभावना के बीच अपने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि बेनेट ने रविवार को प्रधानमंत्री के तौर पर आखिरी बार मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। बेनेट के चुनाव की ओर बढ़ने के फैसले के साथ ही उस महत्वकांक्षी राजनीतिक योजना का भी समापन हो जाएगा जिसके तहत आठ विपरीत विचारधारा की पार्टियां केवल पूर्व नेता बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से बाहर करने के लिए अपने-अपने मतभेदो को एक ओर रख साथ आई थी। नेतन्याहू इस समय विपक्ष के नेता है और देश को नेतृत्व प्रदान करने को तैयार है।

### मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप में आठ शव मिले

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप मे शनिवार को आठ शव बरामद हुए। ऐसा प्रतीत होता है कि ए उन आठ लोगो के शव है जिनका कैरेबिया के तट पर स्थित एक रिसॉर्ट से अपहरण कर लिया गया था। युकाटन राज्य के अभियोजकों के अनुसार, हो सकता है कि शव उन पुरुषों के है जिनके समुद्र तट शहर ज़ूक्लाक से अपहरण किए जाने की सूचना मिली थी। गौरतलब है कि ज़ूक्लाक बेलीज के पास मेक्सिको के कैरिबियन तट के दक्षिणी सिरे पर स्थित है।

### कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ के सकल राजस्व पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगने की संभावना

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था जीएसटी परिषद की इस सप्ताह होने वाली बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ के सकल राजस्व पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के प्रस्ताव पर चर्चा होने की संभावना है। सूत्रो ने कहा कि मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की अध्यक्षता मे गठित मंत्रियो के समूह (जीओएम) की तरफ से पेश रिपोर्ट पर जीएसटी परिषद की 28-29 जून को चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में विचार किया जा सकता है। जीओएम ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि ऑनलाइन गेमिंग के समूचे मूल्य पर कर लगाया जाना चाहिए, जिसमें खेल मे भाग लेने पर खिलाड़ी द्वारा भुगतान किया जाने वाला प्रवेश शुल्क भी शामिल है। वही घुड़दौड़ के मामले में जीओएम ने सुझाव दिया है कि दांव लगाने के लिए जमा की गई पूरी राशि पर जीएसटी लगाया जाए।

### सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड 200 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाएगी

**मुंबई।** सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड ने स्टाक एक्सचेंजों को सूचित किया है कि वह विभिन्न चैनलों के माध्यम से 200 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने की योजना बना रहा है। बोर्ड ने सही आधार पर या उसके किसी भी संयोजन में तरजीही आवंटन और या क्यूआईपी, एफसीसीबी, एडीआर, जीडीआर मुद्दों, या मौजूदा शेयरधारकों के माध्यम से कुल 200 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों को जारी करने और आवंटित करके धन जुटाने को मंजूरी दी है। इस संबंध में बोर्ड ने एक धन उगाहने वाली समिति के गठन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। नियामक फाइलिंग में कहा गया है कि फंड एक या एक से अधिक चरणों में जुटाया जाएगा। प्रत्येक10 रुपये के अंकित मूल्य के साथ स्टॉक विभाजन 10रू के अनुपात में होगा, रुपये के अंकित मूल्य के साथ।1 रुपये के अंकित मूल्य वाले 10 इक्विटी शेयर का पूरी तरह से भुगतान किया जाएगा।

### एलेवेटर उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन मुंबई में

**मुंबई।** भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लिफ्ट एलेवेटर बाजार है। एलेवेटर एंड एस्केलेटर कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार भारत का वैश्विक लिफ्ट बाजार में 7 प्रतिशत से अधिक का योगदान होते हुए भी यह वैश्विक लिफ्ट, एलेवेटर निर्यात में 0.25 प्रतिशत से कम योगदान देता है। मद्रास कंसल्टेंसी ग्रुप के अनुसार भारत 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के लिफ्ट घटकों का आयात करता है। वहीं 65 प्रतिशत के साथ चीन प्राथमिक लाभार्थी है। निर्यात और आयात से संबंधित विसंगति को ठीक करने के उद्देश्य से लिफ्ट और एस्केलेटर अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग प्रदर्शनी के लिए शुरू की गई है। लिफ्ट और एस्केलेटर अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग प्रदर्शनी का प्राथमिक उद्देश्य भारत को लिफ्ट और एस्केलेटर के लिए वैश्विक सोर्सिंग हब के रूप में स्थापित करना और चीन पर उद्योग की निर्भरता को कम करना है। लिफ्ट और एस्केलेटर अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग प्रदर्शनी के लिए 1,2, 3 दिसंबर 2022 को प्रदर्शनी बॉम्बे एक्जिबिशन सेंटर नेस्को गोरेगांव मुंबई में आयोजित की जाएगी।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 423 परियोजनाओं की लागत 4.95 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

भाषा। नई दिल्ली

**बुनियादी** ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 423 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.95 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई-2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की l,568 परियोजनाओं में से 423 की लागत बढ़ी है, जबकि 721 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन l,568 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,59,802.67 करोड़ रुपए थी, जिसके बढ़कर 26,54,818.05 करोड़ रुपए पर पहुंचने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 22.92 प्रतिशत या 4,95,015.38 करोड़ रुपए बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,42,563.22 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 50.57 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 563 पर आ जाएगी।

## एफपीआई की निकासी जारी, जून में भारतीय इक्विटी से अब तक 46,000 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों की भारतीय इक्विटी बाजारों से निकासी जारी है। भारतीय रिजर्व बैंक और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को कड़ा करने के बाद एफपीआई ने इस महीने अब तक लगभग 46,000 करोड़ रुपए निकाले है। फेडरल रिजर्व की नीतियों, कच्चे तेल की कीमतों और अस्थिर रुपए ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख को प्रभावित किया। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई द्वारा 2022 मे अब तक इक्विटी से शुद्ध निकासी बढ़कर 2.13 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। यस सिक्योरिटीज मे संस्थागत इक्विटी के प्रमुख विश्लेषक हितेश जैन ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व और दूसरे प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक सख्ती, कच्चे तेल की कीमतों मे तेजी और अस्थिर रुपए के बीच अनुमान है कि एफपीआई उभरते बाजारो से दूर रहेगे। उन्होने कहा कि एफपीआई की आवक तभी दोबारा शुरू होगी, जब अमेरिका मे फेडरल रिजर्व द्वारा दरो मे बढ़ोतरी रुक जाएगी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि इसके अलावा अगर डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल का मौजूदा रुझान बना रहता है तो एफपीआई द्वारा और अधिक बिकवाली करने की संभावना है।

## डिजिटल कॉमर्स के लिए मुक्त नेटवर्क को लेकर उत्साहित: अमेजन

**नई दिल्ली।** दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने डिजिटल कॉमर्स के लिए मुक्त नेटवर्क को एक अच्छा विचार बताते हुए कहा है कि वह भारत के ई-कॉमर्स बाजार में मुक्त नेटवर्क की संभावनाओं को लेकर खासी उत्साहित है। गत अप्रैल में देश के पांच शहरों में डिजिटल कॉमर्स के लिए मुक्त नेटवर्क (ओएनडीसी) का पायलट चरण शुरू किया गया था। ओएनडीसी एक यूपीआई की तरह का प्रोटोकॉल है। इस पूरी कवायद का मकसद तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र को दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचाना, छोटे खुदरा विक्रेताओं की मदद करना और दिग्गज ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं के वर्चस्व को कम करना है। अमेजन में भारतीय उपभोक्ता कारोबार के प्रमुख मनीष तिवारी ने ओएनडीसी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि कंपनी नवोन्मेषों को लेकर उत्सुक है और इससे सभी का भला होगा। इससे अधिक खरीदार और विक्रेता ऑनलाइन आएंगे।

## मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए वृद्धि का असहनीय बलिदान न हो: एमपीसी सदस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत वर्मा का मानना है कि मुद्रास्फीति पर अचानक काबू पाने के लिए वृद्धि का असहनीय बलिदान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी के प्रकोप से मुश्किल से ही उबर पाई है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मुद्रास्फीति पर अचानक काबू पाने की कोशिश में वृद्धि का असहनीय बलिदान न हो। देश की अर्थव्यवस्था के लिए सतर्क आशावादी दृष्टिकोण के साथ वर्मा ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए वृद्धि की संभावनाएं तर्कसंगत हैं, भले ही भूराजनीतिक तनाव और जिंस की उंची कीमतें लंबे समय तक बनी रहें।

## एलेन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने एड-टेक में प्रवेश किया

**मुंबई।** भारत में छात्रों के लिए संगठित कोचिंग में अग्रणी, एलेन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने अपनी पहली डिजिटल शाखा एलेन डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के शुभारंभ के साथ एड टेक में अपने प्रवेश की घोषणा की। कंपनी ने जेईई एडवांस्ड और मेन और एनईईटी यूजी जैसी प्रवेश परीक्षाओं के लिए कोचिंग का बीड़ा उठाया है। इसका उद्देश्य अपने नए डिजिटल उद्यम के माध्यम से भारत और अन्य जगहों के छात्रों के लिए शिक्षा परिणामों में महत्वपूर्ण रूप से सुधार करना है। छात्रों की कॅरियर आकांक्षाओं के मार्ग में बाधाजन्य परिस्थितियों को दूर करने के उद्देश्य से, एलेन कॅरियर इंस्टीट्यूट कॅरियर कोचिंग को लेकर महत्वपूर्ण योजना बना रहा है कि किस तरह डिजिटल और ऑफ्लाइन शिक्षण विकल्पों के मिश्र के जरिए कोचिंग शिक्षा प्रदान की जाए। एड टेक क्षेत्र में अपने प्रवेश पर टिप्पणी करते हुए एलेन डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आनंद माहेश्वरी ने कहा कि पिछले तीन दशकों में, एलेन प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी के लिए शीर्ष संस्थान के रूप में उभरा है और लगातार इन परीक्षाओं में शीर्ष परिणाम देता रहा है।

# दादा-दादी को मौत के घाट उतारा

## शराबी प्रवृत्ति के पौत्र ने घटना को दिया अंजाम, क्षत-विक्षत हालत में शव बरामद

**भाषा।** बदायूं

**जिले** के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के एक गांव में शराबी प्रवृत्ति के पौत्र द्वारा कथित तौर पर अपने दादा-दादी की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुजुर्ग दंपति के शवों को सड़ी-गली हालत में बरामद किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, दामरी गांव में बुजुर्ग दंपति के शव सड़ी-गली अवस्था में अलग-अलग बंद मकानों में मिले हैं और उनकी शिनाख्त प्रेमशंकर (65) व उनकी पत्नी भगवानदेई (60) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ग्रामीण सिद्धार्थ वर्मा के अनुसार, मृतक दंपति के मंझले पुत्र गेंदनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में दिल्ली में मजदूरी करने वाले अपने बड़े भाई रामपाल के बेटे हिमेश पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में टीम लगा दी है। वर्मा के मुताबिक, प्रेमशंकर के तीन पुत्रों में से दो रामपाल व इंद्रपाल दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं, जबकि मंझला बेटा गेंदनलाल गांव में ही नौकरी करता है। उन्होंने बताया कि 22 जून को गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बुजुर्ग दंपति दिल्ली से गांव आए थे, लेकिन दावत के बाद प्रेमशंकर और भगवानदेई गांव में किसी को भी नहीं दिखाई दिए। वर्मा के अनुसार, गांव वालों ने समझा कि शादी में शिरकत करने के बाद दोनों दिल्ली लौट गए होंगे, लेकिन शनिवार शाम प्रेमशंकर के पैतृक घर और रामपाल व इंद्रपाल के मकान से बदबू आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि दोनों मकानों में बाहर से ताला लगा हुआ था और पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो दंपति के सड़े-गले शव बरामद हुए। एसपी सिद्धार्थ वर्मा और पुलिस क्षेत्राधिकारी ओजस्वी चावला ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। बुजुर्ग दंपति के मंझले पुत्र गैदनलाल ने पुलिस को बताया कि उसके बड़े भाई रामपाल का पुत्र हिमेश (20) शराबी प्रवृत्ति का है और वह आए दिन बुजुर्ग दादा-दादी से शराब पीने के लिए पैसे मांगता था और न देने पर झगड़ा करता था। गैदनलाल ने आरोप लगाया कि 22 जून की रात को दावत के बाद उसने ही अपने दादा-दादी की हत्या कर दोनों के शव अलग-अलग मकानों में रखकर बाहर से ताला लगा दिया, ताकि किसी को शक न हो। मृतक दंपति के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हिमेश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## ससुराल में युवक का शव पेड़ से लटका मिला, कमरे में मिली पत्नी की लाश

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के ठठिया थाना क्षेत्र में अपनी ससुराल में रह रहे एक युवक का शव आंगन में नीम के पेड़ से लटका मिला, जबकि खून से लथपथ उसकी पत्नी की लाश कमरे से बरामद हुई।पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार कन्नौज जिले के ठठिया थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव में रविवार सुबह की सुबह इस घटना की जानकारी तब हुई जब दंपति का तीन वर्षीय पुत्र सुबह नींद से जगा और उसने अपनी मां को जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठी तो रोते हुए बाहर आया। इसके बाद गांव के लोग भीतर पहुंचे तो घटना के बारे में पुलिस को सूचित किया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) डॉ अरविन्द कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि दोनों की मृत्यु कैसे हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ठठिया थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी रामस्वरूप ने लगभग छह वर्ष पूर्व अपनी बेटी की शादी इटावा जिले के जसवंतनगर क्षेत्र के गांव सुगंध नगर निवासी शक्ति सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही पत्नी आरती और शक्ति के बीच मनमुटाव रहने लगा, जिसके कारण 15 दिन पूर्व आरती का भाई अपनी बहन को गांव बुला लाया था। गत 22 जून को शक्ति अपनी पत्नी आरती व अपने पुत्र को बुलाने ठठिया के श्रीनगर गांव में आया हुआ था। वह गांव में ही रुका हुआ था। ससुराल के लोगों ने गांव के बाहर बने मकान में रहने के लिए जगह दी थी और शक्ति अपनी पत्नी आरती और पुत्र शिवा के साथ रह रहा था। रविवार की सुबह जब तीन वर्षीय पुत्र शिवा की नींद खुली तो वह मां को उठाने गया। जब मां नहीं उठी, तो वह बाहर आकर जोर से रोने लगा। तब तक आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए। लोग जब घर के भीतर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर हतप्रभ रह गए। कमरे में खून से लथपथ आरती का शव पड़ा था, जबकि आंगन में खड़े नीम के पेड़ से लगे फंदे में शक्ति का शव लटका था। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार, क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे और प्रियंका बाजपेई मौके पर पहुंचे। आरती की मां सुनीता ने बताया कि आरती और शक्ति के बीच मनमुटाव था और कभी-कभी मारपीट भी हो जाती थी। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि पहले शक्ति ने अपनी पत्नी आरती को मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया और फिर खुद नीम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## किसान की गोली मारकर हत्या, विरोध में जोरदार प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के फुगाना में बस अड्डे के पास एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार की रात हुई जब अज्ञात बदमाशों ने बस अड्डे के पास किसान सत्एंद्र कुमार (42) की गोली मारकर हत्या कर दी। फुगाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शरद चंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्यारों की तलाश की जा रही है। इस बीच, ग्रामीणों ने घटना का विरोध किया और त्वरित कार्वाई की मांग को लेकर फुगाना में मेरठ-करनाल मार्ग को जाम कर दिया। बाद में मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

प्रतापगढ़ में इंजीनियरिंग कॉलेज की दीवार गिराने का मामला

# सपा विधायक समेत छह के खिलाफ मामला दर्ज



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले की कंधई थाना पुलिस ने रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के शिवसत गांव में निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज की दीवार गिराने के आरोप में समाजवादी पार्टी के विधायक डॉक्टर आरके वर्मा समेत छह नामजद और 40 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके कुछ दिन पहले विधायक वर्मा ने इसी कॉलेज की दीवार में कथित रूप से घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल होने का दावा किया था। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सतपाल अंतिल ने रविवार को विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की पुष्टि की। अंतिल ने बताया कि निर्माणधीन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की कार्यदाई संस्था अमरोंट्रांस इंफ्राटेक प्रा.लि. के परियोजना प्रबंधक मोहम्मद इरशाद की तहरीर पर विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ कॉलेज की निर्माणाधीन दीवार गिराने के आरोप में शनिवार देर रात संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मोहम्मद इरशाद ने दी गई तहरीर में आरोपित किया है कि निर्माणधीन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में विधायक डॉक्टर आरके वर्मा और उनके 40-50 समर्थक, जिसमें वीएल पटेल, दिनेश पटेल, दिनेश सिंह, योगेश और मोनू शामिल हैं, गाड़ियों से आए। तहरीर के मुताबिक उसी दिन चिनाई की गई दीवार को गिराने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। इरशाद ने आरोप लगाया कि उन लोगों ने मना करने पर गाली गलौज और मारने की धमकी भी दी। पुलिस के मुताबिक विधायक और उनके समर्थकों ने सरकारी कार्य में बाधा डालकर शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाई है ढ गौरतलब है कि निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण में घोर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए रानीगंज से सपा विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने शुक्रवार को कहा था कि यहां कॉलेज नहीं, बल्कि कब्रगाह का निर्माण हो रहा है। वर्मा ने शुक्रवार को निर्माणाधीन कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद कहा कि वह बेलखरनाथ धाम में सामूहिक विवाह में शामिल होने जा रहे थे, तभी क्षेत्र के लोगों ने शिवसत गांव में निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज एवं अस्पताल की निर्माण सामग्री को लेकर शिकायत की और निरीक्षण करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जब वह निर्माणाधीन कॉलेज में पहुंचे और दीवार को थोड़ा सा धक्का दिया, तो दीवार भरभरा कर गिर गई। उन्होंने कहा कि कॉलेज का निर्माण बालू से किया जा रहा था। जिलाधिकारी से इसकी शिकायत करने पर आरईएस के सहायक अभियंता वहां पहुंचे और निर्माण सामग्री का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया। रानीगंज में निर्माणाधीन कॉलेज की दीवार पर विधायक द्वारा हल्का से धक्का दिए जाने से दीवार गिरने का वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ है। इस घटना पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुटकी लेते हुए शुक्रवार को ट्वीट किया था भाजपा के राज में घोर भ्रष्टाचार का कमाल है निराला। बिन सीमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज की ईंटों को जोड़ डाला।

## बोले राज्यपाल सत्यपाल मलिक, अग्निपथ पर पुनर्विचार करे सरकार

# तीन साल में लौटे तो नहीं होगी शादी

**भाषा।** बागपत



**मेघालय के** राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सेना भर्ती की नई अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए रविवार को कहा कि सरकार को इस योजना पर पुनर्विचार करना चाहिए। मलिक ने कहा कि छह माह जवान प्रशिक्षण लेगा, छह माह की छुट्टी और तीन साल की नौकरी करने के बाद जब वह घर लौट आएगा तो उसका ब्याह भी नहीं होगा। रविवार को यहां खेकड़ा में शिक्षक नेता गजे सिंह धामा की मौत के बाद उनके आवास पर मलिक शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल मलिक ने कहा कि अग्निपथ योजना जवानों के खिलाफ है, यह उनकी उम्मीदों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्होंने किसानों की बात रखी थी और अब जवानों की बात रख रहे हैं। आप पद से इस्तीफा देकर किसानों और युवाओं के बीच में आकर बैठते और मुखर होते तो ज्यादा असर पड़ता? इस सवाल के जवाब में सत्यपाल मलिक ने कहा, मैं आप जैसे सलाहकारों के चक्कर में पड़ता तो यहां तक पहुंचता ही नहीं। फिर उन्होंने आगे कहा कि कुर्सी छोड़ दूंगा एक मिनट में अगर जिसने मुझे बनाया है वह कह दे। सेवानिवृत्ति के बाद की योजना के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरा इरादा राजनीति करने और चुनाव लड़ने का नहीं है। किसानों और जवानों के लिए जहां जरूरत होगी संघर्ष करूंगा। मलिक ने कहा कि वह कश्मीर पर किताब भी लिखेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या सेवानिवृत्त होने के बाद केन्द्र सरकार के खिलाफ खुलकर आंदोलन की अगुवाई करेंगे? मलिक ने कहा कि बात सरकार के विरोध की नहीं है, मैं जो मुद्दा उठा रहा हूं, वह अगर मान लिया जाए तो वह सरकार के पक्ष की ही बात होगी।

## रक्तदान शिविर का आयोजन कर धूम से मनाया जन्मदिन

**संवाददाता।** बरेली



**एमजेपी रुहेलखंड** विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक एवं टीम लीडर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विश्विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन कर अपना जन्मदिन मनाया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ बृजेश कुमार ने रक्तदान शिविर में आए सभी रक्तदानियो का आभार व्यक्त किया और निरंतर आगे भी इस प्रकार रक्तदान के लिए आगे आने के लिए आग्रह किया। मोहित शर्मा ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते है और अपने सभी मित्रो को भी रक्त के प्रति जागरूक करके उनसे भी रक्तदान कराते हैं। शिविर जिला अस्पताल के रक्तकोष टीम के द्वारा लगाया गया ,जिसमे पीआरओ मनोज कुमार,एलटी अलोक ,विवेक, एलटी,संतराम ,सुनील,संजय आदि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 9 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मोहित शर्मा ने बताया उन्होंने हाल ही में रक्तदान किया था जिस कारण वह रक्तदान नहीं कर पाए। मोहित शर्मा अभी तक 8 बार रक्तदान चुके है और अनेकों बार रक्तदान शिविरो का आयोजन कर रक्त को जिला ब्लड बैंक को उपलब्ध कराते रहते हैं। इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर इमरजेंसी में मरीज को अपने मित्रों के माध्यम से रक्त को उपलब्ध कराकर मरीज की मदद करते है। समय समय रक्तदान के लिए रैलियां,पोस्टर ,सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान भी चलाते है,जिससे लोग ज्यादा से ज्यादा रक्तदान के लिए आगे आए। रक्तदान करने वालो मे अभिजीत, शारीक शबाब जैदी,शुभम,फैजुल हसन,दीपांशी त्यागी,वंश अग्रवाल,अमित भट्ट,वैभव कुमार आदि थे। शिविर में सुनील,हरिओम,विनोद आदि का सहयोग रहा।

# भाजपा ने सरकारी मशीनरी का जमकर दुरुपयोग किया

## कोई अंतरराष्ट्रीय संस्था कराए चुनाव : आजम



**रामपुर।** रामपुर लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार की पराजय के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक आजम खां ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके रामपुर की जनता की जीत को हार में बदल दिया। आजम ने रविवार को दावा किया कि कोई अंतरराष्ट्रीय संस्था ईमानदारी से चुनाव कराए और अगर उनका उम्मीदवार हार जाए, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। आजम ने रामपुर लोकसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी आसिम राजा की भाजपा उम्मीदवार घनश्याम लोधी के हाथों 42 हजार से अधिक मतों से पराजय के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके रामपुर की जनता की जीत को हार में बदल दिया। उन्होंने रामपुर में भाजपा प्रत्याशी की जीत को लोकतंत्र की हार करार देते हुए कहा बहुत अच्छी बात है, वह (भाजपा) जीत गए, लेकिन यह जीत नहीं है उनकी। इसी तरह तो उन्होंने उत्तर प्रदेश की सरकार भी बना ली है और मैं शर्म व एहसास दिलाना चाहूंगा उन तमाम ताकतों को, जो लोकतंत्र को कमजोर कर रही हैं, अपने छोटे-छोटे फायदों के लिए। आजम ने यह भी कहा कि कोई अंतरराष्ट्रीय संस्था आए और यहां चुनाव कराने की जिम्मेदारी ले। उन्होंने कहा ईमानदारी से चुनाव हो जाए। मैं कहता हूं अंतरराष्ट्रीय न्यायालय आए। वह यहां चुनाव कराए। खुले मैदान में चुनाव हो जाए। अगर हम हार गए तो राजनीति का मैदान हमेशा के लिए छोड़ देंगे। सपा नेता ने कहा के भाजपा पर लोकतंत्र को बचाने की ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी थी लेकिन उसने उसे नहीं निभाया। गौरतलब है कि रामपुर लोकसभा उपचुनाव के रविवार को घोषित परिणामों में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने सपा उम्मीदवार आसिम राजा को 42192 मतों से पराजित किया। यह सीट आजम खां के ही विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण रिक्त हुई थी।

# नशा निरोधक दिवस पर एसपी ने दिलाई शपथ



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन के प्रांगण में उपस्थित पुलिस कर्मियों को प्रधानमंत्री भारत सरकार व गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा नशा मुक्ति के संबन्ध में दिए गए संदेशों को पढ़कर सुनाया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर, समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने अपने कार्यालयों व जनपद के समस्त थाना प्रभारी / थानाध्यक्षों के द्वारा अपने अपने थाना पर पुलिस कर्मियों को प्रधानमंत्री व गृह मंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को पढ़कर सुनाया गया व सभी पुलिस कर्मियों को समाज से नशे की लत को समाप्त कर स्वस्थ समाज की रचना करने का संकल्प दिया गया। पुलिस अधीधक द्वारा बताया गया कि वह चीज जिसकी आपको लत लग जाए, नशे की श्रेणी में ही आता है। ऐसी ही कुछ आदतें है जिन्हें छोड़ना बेहद मुश्किल होता जैसे दृ मादक पदार्थों के अलावा चाय, काफी, वर्तमान समय के नवीन यंत्र जैसे विडियो गेम, स्मार्ट फोन, फेसबुक आदि का ज्यादा मात्रा में उपयोग भी नशे की श्रेणी में आते है।

## सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग 2 जुलाई से होगी शुरू

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर उपनिदेशक कृषि कमल कटियार ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पीएम कुसुम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022.2023 में कुल 58 सोलर पम्प स्थापित किये जायेगे। इन सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग 02 जुलाई 2022 को सुबह 11 बजे से लक्ष्य पूर्ण होने तक की जा सकती है।उन्होने बताया कि इसके लिए पात्रता हेतु 2 एचपी 4 इंच 3 व 5 एचपी हेतु 6 इंच एवं 7०5 व 10 एचपी हेतु 8 इंच की बोरिंग कृषक के पास होना अनिवार्य है। लाभार्थी कृषक के पास पूर्व से सिंचाई हेतु कोई विद्युत कनेक्शन न हो 2 एचपी सबमर्सिबल सोलर पम्प हेतु 50 फिट एवं 3 एचपी सोलर पम्प हेतु जल स्तर 150 फिट 5 एचपी के लिए 200 फिट 7.5 व 10 एचपी हेतु 300 फिट तक जल स्तर वाले क्षेत्र के कृषक योजना हेतु पात्र होंगे।

## रेलवे लाइन पर मिली मंदबुद्धि बुजुर्ग की लाश

**बरेली।** कल दिन में घर से निकले एक बुजुर्ग की लाश घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गांव वीर भट्टी निवासी74 वर्षीय सुरेश पुत्र रामलाल की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सुरेश कल दिन में बिना बताए घर से बाहर निकले थे वह मानसिक रूप से कमजोर थे और शाम को जब वह घर वापस नहीं लौटे थे लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला आज सुबह लोगों ने उनकी लाश को रेलवे लाइन के किनारे देखा और घरवालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।

# भाजपा-बसपा गठबंधन ने हराया



**आजमगढ़।** आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने अपनी पराजय के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के गठबंधन को जिम्मेदार करार दिया है। यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में उपचुनाव में अपनी हार के कारणों के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं अपनी हार के लिए भाजपा-बसपा के गठबंधन को बधाई दूंगा, जो प्रत्यक्ष तौर पर राष्ट्रपति के चुनाव में भी सामने आ गया। आजमगढ़ के चुनाव में यह गठबंधन पहले से ही चल रहा था। उन्होंने कहा कि अगर वे दोनों गठबंधन करके मुझे हराकर खुश हैं, तो वे अपनी खुशी का इजहार जरूर करें। गौरतलब है कि आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को 8,679 मतों से पराजित किया। यह सीट सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दिए जाने के कारण रिक्त हुई थी। पूर्व में बदायूं से सांसद रह चुके धर्मेंद्र यादव ने भाजपा पर तमाम तरीके के षड्यंत्र रचने के आरोप लगाए। धर्मेंद्र ने कहा, मुख्यमंत्री कल बनारस में रुके थे, क्यों रुके थे, वह अधिकारियों को क्या निर्देश दे रहे थे। मुझे क्यों सुबह से रोका जा रहा था? क्यों हमारी मतदाता सूची से नाम काटे गए, क्यों हमारे हजारों कार्यकर्ताओं को लाल कार्ड दिए गए। उपचुनाव में मौका देने के लिए सपा नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए यादव ने चुनाव नहीं जीत पाने के लिए माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि वह सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की बनाई हुई परंपरा को कायम नहीं रख पाए, लेकिन वर्ष 2024 में आजमगढ़ के लोग सपा को एक बार फिर यहां से जिताएंगे। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि वह अगला लोकसभा चुनाव आजमगढ़ से लड़ेंगे या बदायूं से, इसका फैसला तो पार्टी नेतृत्व करेगा, लेकिन वह अब जीवन में कभी आजमगढ़ को छोड़ने वाले नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के उपचुनाव प्रचार के लिए आजमगढ़ नहीं आने संबंधी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बयान के बारे में धर्मेंद्र यादव ने कहा कि अखिलेश यादव ने पूरे चुनाव को व्यवस्थित करने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

# बांदा में 1.40 करोड़ का घोटाला, कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज

**संवाददाता।** बांदा

**डीपीआरओ और** मनरेगा में 1 करोड़ 40 लाख के घपले का मामला पंचायती राज वा मनरेगा में उजागर हुआ है। एक प्रार्थना पत्र विशेष न्यायाधीश के आदेश पर नारायणी ब्लॉक के अतर्रा ग्रामीण के पंचायत सचिव के खिलाफ अतर्रा थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।




इस प्रार्थना पत्र में पंचायत सचिव ने मजदूरों की रकम अपने निजी खाते में डाल ली। इसी प्रकार सचिव ने राधा ट्रेडर्स नामक वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए छप्पन लाख रुपए का फर्जी भुगतान किया। आरोप है कि सचिव ने 99000 की फोटो कॉपी भी करा ली।इसी प्रकार हैंडपंप मरम्मत का ?600000 का फर्जी भुगतान किया गया है। उत्तर प्रदेश के बांदा मे मजदूरों की पंचायती राज वा मनरेगा धडाम बोल गयी है। यहां मजदूरों से नहीं! काम न मिलने से जिले के तकरीबन 1०30 लाख मजदूर रोजी.रोटी के लिये परिवार स म ` त दिल्लीएपंजाबएकोलकाताएमुम्बईएआदि महानगरों को पलायन कर गये हैं। वे मनरेगा मे काम न करके महानगरों मे मजदूरी करना ज्यादा मुफीद समझते हैं। जो लोग गांवो से पलायन न करके गांव मे ही मजदूरी आदि करके गुजर.बसर करना चाहते हैं उन्हे कहीं काम नहीं मिल रहा। लेकिन बहुत बड़ा घोटाला पंचायती राज विभाग बांदा मेंभी है,मनरेगा के जाबकार्ड होने के बावजूद प्रधान और सचिव उन्हे काम देने को तैयार नहीं है। मनरेगा के ज्यादातर काम या तो हवा.हवाई हैं ! या फिर जेसीबी मशीनों से कराये जा रहे हैं।

विद्या धाम समिति के सचिव राजा भैया ने कोर्ट से प्रार्थना पत्र दिया था इसमें बताया था कि पंचायत सचिव ने फर्जी कार्य दिखाकर 7000000 और मजदूरी का 788001 मजदूरों को ना देकर अपने निजी खाते में डाल लिया है इसी प्रकार सचिव ने राधा ट्रेडर नामक फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए छप्पन लाख रुपया का फर्जी भुगतान किया है आरोप लगाया है कि सचिव ने 99000 फोटोकॉपी कराने का पैसा निकाल कर दीजिए खाते में डाल दिया है इसी तरह हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 600000 फर्जी भुगतान किया गया है यह सब डीपीआरओ पंचायती राज्य का घोटाला है।

मनरेगा मे किये जा रहे फर्जीवाडा और ग्राम प्रधान की मनमानी से परेशान नरैनी तहसील के



मूडी गांव से सोमवार को जिला मुख्यालय आये करीब 80 पुरुष और महिला मजदूरों ने बांदा डीएम अनुराग पटेल को शिकायती पत्र सौंपते हुये बताया कि उनके गांव का प्रधान और सचिव किसी को मनरेगा के काम पर नहीं लगा रहा। सारे काम जेसीबी से कराये जा रहे है। मस्टर रोल मे फर्जी मजदूरों के नाम भरकर मनरेगा की मजदूरी का पैसा हडपा जा रहा है। उधर नरैनी तहसील के भांवरपुर, पंचमपुर, बिल्हरका, आदि गांवों मे भी मनरेगा के कामो मे जेसीबी गरज रही है। नरैनी तहसील के पचोखर गांव के बाबू कुशवाहा ने जिलाधिकारी अनुराग पटेल को दिये गये शिकायती पत्र मे बताया है कि उसने ग्राम प्रधान सचिव और जेई के कहने पर वर्ष 2016 मे गांव के अस्पताल मिनी सचिवालय बारातघर और आंगन बाडी केन्द्र केअंदर.बाहर मिट्टी पुराई का काम ट्रेक्टर से किया था। पूरे काम मे 3.50लाख का खर्च आया था।

उस समय के ग्रामप्रधान लवकुश त्रपाठी सचिव केदारनाथ कुशवाहा जेई राजेन्द्र पांडेय यह रकम मजदूरों के फर्जी मस्टर रोल के जरिये निकालकर हजम कर गये। उसे पुराई के भुगतान का एक धेला नहीं मिला। पुराई के काम मे जिनके ट्रेक्टर लगाये गये थे वह लोग तकादा कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बाबू कुशवाहा की गुहार पर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है।

## जिलाधिकारी ने मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**संवाददाता।** बांदा



**जिलाधिकारी बांदा** अनुराग पटेल द्वारा इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा वर्ष 2022 में जनपद बांदा के सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज केन पथ बांदा की छात्रा कु0 स्नेहा भारद्वाज पुत्री श्री शिवकुमार शर्मा ने 92.40 प्रतिशत अंक के साथ राज्य में 9 वॉ स्थान प्राप्त करने पर छात्रा के घर जाकर कु0 स्नेहा भारद्वाज को पुष्प माला पहनाकर व लड्डू खिलाकर तथा छात्रा के पिता श्री शिवकुमार शर्मा एवं माता श्रीमती श्यामकान्ता शर्मा को सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा छात्रा को आर्शीर्वाद प्रदान करते विषम परिस्थितिओं में धैर्य व लगन के साथ काम करने हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर श्री विनोद सिंहए जिला विद्यालय निरीक्षक बॉदा प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता सिंह विद्यालय के वरिष्ठ सहायक श्री रामसजीवन व छात्रा के माता.पिता दादा.दादी सहित परिवार एवं मोहल्ले के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश पहली बार बना रणजी चैंपियन

## ● पहला खिताब जीतकर इतिहास रचा, मुंबई को छह विकेट से पराजित किया



**भाषा।** बेंगलुरू

**मध्य प्रदेश ने** रविवार को पांचवें और अंतिम दिन घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीम मुंबई को एकतरफा फाइनल में छह विकेट से हराकर पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास रचा। कोच चंद्रकांत पंडित ने इसी मैदान पर 23 साल पहले रणजी ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला गंवाया था लेकिन इस बार वह चैंपियन टीम का हिस्सा बनने में सफल रहे। अंतिम दिन मुंबई की टीम दूसरी पारी में 269 रन पर सिमट गई जिससे मध्य प्रदेश को 108 रन का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। सत्र में 1000 रन बनाने से सिर्फ 18 रन दूर रहे सरफराज खान (45) और युवा सुवेद पार्कर (51) ने मुंबई को हार से बचाने का प्रयास किया लेकिन कुमार कार्तिकेय (98 रन पर चार विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों ने मध्य प्रदेश की जीत सुनिश्चित की। कोच के रूप में पंडित का यह रिकॉर्ड छठा राष्ट्रीय खिताब है। लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश ने हिमांशु मंत्री (37), शुभमन (30) और पाटीदार (नाबाद 30) की पारियों की बदौलत 29.5 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाकर जीत दर्ज की। पंडित के मार्गदर्शन में विदर्भ ने भी चार ट्रॉफी (लगातार दो रणजी और ईरानी कप खिताब) जीती जबकि उसके पास कोई सुपरस्टार नहीं थे। रजत पाटीदार को छोड़कर यश दुबे, हिमांशु मंत्री, शुभम शर्मा, गौरव यादव या सारांश जैन जैसे खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह बनाने की अभी दावेदार नहीं मौजूदा सत्र में उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इन सभी ने मिलकर 41 बार के चैंपियन मुंबई को एक और रणजी खिताब से महरूम किया। मध्य प्रदेश ने एक बार फिर साबित किया कि रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने लिए आपकी टीम में सुपर स्टार या भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार होना जरूरी नहीं है। राजस्थान ने उस समय खिताब जीता जबकि ऋषिकेश और आकाश उसके साथ थे। विदर्भ ने जब खिताब जीते तो उसके युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के लिए वसीम जाफर और गणेश सतीश मौजूद थे। मप्र की टीम अपने दो महत्वपूर्ण खिलाड़ियों आवेश खान और वेंकटेश अय्यर के बिना खेल रही थी लेकिन मुंबई पर भारी पर पड़ी। वर्ष 2010 के बाद से रणजी ट्रॉफी में कुछ सत्र कर्नाटक का दबदबा रहा लेकिन इसके बाद सिर्फ मुंबई ही एक खिताब जीत पाई जबकि अधिकांश खिताब राजस्थान (दो), विदर्भ (दो), सौराष्ट्र (एक) और मध्य प्रदेश (एक) जैसी टीम ने जीते जिन्हें घरेलू क्रिकेट में कमजोर माना जाता था। यह दर्शाता है कि मुंबई के शिवाजी पार्क, आजाद मैदान या क्रॉस मैदान, दिल्ली और बेंगलुरू या कोलकाता से क्रिकेट अब छोटे शहरों में भी फैल रहा है। रणजी ट्रॉफी जब शुरू हुई तो मध्य प्रदेश की टीम बनी भी नीं थी और तब ब्रिटिश युग के राज्य होलकर ने देश के कई दिग्गज क्रिकेटर दिए ।

### हमेशा लगता था कि 23 साल पहले यहां कुछ छूट गया है : पंडित

बेंगलुरू। मध्य प्रदेश के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित दो दशक से अधिक समय से दर्दनाक हार का बोझ उठाए हुए थे और रविवार को टीम के रणजी ट्राफी खिताब जीतने के बाद उनकी नम आंखो से मुंबई के ड्रेसिंग रूम की ओर सम्मान के तौर पर हाथ जोड़ने की प्रतिक्रिया को बखूबी समझा जा सकता है। रजत पाटीदार के मध्य प्रदेश के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण एक रन लेने के बाद मुख्य कोच पंडित के लिए एक चक्र पूरा हुआ जो 23 साल पहले बतौर खिलाड़ी राज्य की टीम को पहला रणजी ट्राफी खिताब जीतने की विफलता के बाद हुआ। रणजी ट्राफी जीतने के बाद थके हुए दिख रहे पंडित ने कहा, हर ट्राफी संतुष्टि देती है लेकिन यह विशेष है। मै 23 साल पहले मध्य प्रदेश के कप्तान के रूप मे इसे नही दे सका था। इतने वर्षो तक मुझे हमेशा महसूस हुआ कि यहां मेरा कुछ छूट गया है। इसलिए ही मै इसके बारे मे थोड़ा ज्यादा उत्साहित और भावुक हूं। खिलाड़ी के तौर पर पंडित काफी दिल तोड़ने वाली हार देख चुके है जिसमे उनकी सर्वश्रेष्ठ 39 रन की पारी चेपक मे आस्ट्रेलिया के खिलाफ टाई हुए टेस्ट मे बनना शामिल है। फिर 1987 मे वानखेड़े स्टेडियम मे इंग्लैड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल मे वह 24 रन पर थे लेकिन भारत मैच हार गया था। कपिल देव की अगुआई वाली हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्राफी फाइनल मे उन्हे महज एक रन से हार मिली थी। लेकिन उन्हे सबसे ज्यादा आहत 1999 मे मध्य प्रदेश के रणजी फाइनल ने किया जिसमे कर्नाटक से हार के बाद वह बेसुध होकर रो रहे थे।

# जब ललित मोदी के लिए धर्मशाला पहुंची मर्सिडीज

## ● किताब का दावा



**भाषा।** नई दिल्ली

**भ्रष्टाचार के मामले** में देश छोड़ कर भागने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व आयुक्त ललित मोदी के लिए धर्मशाला और नागपुर जैसे शहरों में मर्सिडीज की एस-क्लास कारों का विशेष तौर पर इंतजाम करना पड़ा था क्योंकि इन शहरों में यह कार उपलब्ध नहीं थी और वह किसी अन्य कार में सवारी नहीं करना चाहते थे। एक नई पुस्तक मेवरिक कमिश्नर: द आईपीएल-ललित मोदी सागा में लेखक बोरिया मजूमदार ने यह दावा किया कि ललित मोदी जब आईपीएल मैच के लिए धर्मशाला गए थे तो उनके कार्यालय ने दिल्ली से उनके लिए मर्सिडीज की एस क्लास कारें भेजी। ए कारें धर्मशाला में उनके विमान से उतरने से पहले वहां पहुंच गई थी। मजूमदार ने एक और घटना का जिक्र करते हुए लिखा है कि जब मोदी मई 2010 में देश छोड़ चुके थे, तो एक होटल ने बीसीसीआई को एक बिल राशि भेजी थी जो कि बकाया थी और तब बोर्ड ने उनके बिल को भरने से मना कर दिया था। लेखक के अनुसार, ए कुछ उदाहरण हैं जिससे पता चलता है कि कई लोग आईपीएल से क्यों नफरत करते रहे। उनका कहना है कि क्रिकेट की बढ़ती ब्रांड वैल्यू के बावजूद इसमें ग्लैमर और ऐश्वर्य का अश्लील प्रदर्शन हमेशा लोगों की आंखों में धूल झोंकने वाला था। लेखक के मुताबिक, ललित अपनी सफलता के खुद शिकार हो गए। उनका मानना था कि ग्लैमर और ऐश्वर्य के बिना यह लीग नहीं चल पाएगी। आईपीएल के पहले दो सत्र की सफलता के बाद वह अपने शौक को पूरा करने में बेवजह का खर्च कर रहे थे। ललित एक मैच को देखने के लिए धर्मशाला गए थे। उनके कार्यालय ने दिल्ली से दो एस-क्लास मर्सिडीज कारें बुक की थीं, जो विमान से उनके उतरने से पहले वहां पहुंच गई थी। हिमाचल में एस क्लास मर्सिडीज कार नहीं थी ऐसे में दिल्ली से उसे भेजा गया। ऐसा ही वाकया नागपुर में हुआ।

### महाराष्ट्र के साइकिलिस्ट ने सबसे मुश्किल साइकिल रेस में पोडियम पर जगह बनाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अल्ट्रा साइक्लिस्ट कबीर राचूर ने रविवार को रेस एक्रॉस अमेरिका (रैम) में अपने वर्ग में पोडियम पर जगह बनाई। दुनिया की सबसे मुश्किल साइकिल रेस मानी जाने वाली रैम में यह उपलब्धि हासिल करने वाले कबीर पहले भारतीय है। बंबई उच्च न्यायालय मे वकालत करने वाले मराठवाड़ा के रहने वाले वकील कबीर एकल पुरुष अंडर-50 वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत ने वॉलीबॉल में मलेशिया को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला वॉलीबॉल टीम ने थाईलैंड के नेखोन पेथोम मे 21वे प्रिंसेस कप के शुरूआती दौर के तीसरे लीग मैच मे मलेशिया को 2-0 से हराया। भारत ने 25-17 25-16 25-22 से जीत दर्ज की। चौबीस जून को शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 30 तक चलेगा। भारत की ओर से अटैकर अनुश्री केपी और ब्लॉकर सूर्या ने शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय वॉलीबॉल महासंघ (वीएफआई) के अध्यक्ष अच्युता सामंत ने चैंपियनशिप मे लगातार तीसरी जीत के लिए टीम को बधाई दी है।

### बरमूडा ने नीरज ओडेड्रा को मुख्य कोच बनाया

**नई दिल्ली।** बरमूडा क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप मे क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ सौराष्ट्र के नीरज ओडेड्रा को संक्षिप्त करार पर राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। नीरज 2015 से सौराष्ट्र के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे और मौजूदा सत्र मे टीम के मुख्य कोच थे। भारत ए के पूर्व और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के मौजूदा कोच सितांशु कोटक के साथ नीरज ने पिछले एक दशक में सौराष्ट्र की लाल गेंद की टीम को मजबूत बनाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया और इस दौरान 2020 मे टीम ने अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब भी जीता।

### आकाश को रजत

**लखनऊ।** 38वीं सब जूनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के बालक वर्ग में आकाश चौहान ने रजत पदक हासिल की। राजकोट गुजरात में हाटा कुशीनगर के आकाश चौहान ने 30.46 सेकेंड का समय लेकर लड़कों के ग्रुप में 50 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक छीन लिया। राजा जय प्रताप सिंह पूर्व राज्य मंत्री एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश स्वीमिंग एसोसिएशन ने यह जानकारी दी।

### पुणे की साइकिलिस्ट ने रिकॉर्ड बनाया

**लेह।** पुणे की प्रीति मस्के ने अल्ट्रा साइक्लिंग विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया, वह लेह से मनाली तक 55 घंटे 13 मिनट में अकेले साइकिल चलाने वाली पहली महिला बन गई। अधिकारियों ने दावा किया कि दो बच्चों की मां प्रीति ने 480 किमी की दूरी तय कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की जरूरी शर्त पूरी की। उन्होंने कहा कि 45 साल की प्रीति के नाम गोल्डन क्वाड्रिलेट्रल पर सबसे तेज साइकिल चलाने वाली महिला बनने का रिकॉर्ड है जिसकी दूरी 6,000 किमी है।

### नेहा संयुक्त 36वें, दीक्षा व वाणी संयुक्त 43वें स्थान पर

**प्राग।** भारतीय गोल्फर नेहा त्रिपाठी रविवार को यहां टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। नेहा ने चार बर्डी और तीन बोगी से 73 का कार्ड खेला जिससे 54 होल में उनका स्कोर तीन अंडर रहा। दो अन्य भारतीय दीक्षा डागर (71) और वाणी कपूर (71) संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर रहीं।

# अभ्यास मैच में अश्विन के दो विकेट

## ● शुभमन गिल ने बनाए 62 रन



**भाषा।** लीसेस्टर

**लीसेस्टरशर** के खिलाफ भारत का अभ्यास मैच रविवार को यहां ड्रॉ रहा जिसमें सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने शानदार अर्धशतक जमाया जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कोविड-19 संक्रमण से उबरने के बाद खेल में वापसी पर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से शुरू हो रहे टेस्ट मैच से पहले इस चार दिवसीय अभ्यास मैच में पांच भारतीय खिलाड़ियों ने दोनों टीमों का प्रतिनिधित्व किया। अश्विन के लिए यह मैच काफी अहम था क्योंकि कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण वह देर से इंग्लैंड रवाना हुए थे। उन्होंने 11 ओवर की गेंदबाजी में 31 रन देकर दो विकेट लिए। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने चौथे और अंतिम दिन भारत का नेतृत्व किया क्योंकि टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाए गए। रोहित अगर इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरने में विफल रहे तो गिल पर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। पंजाब के इस बल्लेबाज ने अभ्यास मैच के आखिरी दिन 77 गेंद में 62 रन की पारी खेली। उन्होंने इससे पहले 21 और 38 रन बनाए थे। लीसेस्टरशर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वह शीर्ष स्कोरर के रूप में उभरे। भारत ने अपनी पारी सात विकेट पर 364 रन पर घोषित कर दी जिसके बाद लीसेस्टरशर के पास मैच जीतने के लिए 367 रन बनाने का लक्ष्य था। हनुमा विहारी ने भी क्रीज पर अच्छा समय बिताया और 86 गेंद की पारी में 26 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा और बुमराह ने दोनों टीमों के लिए गेंदबाजी की लेकिन आखिरी दिन दोनों विकेट लेने में नाकाम रहे। कृष्णा ने पांच ओवर में 19 रन दिए तो वही बुमराह ने आठ ओवर में 12 रन खर्च किए। अन्य भारतीयों में चेतेश्वर पुजारा ने भी दोनों टीमों के लिए बल्लेबाजी की थी, जबकि श्रेयस अय्यर और जडेजा ने शनिवार को भारत की दूसरी पारी में दो बार बल्लेबाजी की थी।

### क्रिकेट जगत ने रणजी चैम्पियन मप्र के कोच चंद्रकांत पंडित को सराहा

**बेंगलुरु।** घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीम मुंबई को पटखनी देकर पहली बार रणजी चैम्पियन बने मध्य प्रदेश के कोच चंद्रकांत पंडित की मेहनत और लगन की क्रिकेट जगत ने रविवार को सराहना की। कोच के तौर पर यह उनका छठा रणजी ट्रॉफी खिताब है। उनके मार्गदर्शन में मुंबई ने तीन और विदर्भ ने दो बार यह खिताब जीता है। आईपीएल के बीते सत्र में शानदार वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने पंडित की तुलना इंग्लिश प्रीमियर लीग की क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज प्रबंधक (कोच) एलेक्स फर्ग्यूसन से की जिन्होंने इस प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट के 13 खिताब जीते है। कार्तिक ने बीसीसीआई के ट्वीट को रिट्वीट पर लिखा, शानदार तस्वीर, चंदू सर के लिए इससे ज्यादा खुशी की बात नहीं हो सकती। अद्भुत, खिलाड़ियों के व्यक्तित्व को समझने वाले, उसी के मुताबिक तैयारी करना, शानदार रणनीति बनाकर चैंपियनशिप जीता। रणजी ट्रॉफी के एलेक्स फर्ग्यूसन। सर्वकालिक महान। भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पंडित की तारीफ में लिखा, चंद्रकांत पंडित। बस यही मेरा ट्वीट है।

# दीपिका एंड कंपनी ने रजत पदक पर छोड़ा तीर

## ● तीरंदाजी विश्व कप में भारत ने तीन पदक जीते



**भाषा।** पेरिस

**दीपिका कुमारी,** अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में एकतरफा फाइनल में चीनी ताइपे की तिकड़ी से हारकर रजत पदक हासिल किया।

भारत ने इस तरह प्रतियोगिता में अपना अभियान एक स्वर्ण और दो रजत पदक से समाप्त किया। इनमें से दो पदक कम्पाउंड वर्ग में मिले थे। महिला रिकर्व टीम को 13वीं वरीयता दी गई थी क्योंकि तीनों तीरंदाज व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष 30 से बाहर रही थीं। भारतीय टीम फाइनल में प्रभावित नहीं कर सकी और चीनी ताइपे से सीधे सेट में।-5 (53-56 56-56 53-56) से हार गई। चीनी ताइपे के लाइन अप में रियो ओलंपिक टीम कांस्य पदक जीतने वाली टीम की सदस्य लेई चिएन यिंग भी शामिल थीं और इस तीसरी वरीय तीरंदाज ने शुरू में ही दबाव बना दिया, जिसमें उन्होंने दो बार 10 और चार बार नौ पर निशाना लगाया। वहीं भारत ने पहले सेट में सात के शॉट लगाए जो टर्निंग प्वाइंट साबित हुए। भारतीय तिकड़ी ने वापसी कर दूसरे सेट में जीत से स्कोर बराबर किया लेकिन इतना ही काफी नहीं था अगले सेट में चीनी पाइपे की तीरंदाजों ने अपनी निरंतरता कायम रखी और स्वर्ण पदक जीता। दुनिया की तीसरे नंबर की तीरंदाज दीपिका की हालांकि यह यादगार वापसी रही जिन्होंने तोक्यो ओलंपिक की निराशा के बाद टीम से बाहर किए जाने के बाद रजत पदक जीता। लेकिन टूर्नामेंट कम्पाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नाम की स्वप्निल वापसी के बारे में रहा। जिन्होंने अभिषेक वर्मा के साथ मिलकर भारत को एक स्वर्ण (मिश्रित टीम स्पर्धा) दिलाया और शनिवार को एक व्यक्तिगत रजत पदक जीता।

# सावचेंको बने चैंपियन

## ● चेन्नई ओपन शतरंज

**भाषा।** चेन्नई

**रूस के** शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको ने रविवार को यहां 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 में टाई-ब्रेक के जरिए भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल को हराकर चैंपियन बने। सावचेंको और नितिन दोनों के 10 दौर में साढ़े आठ अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। रूस के खिलाड़ी ने हालांकि बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। नितिन नौवें दौर के बाद बढ़त बनाए हुए थे लेकिन आखिरी दौर में ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडरोव (बेलारूस) के साथ मुकाबला ड्रॉ होने के बाद उनका अभियान साढ़े आठ अंक के साथ खत्म हुआ। इससे सावचेंको को तालिका में नितिन की बराबरी करने का मौका मिल गया। उन्हें आखिरी दौर के अपने मैच में अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष से कड़ी चुनौती मिली लेकिन वह भारतीय खिलाड़ी को शिकस्त देने में सफल रहे। ग्रैंडमास्टर सावचेंको ने चेन्नई ओपन 2022 ट्रॉफी और तीन लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि उपविजेता नितिन को दो लाख रुपए मिले। बेलारूस के एलेक्सी फेडरोव और भारत के एल आर श्रीहरि ने आठ-आठ अंक हासिल किए।

# मिताली कई लोगों के लिए प्रेरणा : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली





**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को मिताली राज की सराहना करते हुए इस पूर्व दिग्गज भारतीय कप्तान को शुभकामनाएं दी जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की थी। सोलह साल की उम्र में पदार्पण करने वाली मिताली 23 साल के अपने करियर के दौरान सबसे अधिक मैच खेलने वाली और सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। वह सबसे सफल महिला कप्तान भी रहीं। मोदी ने रविवार को मन की बात पर मिताली को भारत की सबसे प्रतिभावान क्रिकेटरों में से एक करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, क्रिकेट से उनके संन्यास ने कई खेल प्रेमियों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। मिताली ना सिर्फ असाधारण खिलाड़ी रही बल्कि कई खिलाड़ियों की प्रेरणा भी रहीं। मैं भविष्य के लिए मिताली को शुभकामनाएं देता हूं। आयरलैंड के खिलाफ 26 जून 1999 को पदार्पण करने के बाद मिताली ने 12 टेस्ट, 232 वनडे और 89 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में देश का प्रतिनिधित्व किया। मिताली ने 333 अंतरराष्ट्रीय मैच में तीनों प्रारूपों में कुल मिलाकर 10 हजार 868 रन बनाए। उन्होंने 155 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का भारत की अगुआई की जिसमें टीम ने रिकॉर्ड 89 जीत दर्ज की। बेलिंडा क्लार्क 83 जीत से इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

### न्यूजीलैंड 326 रन पर सिमटा, इंग्लैंड को क्लीन स्वीप के लिए मिला 296 रन का लक्ष्य

**लीड्स।** इंग्लैंड ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन चाय तक न्यूजीलैंड को दूसरी पारी मे 326 रन पर समेट दिया जिससे श्रृंखला मे क्लीन स्वीप करने के लिए उसे 296 रन का लक्ष्य मिला। इंग्लैंड के लिए स्पिनर जैक लीच ने मैच मे कुल 10 विकेट झटके। उन्होंने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी का ट्रेंट बोल्ट (04) का अंतिम विकेट झटककर 66 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। उन्होंने पहली पारी मे 100 रन देकर पांच विकेट प्राप्त किए थे। टॉम ब्लंडेल को दूसरे छोर पर साथ नही मिला और वह न्यूजीलैंड की दूसरी पारी मे 88 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने डेरिल मिशेल (56) के साथ छठे विकेट के लिए 113 रन की भागीदारी निभाई। मिशेल को मैथ्यू पोट्स (66 रन देकर तीन विकेट) ने पगबाधा आउट किया। न्यूजीलैंड ने सुबह पांच विकेट पर 168 रन से खेलना शुरू किया और लंच तक अपनी कुल बढ़त 223 रन की कर ली थी। मिशेल और ब्लंडेल ने पूरी श्रृंखला के दौरान इंग्लैड को परेशान किया है। इन दोनो ने लार्ड्स पर 195 और ट्रेंड ब्रिज मे 236 रन की भागीदारी निभाई थी।

#### फोक्स तीसरे टेस्ट से बाहर

**लीड्स।** बेन फोक्स कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए है जिसके कारण इंग्लैड की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को मैदान पर उतरेगी तो उनकी जगह सैम बिलिंग्स विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे। फोक्स पीठ मे दर्द की शिकायत के बाद तीसरे दिन दोपहर बाद मैदान पर नही उतरे थे और फिर बाद में लीड्स में टीम होटल मे जांच के बाद कोविड पॉजिटिव पाए गए।



# विंबलडन में सेरेना की वापसी

## ● रूस, बेलारूस के खिलाड़ियों और रैंकिंग के बिना खेले जाने वाले मैच में उतरेंगी

## ● शीर्ष रैंकिंग मेदवेदेव नहीं खेलेंगे



**भाषा।** विंबलडन

**शीर्ष रैंकिंग** के पुरुष टेनिस खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव सोमवार से शुरू हो रहे विम्बलडन टूर्नामेंट अपने खेल कौशल का प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे क्योंकि यूक्रेन के खिलाफ जंग छेड़ने के कारण मेजबान ऑल इंग्लैंड क्लब ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

ऑल इंग्लैंड के इस कदम के कारण पेशेवर टेनिस का संचालन करने वाले एटीपी और डब्ल्यूटीए ने घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट से रैंकिंग अंकों को खत्म कर दिया है। इन सब के बावजूद टूर्नामेंट से सेरेना विलियम्स को महिला एकल में एक साल के बाद वापसी का मंच मिलेगा। कई बड़े खिलाड़ियों ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को प्रतिबंधित करने के फैसले की आलोचना की है। दिग्गज मार्टिना नवरातिलोवा ने कहा, यह गलत कदम है। इसमें खिलाड़ी क्या कर सकते है, क्या वे अपना देश छोड़ दे? पुरुषों में तीन बार के गत चैम्पियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा, इसमें क्या सही है और क्या गलत यह कहना काफी मुश्किल है। 90 के दशक में जब मैं बच्चा था तब मैंने युद्ध को करीब से देखा है। मैं यूक्रेन के लोगों का दर्द समझ सकता हूं। सर्बिया के 35 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, इन सब के बावजूद मैं रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों के प्रतिबंधित करने के फैसले से सहमत नहीं हो सकता हूं। कुछ अन्य खिलाड़ियों के लिए हालांकि यह अलग तरह की सतह पर अपने कौशल के प्रदर्शन के साथ बड़ी पुरस्कार राशि जीतने के मौके की तरह है। अमेरिका के 24वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो ने कहा, इस बात को पचा पाना मुश्किल है कि यहां कोई रैंकिंग अंक नहीं होगा। लेकिन मैं यहां चीजों को हल्के में नहीं लूंगा। मौजूदा महिला चैंपियन ऐश बार्टी मार्च में 25 साल की उम्र में संन्यास ले चुकी है। आठ बार के पुरुष चैंपियन रोजर फेडरर घुटने के ऑपरेशन के बाद खेल में वापसी नहीं कर सके हैं। उन्होंने पिछले साल के विंबलडन के बाद से किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया है। रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव फ्रेंच ओपन में अपने दाहिने टखने में चोट के कारण खेल से दूर है।

### धनलक्ष्मी 200 मीटर में तीसरी सबसे तेज भारतीय महिला बनी

**अल्माटी (कजाखस्तान)।** शीर्ष फर्राटा धाविका सेकर धनलक्ष्मी ने कोसानोव स्मारक एथलेटिक्स मीट में रविवार को यहां 200 मीटर स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया , जबकि गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर और भाला फेंक खिलाड़ी रोहित यादव बिना प्रतिस्पर्धा किए भारत लौट आए। धनलक्ष्मी ने 22.89 सेकंड का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और वह 23 सेकंड से कम समय लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी बन गई। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल 23.14 सेकेंड का था। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप में 23.27 सेकेंड के समय के साथ 200 मीटर का स्वर्ण जीता था। वह हालांकि अमेरिका के ओरेगन में विश्व चैंपियनशिप (15 से 24 जुलाई) के लिए 22.80 के सीधे क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रही।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अंडर-23 टूर्नामेंट के फाइनल में नीदरलैंड से 1 -4 से हारी

**डबलिन।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को रविवार को यहां अंडर-23 पांच देशो के टूर्नामेंट के फाइनल मे नीदरलैड से।-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल ब्यूटी डुंगडुंग ने 29वे मिनट में दागा जबकि बेलेन वान डर ब्रोएक (26वें), एम्बर ब्रोउवर (31वें), एम्मा संतब्रिक (53वें) और साने हाक (55वे) ने नीदरलैड के लिए गोल किए। नीदरलैड की टीम ने मैच शुरू होते ही पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया जिससे भारतीय टीम शुरू से ही दबाव में आ गई। हालांकि भारतीय टीम ने प्रतद्वंद्वी टीम को गोल करने से रोके रखा। जैसे जैसे पहले क्वार्टर का खेल आगे बढ़ता रहा, भारतीय टीम ने धीरे धीरे मैच पर शिकंजा कसना शुरू किया और पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि टीम इस मौके का फायदा नही उठा सकी।

### भारतीय महिला अंडर-17 टीम मेक्सिको से 0-2 से हारी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम को रविवार को इटली के विलेसे में खेले जा रहे छठे टोरनेओ महिला अंडर-17 फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने आखिरी मैच में मेक्सिको से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। मैक्सिको ने मैच के दोनो हाफ मे एक-एक गोल किया। टीम के लिए कैथरीन सिलास और एलिस गैलेगोस ने ए गोल किए। मैक्सिको के खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत से ही भारत पर दबाव बना दिया। मैच के 14वें मिनट में भारतीय गोलकीपर मेलोडी चानू ने शानदार बचाव किया लेकिन सिलास ने रिबाउंड पर गोल कर खाता खोला।

# डीएम ने बताया, कैसे बढ़ाएं कृषि उपज

● झांसी, कानपुर और चित्रकूट धाम मंडल के जिलाधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी 2022 का हुआ आयोजन

संवाददाता। कानपुर देहात


मण्डलीय खरीफ गोष्ठी में मौजूद डीएम तथा सीडीओ

**मंडलीय** खरीफ उत्पादकता गोष्ठी 2022 के अंतर्गत झांसीए कानपुर एवं चित्रकूट धाम मंडल के जिलाधिकारियोंए मुख्य विकास अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजन किया गया। जनपद की जिलाधिकारी नेहा जैन ने गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए जनपद के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनपद कानपुर देहात में कुल कृषि योग्य क्षेत्रफल 228000 हे. है, जिसमें रबी में 182844 हे0 एवं खरीफ में 109926 हे0 क्षेत्रफल आच्छादित है। इसी प्रकार सिंचित क्षेत्रफल . जनपद का शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल 172886 है, जिसमें से नहर से 62872 हे0 राजकीय नलकूप से 22150 हे0 एवं निजी नलकूप से 87739 हे0 क्षेत्रफल की सिंचाई होती है। इसी प्रकार उन्होंने आच्छादन में वृद्धि, उत्पादन, उत्पादकता, धान नर्सरी, संकर बीज, उर्वरक, कृषि रक्षा रसायन, गुणवत्ता नियन्त्रण, राजकीय नलकूप, प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन सी0टू0 मैनेजमेन्ट ऑफकाप रेजिडयू योजना, भूमि सुधार, नहर, कुसुम सोलर पंप, पशुपालन आदि योजनाओं के बारे में जनपद में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया कि किस प्रकार जनपद की मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडे द्वारा जनपद में कृषि उत्पादकता बढ़ाए जाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैए उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में जलाभिषेक योजना अंतर्गत अमृत सरोवर बनाए जाने हेतु रणनीति बनाते हुए जनपद में अधिक से अधिक अमृत सरोवर बनाते हुए आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री जी की परिकल्पना के अनुसार अमृत सरोवर में तिरंगे को लहराते हुए आजादी के अमृत महोत्सव को मनाए जाने हेतु प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी की प्रशंसा करते हुए अपने संबोधन को समाप्त किया। मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी में मंडलीय स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# घाटमपुर में गौसेवक की निर्मम हत्या

● साढ़ थाना क्षेत्र के पड़री लालपुर की है घटना

संवाददाता। घाटमपुर


मृतक मानसिंह (फाइल फोटो)

**साढ़ थाना** क्षेत्र के गांव पड़री लालपुर में एक गौसेवक की सिर में प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी गयी। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है।

पुलिस के मुताबिक गांव पड़री निवासी ननका का 28 वर्षीय पुत्र मानसिंह उर्फ लालू यादव पड़री लालपुर की गौशाला में गौ सेवक था परिजनों के मुताविक मानसिंह शांम को खाना खाकर घर से निकला था और आज रबिवार सबेरे उसका शव गांव किनारे बम्बे के पास खेत में पड़ा मिला, राहगीरों ने इसकी जानकारी परिजनों की तो परिजन मौके पर पंहुचे तथा बाद में साढ़ पुलिस को जानकारी दी, मौके पर पंहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है। वहीं फारेन्सिक टीम भी मौके पर पंहुची तथा घटना से संवंधित साक्ष्य जुटाये। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की वाइक माइनर में पड़ी थी जिसे कब्जे में लेकर जॉच पड़ताल की जा रही है। ऊधर मृतक के बड़े भाई राजन ने बताया कि मानसिंह की 8 जुलाई को शादी थी तथा 27 जून को तिलक था।

घाटमपुररू साढ़ थाना क्षेत्र के पड़री लालपुर गांव किनारें स्थित माइनर के पास खेतों में गौसेवक का शव रक्त रंजित हालत में पड़ा मिला हैए घटनास्थल के पास तमंचे के कुछ अवशेष पड़े मिले है। सुबह नित क्रिया के लिए खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची साढ़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**पचास मीटर की दूरी में हुईए पूरी वारदातः** गौसेवक की बाइक माइनर के अंदर पड़ी हुई थीए बाइक से लगभग बीस मीटर की दूरी पर माइनर पटरी पर रोड में युवक का माला व तमंचे की बट के टुकड़ो के साथ खून के छींटे पड़े हुए थे। वही पास खेतो में युवक का शव रक्त रंजित हालत में पड़ा हुआ था। शव के पास एक प्लास्टिक की रस्सी पड़ी हुई है। वही खेत मे युवक को खींचने के निशान बने हुए थे। ग्रामीणों के मुताबिक युवक की बाइक पर हमलाकर उसे घायल कर दिया गया होगाए उंसके बाद युवक को रस्सी के सहारे खींचकर खेतो में लाया गया हैए जहां तमंचे की बट से युवक के सिर पर कई वार कर हत्या कर दी गई।

# गायत्री शक्ति पीठ के भूमिगत हाल का सांसद ने किया भव्य लोकार्पण



**फर्रुखाबाद।** उदरबाजा स्थित गायत्री शक्ति पीठ में कुछ समय पूर्व भूमिगत हाल का निर्माण गायत्री शक्ति पीठ के सदस्यों की धनराशि के सहयोग से कराया गया था। आज सांसद मुकेश राजपूत ने अपने कर कमलों से फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित करके लोकार्पण किया। भप्पू सोनी ने बताया कि उपरोक्त भूमिगत कक्ष में महिलाओं को सभाबलंबी बनाने हेतु उन्हें सिलाईएकढ़ाईए कंप्यूटर की निशुल्क शिक्षा हेतु कार्य आरंभ किया जाएगा। लोकार्पण के बाद सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि वह भी गायत्री परिवार के ही सदस्य है। गायत्री परिवार का महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना बहुत अच्छा कदम हैं और आवश्यकता पड़ने पर आत्म निर्भर बनाने में भरपूर सहयोग की किया जायेगा। इस मौके पर महेश वर्मा कामलगंज, अखिलेश मुरारी पांडे , कैलाश यादव व मायाप्रकाश यादव मुहम्दाबाद, ग्रीश चंद्र सक्सेना, राजीव चतुर्वेदी, भप्पू सोनी, दिलीप पंकज जी, उमेश शाक्य, साधना शर्मा, श्रद्धा पांडे, सुमति तिवारी, संजू पांडे आदि कई गायत्री शक्ति पीठ के लोग मौजूद रहे।

# आजमगढ़-रामपुर की ऐतिहासिक जीत से भाजपाई गदगद

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**दिन रविवार** को उत्तर प्रदेश आजमगढ़ एवं रामपुर लोकसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रुपेश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता लाल सराय स्थित फव्वारे पर जीत का जश्न मनाने एकत्रित हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में एकत्रित हुए कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों की धुन नाचे आतिशबाजी छुड़ाई व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने योगी मोदी जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।

उपचुनाव जीत के अवसर पर मीडिया से मुखातिब होते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा एक चाय बेचने वाला व एक गरीब मां का बेटा इस देश व प्रदेश की सेवा कर रहा है उपचुनाव में हुई जीत से स्पष्ट हो गया है प्रदेश की जनता ने परिवारवाद और तुष्टीकरण को नकार दिया। यह प्रदेश गुंडागर्दी से नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान से चलेगा योगी सरकार की प्रभावशाली नीतियों के कारण आजमगढ़ और रामपुर में वर्षो से चले आ रहे पुराने मिथक को तोड़ कर भाजपा ने जीत के साथ इतिहास रच दिया। भाजपा सरकार गरीबों नौजवानों किसानों और दलितों के साथ खड़ी है।



प्रदेश की जनता ने सैफई परिवार को सिरे से नकार दिया 2024 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी इसी प्रदर्शन को दोहराने का कार्य करेगी। फर्रुखाबाद पूर्वी मंडल अध्यक्ष राज कुमार वर्मा ने कहा उपचुनाव के क्षेत्र वाली जनता ने सुशासन और विकास को वोट किया। सपा का चरित्र अराजकता और गुंडागर्दी करने वाला है जनता ने 2022 के विधानसभा चुनाव बाद फिर से सपा बसपा और कांग्रेस को सबक सिखाने का कार्य किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्वेता दुबे भाजपा जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना मदीना बेगम रचना अग्निहोत्री जिला उपाध्यक्ष अशनील दिवाकर जिला जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी मंडल महामंत्री विजय मिश्रा भाजयुमो फतेहगढ़ मंडल अध्यक्ष रानू दीक्षित गुंजन अग्निहोत्री मीडिया सह प्रभारी पियूष त्रिपाठी भाजयुमो जिला मंत्री विक्रांत तिवारी नीरज दीक्षित राजू गुप्ता अंकित तिवारी सिद्धांत सिंह सभासद अनुभव कनौजिया अंकुर मिश्रा संजय सिंह नरेंद्र आर्य बाबा दुबे विश्राम सिंह यादव वैभव अवस्थी सुबोध बाजपाई प्रमोद बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

# जेवर से भरा पर्स लेकर भाग रहे चोरों को सिपाहियों ने दौड़ाकर पकड़ा

संवाददाता। मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद

**रोडवेज बस** से पति के पास जा रही महिला का ट्राली बैग चालक की सीट के पीछे रखा था। शातिर चोरों ने बैग काटकर तीन लाख के जेवर रखा पर्स निकाल लिया और बस से कूदकर भागने लगे। महिला के चीखने पर चौराहे पर तैनात सिपाहियों ने तीनों चोरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। महिला के तहरीर देने से मना करने पर पुलिस ने महिला का पर्स वापस कर दूसरी बस से भेज दिया। पुलिस चोरों से पूछताछ कर रही है।




जनपद मैनपुरी थाना भोगांव के गांव छतरी बड़ी निवासी विपिन सिंह की पत्नी गुड़िया अपनी ससुराल जनपद शाहजहांपुर के कांठ से पति विपिन सिंह के पास फिरोजाबाद जा रही थी। गुड़िया फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टाप से फर्रुखाबाद डिपो की बस पर बैठी तथा अपना ट्राली बैग चालक के सीट के पीछे रख दिया। बस में सवार तीन व्यक्तियों ने गुड़िया की ट्राली बैग को ब्लेड से काटकर उसमें रखे जेवरों से भरे पर्स को निकाल लिया। रोडवेज बस मोहम्मदाबाद चौराहे पर रुकीए तभी गुड़िया चोर चोर चिल्लाने लगी। उसी समय तीनों चोर बस से कूदकर भाग खड़े हुए। चौराहे पर तैनात सिपाही प्रिंस युवराज शर्मा तथा देवेंद्र यादव ने तीनों चोरों को दौड़ा कर दबोच लिया। महिला व तीनों चोरों को पुलिस कोतवाली ले आई। गुड़िया ने अकेले होने तथा कोर्ट कचहरी के चक्कर में न पड़ने के कारण तहरीर देने से मना कर दिया। पुलिस ने गुड़िया को जेवरों से भरा पर्स देकर दूसरी बस में बैठाकर भेज दिया। महिला ने बताया उसके करीब तीन लाख के सोने .चांदी के जेवर पर्स में रखे थे। तीनों युवकों ने पूछताछ में अपना नाम जनपद अलीगढ़ के कालीसराय निवासी दिलशाद, समसुद्दीन व थाना मऊदरवाजा के गांव बिंदा नगला निवासी रजनीश बताया। थाना पुलिस तीनों युवकों से पूछताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि पकड़े गए तीनों व्यक्ति शातिर चोर हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा महिला की मौत, चार घायल

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बड़े पुल के समीप एनएच-2 में अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से एक महिला की मौत हो गई और वहीं चार लोग घायल हो गये उसी समय पीछे से आ रही बाइक ई-रिक्शा से टक्करा गई जिससे सगे भाई घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मृतका के परिजन बाइक सवार पर ई-रिक्शा में टक्कर मारने का आरोप लगा रहे है। थरियांव थाना क्षेत्र के मलांव गांव निवासी हीरा लाल का 32 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार जिसके रिश्तेदारी में शादी समारोह का कार्यक्रम था जिस पर दीपक निवासी कम्पनी बाग कानपुर नगर की पत्नी लवली 35 वर्ष अपने मायके हुसैनगंज थाने के सकुलपुर गांव गई थी और परिवार की ही सोनी पत्नी विकास अतुल अर्चना समेत आधा दर्जन से अधिक लोग शादी समरोह में शामिल होने गये थे। आज दोपहर वापस सभी लोग ई रिक्शा से गांव आ रहे थे जैसे ही ई-रिक्शा थारियांव थाने के बड़े पुल के समीप एनएच-2 में पहुंचा उसी समय अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें ई-रिक्शा में सवार दीपक की पत्नी लवली की मौत हो गई जबकि अन्य लोग घायल हो गये। उसी बीच कानपुर नगर के थाना घाटमपुर गांव बरनाओ निवासी छोटे लाल का 22 वर्षीय पुत्र राहुल अपने छोटे भाई आयुष 10 वर्ष के साथ अपनी ससुराल थरियांव थाने के सनगांव आया था जो बाइक द्वारा वापस कानपुर जा रहा था। उसी समय वह भी पलटे ई-रिक्शा में जा टकराया जिससे दोनो भाई घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जें में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतका के परिजन बाइक सवार राहुल पर आरोप लगा रहे है कि तेज रफ्तार बाइक चलाते हुये ई रिक्शा में टक्कर मार दिया जिससे ई-रिक्शा पलट गया और महिला की मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### सेना की परीक्षा देने आए हरियाणा के युवक की गंगा में डूबकर मौत

**फर्रुखाबाद।** सेना की परीक्षा देने के बाद हरियाणा निवासी युवक दोस्त के साथ रविवार दोपहर बाद गंगा नहाने पांचालघाट पहुंच गया। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में डूब गया। दोस्त के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर शव निकलवा लिया। घटना की सूचना स्वजन को दी गई है। हरियाणा के जनपद रेवाड़ी के गांव लोहडा निवासी 22 वर्षीय रोबिन जाटव गांव के ही अपने दोस्त नवीन कुमार के साथ दोपहर बाद पांचालघाट पर पुल के निकट गंगा नहा रहा था। इसी दौरान रोबिन अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। नवीन कुमार ने शोर मचाया तो घाट पर मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। पांचालघाट चौकी पुलिस ने गोताखोर अच्छे बाबू, शरफुद्दीन, मालिक, जुल्फिकार आदि को बुलाया। करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद गोताखोरों ने रोबिन का शव निकाल लिया। उसके दोस्त नवीन कुमार ने बताया कि वह लोग सेना की परीक्षा देने के लिए 24 जून को यहां आ गए थे। सुबह पेपर देने के बाद दोपहर बाद गंगा नहाने आए थे। घटना की जानकारी रोबिन के पिता राजपाल को दे दी है। वह अपने पिता का इकलौता पुत्र था। इसके अलावा बहन पूजा व कल्पना हैं। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि स्वजन के आने की प्रतीक्षा की जा रही है।

### छात्र की गुमशुदगी से मचा हड़कंप

**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे के सुभाषनगर निवासी छात्र के लापता हो जाने पर हडकम्प मच गया। पीडित पक्ष ने थाने पर अपने पुत्र की खोजबीन के लिये शिकायत की है। सरोजिनी ने बताया कि वह कस्बे के सुभाषनगर में रहती है शनिवार को मेरा पुत्र सुबह जूनियर हाईस्कूल पढने के लिये गया था। जब वह स्कूल के बन्द होने के बाद वापस नहीं लौटा तो उसी खोजबीन करने पर जानकारी मिली कि मेरा पुत्र गणेशगॅज के सॅजू के साथ कहीं चला गया है। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### पुत्री के अपहरण का आरोप

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के एक गॉव निवासिनी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री का अपहरण का आरोप लगाते हुये थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जॉच पडताल शुरू कर दी है। पीडिता ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री रविवार की दोपहर को शौच क्रिया के लिये खेतों में गयी थी वहीं खेतों में विशाल उर्फडमरू ने मेरी पुत्री को अपने साथ अपहृत कर ले गया है। विशाल पहले भी मेरी पुत्री के अपहरण की धमकी दिया करता था। थानाध्यक्ष ने बताया कि शिकायत पर जॉच की जा रही है।

### तीन दिवसीय कृष्ण महोत्सव व सम्मान समारोह का शुभारम्भ

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** राम बहादुर सिंह भदौरिया ट्रस्ट के द्वारा आयोजित श्री कृष्ण महोत्सव एवं सम्मान समारोह का तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पहले दिन हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रसूलाबाद के भैसाया में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संगठन मंत्री रामकृपाल सिंह भदौरिया के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रुप में अपर पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात घनश्याम चौरसिया कार्यक्रम में पहुंचे। समाजसेवी सत्येंद्र सिंह भदौरिया ने भगवान कृष्ण की झांकी पर आरती उतार कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम हमें अपनी संस्कृति से जोड़े रखते हैं। हमें अपनी संस्कृति को हमेशा याद रखना चाहिए। कार्यक्रम में आरके ग्रुप द्वारा भगवान श्री कृष्ण महोत्सव में श्री कृष्ण जन्मएसुदामा चरितएकंस वधए राधा कृष्ण और रुक्मणी विवाह एवं अन्य लीलाओं का मंचन देख श्रोता भाव विभोर हो गए। इस मौके पर प्रमुख रूप से राम कृपाल सिंह भदौरिया, बृजेश त्रिपाठी पूर्व जिला उपाध्यक्ष, सत्येंद्र सिंह भदौरिया, राम किशोर भदौरिया, अनुज प्रताप सिंह, डवोकेट, शिवपाल सिंह, तार बाबू, सागर यादव सहित बड़ी संख्या में लोग रहे।

### ट्रेनीज़ 162 छात्राओं को विधायक ने वितरित किये प्रमाण पत्र



**फतेहपुर।** निखार वूमेन्श ट्रेनिंग एन्ड ड`वलपम`ंट इन्सटीट्यूट मे आन ज़ाब एवं डीएसटी ट्रेनिंग प्राप्त करने वाली आईटीआई (फतेहपुर, खागा, बिन्दकी, जहानाबाद, सिविल लाइन) की 162 छात्राओं को अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता द्वारा सर्टीफिकेट प्रदान किया गया।साहित्यकार मधुसूदन ने अपने काव्य पाठ से इन्सटीट्यूट के कार्यों को वर्णित किया। आईटीआई के उपप्रधानाचार्य अशोक ने भी स्टूडेन्टस को उच्च व स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए डाक्टर माधुरी साहू के कार्यों की प्रशंसा की। महिला थानाध्यक्ष किरन व उनकी टीम ने भी बालिकाओं का उत्साह वर्धन किया। समाजसेवी अनिल रस्तोगी, व्यापारी नेता प्रदीप गर्ग, अजय त्रिपाठी, सुशीला शिवहरे, प्रीति गुप्ता, रीता सिंह तोमर, साधना चौरसिया, आशा सिंह, मंजू, श्यामा साहू आदि ने और निखार की निदेशक माधुरी साहू द्वारा सर्टीफिकेट और मेडल प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल परिसर में सम्पन्न हुआ।

### रैली निकालकर विद्युत उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक



**फतेहपुर।** विद्युत विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही घरेलू किसानों एवं वाणिज्य उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत आज शहर में एक रैली निकाल कर के उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। विद्युत विभाग के जेई पीसी भारती ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही एक मुह समाधान योजना के अंतर्गत रू0 100000 तक के बकायेदारों के लिए भुगतान अधिकतम 6 किस्तों में 30 जून तक जमा कर सकते हैं। निजी नलकूप उपभोक्ताओं के लिए 100 फीसदी ब्याज में छूट दी जा रही है एवं घरेलू उपभोक्ताओं के बिलों में 100 फीसदी ब्याज में छूट भी दी गई है व वाणिज्य उपभोक्ताओं के बिलों में 100 फीसदी ब्याज में छूट दी जा रही है। एक लाख रुपए से अधिक बकायेदारों के लिए भुगतान अधिकतम 12 किस्तों में जमा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि बकायेदारों की सूची से नाम हटवाने का सुनहरा अवसर है। योजना का लाभ उठाने के लिए निकटतम एसडीओ ऑफिस खंड कार्यालय विभागीय कलेक्शन सेंटर जन सुविधा केंद्र पर जाकर जमा किया जा सकता है।

# गुरुपूर्णिमा पर गुरुपूजन व सम्मान समारोह को लेकर हुआ गहन मंथन

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**कला एवं** साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की साधारण सभा की बैठक संस्था के सदस्य डॉक्टर नवनीत गुप्ता के लाल गेट स्थित नवज्योति क्लिनिक प्रांगण में सम्पन्न हुई । बैठक में गत वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर उनपर चर्चा की गई ।

रविवार को आयोजित बैठक में सचिव अरविन्द दीक्षित द्वारा गत कार्यवाही की प्रस्तुति की गई जिसका सभी ने ध्वनि द्वारा पुष्टि की गई । इसके बाद आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार पूर्व चर्चा की गई ।

बीते दिनों संस्था द्वारा चलाये गए निशुल्क ग्रीष्मावकास कला संस्कृति कार्यशाला के आय व्यय की प्रस्तुति कर समीक्षा की गई साथ ही संयोजकों एवं प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया । जुलाई माह में संभावित दो दिवसीय प्रांतीय बैठक को सफल बनाने की रणनीति तय हुई जिसके लिए आदेश अवस्थी को संयोजक व दिलीप कश्यप को सहसंयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई । गुरुपूर्णिमा पर गुरुपूजन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के विषय में चर्चा हुई जिस पर आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत विभिन्न विधाओं के कला साधकों को सम्मानित करने पर मंथन किया गया । साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे भारत में एक साथ सस्वर सामूहिक वन्दे मातरम गीत विभिन्न स्थानों पर गाने का निर्णय लिया गया । इसी के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व आचार्य ओम प्रकाश मिश्र की जयंति पर साहित्यिक कार्यक्रम करने की पुष्टि हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना ने की संचालन सचिव अरविंद दीक्षित ने किया ।

# छह बच्चों का पिता व तीन बच्चों की मां के प्रेम प्रसंग का हुआ अंत, जंगल में मिले दोनों के शव

**फतेहपुर।** कंधिया गांव में 52 वर्षीय छह बच्चों का पिता व 37 वर्षीय तीन बच्चों की मां का पिछले दस वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसमें शनिवार को शाम दोनों प्रेमी प्रेमिका गांव के किनारे जंगल में जाकर शराब कोल्ड् ड्रिंक व खाना पीना किया इसके बाद किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई जिसके बाद प्रेमी ने पहले अपने प्रेमिका की हत्या कर दी इसके बाद खुद पास में लगे पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रविवार की सुबह जब ग्रामीणों ने जंगल की तरफ पेड़ पर लटका शव देखा तो अवाक रह गए वहीं कुछ ही दूरी पर मृत अवस्था में महिला का शव पड़ा था जिसके बाद यह खबर आग की तरह चारों तरफ फैल गई और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा।

असोथर थाना क्षेत्र के कंधिया गांव निवासी रामबाबू 52 वर्ष की पत्नी 20 वर्ष पहले स्वर्ग वासी हो चुकी थी जिसके बाद इसका जीवन तीन बच्चों व तीन बच्चियों के सहारे चल रहा था लेकिन लगभग दस वर्षो पहले पड़ोस की एक महिला रूक्मिणी 37 वर्ष से इसका प्रेम प्रसंग शुरू हो गया जब कि उस महिला के भी एक लड़की व दो बच्चे थी लेकिन फिर भी दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा जिसमें रुक्मिणी का पति चुनबुदिया को इसकी जानकारी हुई तो उसने इसका विरोध किया लेकिन फिर भी न मानने पर वह अपनी पत्नी व बच्चों को छोड़कर परदेश कमाने चला गया इसके बाद वापस नहीं लौटा जिससे महिला का प्यार और बढ़ने लगा। शनिवार को शाम दोनों गांव के किनारे जंगल में जाकर शराब व कोल्ड ड्रिंक खाना पीना की पार्टी किया। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई जिसके बाद प्रेमी ने पहले प्रेमिका को मौत के घाट उतारा और बाद में खुद पास में लगे पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

# भट्ठी संचालक गिरफ्तार, ढेरों शराब बरामद

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रविवार की सुबह पुलिस व आबकारी टीम ने करसवां गांव में छापा मारते हुये शराब बनाने की भठ्ठी व शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थानाध्यक्ष आनन्द पाल सिंह अपने सहयोगी उपनिरीक्षक बीरेन्द्र प्रसाद उपनिरीक्षक सावन कुमार, हेड कास्टेबिल धनंजय, का0 पवन चौधरी व आबकारी पुलिस के साथ शराब माफियाओं पर कडी निगाह रखते हुये गश्त कर रहे थे तभी खाब मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने करसवां गांव निवासी उदल पुत्र अर्जन के घर के पीछे छापा मारते हुये शराब भठ्ठी का भण्डाभोड करते हुये मौके से 17 ली0 कच्ची शराब 01 किलो यूरिया व शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुये शराब करोबारी उदल को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया।

# कबीना मंत्री ने छत्रपति साहू जी महाराज की जयंती पर प्रतिमा का किया भव्य अनावरण

**संवाददाता।** बछरावां रायबरेली



**बछरावां विधानसभा** के ग्राम चंदापुर में योगी सरकार के कबीना मंत्री आशीष पटेल ने चंदापुर ग्राम के किसान समाजसेवी समाज सुधारक गया प्रसाद पुत्र स्वर्गीय उजागर ने छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा का निर्माण कराया और उनकी मूर्ति के अनावरण के लिए अपना दल एस के कैबिनेट मंत्री ने आज पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ इस भव्य मूर्ति का अनावरण किया इसके उपरांत तथागत बुद्ध की मूर्ति एवं मिनी पुस्तकालय का भी उद्घाटन किया माननीय मंत्री के काफिले को बछरावां में कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी का भव्य स्वागत किया माननीय मंत्री जी का जनपद रायबरेली के सिंहद्वार पर ही सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ अपना दल एस के प्रत्याशी लक्ष्मीकांत रावत व वीरेंद्र गौतम ने मिलकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ किया भव्य स्वागत इसके उपरांत जिलेदार मैरिज लॉन के संचालक नितिन मोहन ने भी मंत्री जी का भव्य स्वागत किया इसके उपरांत तिलेंडा प्रधान धर्मपाल एवं बहादुरपुर प्रधान नीरज गौतम तथा दिव्यांशी मेडिकल स्टोर के संचालक व सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री के काफिले को रोककर भव्य स्वागत किया मंत्री का काफिला लगभग 3 किलोमीटर लंबा था और हजारों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारीयों और कार्यकर्ता इकट्ठा रहें इसके उपरांत मूर्ति अनावरण के बाद मंत्री के स्वागत में वर्तमान ब्लाक प्रमुख बछरावां अमन दअवा , नगर पंचायत चेयरमैन शिवेंद्र सिंह राम जी, अपना दल के जिला अध्यक्ष पवन पटेल, अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव मान सिंह, एलसी कनौजिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवगढ़ कंचन वर्मा, और महिला समूह ने मंत्री जी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया पटेल सत्येंद्र पटेल, आकाश पटेल, प्रवेश वर्मा, बिशुनपुर प्रधान अरुण कुमार, सेहगों प्रधान दीपक चौधरी, गंगा प्रसाद मास्टर, नरेंद्र चौधरी, वासुदेव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी का स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र गौतम द्वारा किया गया।

## श्रीरामचरित मानस का अखंड पाठ संपन्न

**लालगंज रायबरेली।** नगर की बहुप्रतिष्ठित शिक्षण संस्था बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार से श्रीरामचरित मानस का अखण्ड पाठ शुरू हुआ।इस भक्तिमय आयोजन का समापन शनिवार को हुआ। हरि-इच्छा से प्रेरित इस पुण्य नैमित्तिक यज्ञ में विद्यालय परिवार के साथ सैकड़ों नगर वासी भी सम्मिलित होकर श्रीराम कृपा प्राप्ति के भागीदार बनकर प्रसाद ग्रहण किया। प्रबंधक शान्तनु सिंह व सिद्धार्थ सिंह देर शाम तक आए मेहमानों के स्वागत सत्कार में व्यस्त रहे ।बक्शी परिवार के मुखिया पूर्व चेयरमैन सुरेश नारायण सिंह बच्चा बाबू,कुंवर देवेंद्र बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, शेरबहादुर सिंह, सुशील शुक्ला, चन्द्र शेखर शरण सिंह, शीतला गुप्ता,रामबाबू गुप्ता , अखिलेश सिंह, योगेन्द्र त्रिवेदी, पवन द्विवेदी, अनंत विजय सिंह, विश्वास बहादुर सिंह,आशीष प्रताप सिंह, सुरेश सिंहआचार्य,बबलू सिंह,केशन सिंह,राजू नेता, चिंटू सिंह,गुड्डू सिंह सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे ।

# बढरावां के पांच तालाबों की बदल जाएगी तस्वीर, बनेंगे अमृत सरोवर

**संवाददाता।** बछरावां रायबरेली



**बछरावां विकास** खंड में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत डेढ़ करोड़ की लागत से पांच गांवों में पांच अमृत सरोवर का निर्माण कराया जाएगा। विकास क्षेत्र के करीब ढाई सौ तालाबों में पांच तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा । जिसमें सत्यापन का कार्य पूर्ण हो चुका है। जल संरक्षण के लिए नीमटीकर, दोस्तपुर, विनायकपुर, कुंडौली व सब्जी ग्रामसभा में पांच तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाना है। इन ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरों का चयन 4 जून को किया जा चुका है। विनायक पुर अमृत सरोवर में 22.51 लाख रूपये व दोस्तपुर में 19.84 लाख रूपये का खर्च आएगा। वहीं नीमटीकर, कुंडौली, सब्जी के स्टीमेट बनाए जा रहे हैं। अमृत सरोवर के पास सामुदायिक भवन, शौचालय और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था होगी। वहीं इसके साथ ही साथ मोटरबोट भी चलाये जाने की योजना है। अन्य तालाबों के सौंदरीकरण की अपेक्षा अमृत सरोवरों में चारों तरफ इंटरलॉकिंग ध्वजारोहण पॉइंट की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही साथ यह भी व्यवस्था की जाएगी कि गांव के गंदे नालों का पानी इस तालाब में न आए। क्षेत्र में कई तालाब अतिक्रमण का शिकार होकर अस्तित्व भी खो चुके हैं। शासन ने एक एकड़ क्षेत्रफ्ल में फैले तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। पहले इनकी खुदाई होगी चबूतरा बनाया जाएगा। उसके पास कम्यूनिटी हॉल बनाया जाएगा । जहां लोग शादी भी कर सकते हैं। इस पर मनरेगा वित्त आयोग व अन्य मद की रकम खर्च की जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने खंड विकास अधिकारी को पत्र भेजकर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराए जाने के निर्देश दिए हैं। खंड विकास अधिकारी बछरावां शकील अहमद ने कहा कि शीघ्र ही पांचों अमृत सरोवरों का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### 84 वर्ष की उम्र में डी.लिट की उपाधि धारण कर डॉ. अमलधारी सिंह ने बनाया रिकार्ड

**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कालेज के पूर्व प्राचार्य व बीएचयू के वर्तमान में सबसे वयोवृद्व छात्र डॉ अमलधारी सिंह ने 84 वर्ष की आयु मे डी. लिट की उपाधि प्राप्त कर विश्व रिकार्ड कायम किया। इससे पूर्व यह रिकार्ड एएमयू के 82 वर्षीय छात्र वेल्लायाणी अजुर्नन के नाम था जिन्हे यह उपाधि 2015 में प्रदान की गई थी। श्री सिंह को यह उपाधिक बीएचयू के कला संकाय में संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो0 उदय प्रताप सिंह ने प्रदान किया। उन्हे यह उपाधि ऋग्वेद की संहिताओं के तुलनात्मक व समीक्षात्मक अध्ययन पर प्रदान किया गया। श्री सिंह की इस उपलब्धि पर बैसवारा एजूकेशन ट्रस्ट के प्रबंधक देवेंद्र बहादुर सिंह, ब्रम्हप्रकाश सिंह, राजेश फौजी, अंनत विजय सिंह, आशीष सिंह सेंगर, अंजनीश प्रताप सिंह, अवनेंद्र बहादुर, पूर्व प्राचार्य प्रो0 सत्यनारायण सिंह, प्रो0 अरूण कुमार सिंह मुन्ना, एमडी सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की है।

### विशाल वट पीपल पाकर आम महुआ व नीम का रोपण

**रायबरेली।** पंचवटी विकास समिति लालगंज द्वारा पास पड़ोस के जनपदों में भी पौधों को लगा कर छात्रों शिक्षकों के साथ ही समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को वायु मंडल में बढ़ती हुई कार्बन डाइऑक्साइड के खतरों से उत्पन्न पारितंत्र को जीवों के अनुकूल बनाने हेतु विशाल वट पीपल पाकर आम महुआ नीम आदि के रोपण पर गोष्ठी करके लोगों को जागरूक किया।इसी क्रम में बाबा विश्वनाथ सिंह महाविद्यालय गुलरिहा में पूर्व प्राचार्य बैसवारा महाविद्यालय लालगंज प्रोफेसर सत्य नारायण सिंह राठौर, हरिनाम सिंह ,ओंकार बहादुर सिंह, महेन्द्र सिंह एडवोकेट,चन्द्र पाल सिंह, सुखेन्द सिंह, धनेन्द्र सिंह, दीपक सिंह, महाविद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार सिंह, पंचवटी कोषाध्यक्ष राम गुलाम सविता, एवं गण्यमान्य नागरिकों समेत महाविद्यालय के डीएलएड विभाग के छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया एवं परिसर मेंअखण्ड राम चरित मानस पाठ के उपरान्त आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभाग किया तथा आगामी मानसून सत्र में 10 हरि शंकरी प्रकार के वृक्षारोपण का संकल्प लिया।

### विकास कार्यों को मानक के अनुरूप किया जाए: दिनेश प्रताप सिंह



**रायबरेली ।** उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में माननीय मंत्री ने जनपद में कराए जाने वाले वृक्षारोपण कार्य को विभागों द्वारा माइक्रो प्लान बनाकर वृक्षारोपण का कार्य करें तथा सिक्योर परिसरों में वृक्षारोपण अधिक से अधिक कराने के निर्देश दिए। वृक्षारोपण के दौरान पौधों के संरक्षण भी किया जाए। उन्होंने शहर के सब्जी मंडी सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी, स्वच्छता व साफ्सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर को शुद्व पेयजल की व्यवस्था के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों कि सरकारी जमीनों पर ओपन जिम, इंदिरा उद्यान वह शहर के पार्किंग व्यवस्था सुंदरीकरण के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा गई। उन्होंने कहा कि जो भी विकास एवं निर्माण कार्य कराए जाएं उन्हें मानक के अनुरूप पूर्ण किया जाए।इस मौके पर जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, अपर जिला अधिकारी प्रशासन अमित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पल्लवी मिश्रा, सूचना विभाग से मो0 राशिद उपस्थित रहे।

# दिनेश कुमार सिंह उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक इकाई निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**संवाददाता।** ऊँचाहार,रायबरेली



**त्रिवार्षिक अधिवेशन** निर्वाचन कार्यक्रम बाबूगंज स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाबूगंज में सम्पन्न हुआ।ब्लॉक इकाई ऊँचाहार के निर्वाचन में आज जिले से उपस्थित चुनाव चुनाव अधिकारी डॉक्टर ब्रज किशोर चुनाव पर्यवेक्षक डॉक्टर संजय सिंह(जगतपुर) व आदित्य पांडेय(छतोह) की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ,ऊँचाहार चुनाव प्रक्रिया में अध्यक्ष पद हेतु मात्र एक नामांकन दिनेश कुमार सिंह जी ने जिस कारण निर्वाचन अधिकारी व उपस्थित पर्यवेक्षक द्वारा उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया,जैसा कि विदित है कि दिनेश कुमार सिंह पूर्व में भी ब्लॉक के लगातर अध्यक्ष पद पर बने हुए,आज हुए चुनाव में भी उनकी शिक्षकों के प्रति कर्त्तव्य निष्ठा व सहयोग भावना को ध्यान में रखते हुए उनके सामने किसने ने चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया और सर्व सम्मति से दिनेश कुमार सिंह को अपना पुन: अध्यक्ष चुना है।' प्राथमिक के इस अधिवेशन/चुनाव कार्यक्रम में जूनियर संघ के जिलाध्यक्ष समर बहादुर सिंह,अनुदेशक संघ ज़िला अध्यक्ष विवेक सिंह,जूनियर ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंद सिंह,अनुदेशक ब्लॉक अध्यक्ष अमित तिवारी,ऊँचाहार प्राथमिक उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता जी,महामंत्री राकेश जायसवाल के अतिरिक्त भारी संख्या में प्रधानाध्यापक/ शिक्षक/ शिक्षिका/ अनुदेशक/ शिक्षा मित्र मौजूद रहे जिसमे क्रमशः शैलेंद्र पांडेय,जितेंद्र सिंह,ओम प्रकाश ,अनुराग शुक्ला,फरीद अहमद, विमल, ज्ञान प्रकाश पांडेय, अतीश शाहू, मनीष सिंह, बुद्हेंद्र सिंह,सन्दीप सिंह, सूरज यादव, नीलम निश्रा,रीता द्विवेदी, शोभा शुक्ला, सौरभ,श्वेता शर्मा, सन्ध्या सिंह, विनीता मौर्य, प्रतिभा मिश्रा, पुष्पा गुप्ता, प्रतिमा,वर्षा मौर्य आदि भारी संख्या में मौजूद रहे है। अंत मे नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह पुन: निर्विरोध अध्यक्ष चुनने के किये सभी शिक्षकों के प्रति आभार जताया,धन्यवाद दिया एवम शिक्षकों को भरोषा दिलाया कि ब्लॉक में कई कभी भी शिक्षक का अहित नही होने दिया है सदैव शिक्षक हित के कृत संकल्पित रहेंगे।

# अनियंत्रित डाला खंबे के मलबे से टकराया, पांच लोग घायल जिला अस्पताल किया रेफर

**संवाददाता।** बछरावां रायबरेली

**स्थानीय थाना** क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर कन्नावा ग्राम के पास एक अनियंत्रित डाला सड़क के किनारे पड़े गेट के मलबे से टकराया चालक सहित पांच लोग गंभीर घायल हुए।घटनाक्रम के अनुसार कन्नावा गांव के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक पिकअप डाला अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पड़े गेट के मलबे से टकराकर पांच लोग गंभीर घायल हुए। चीख-पुकार सुनकर दौडे ग्रामीण घायलों को एंबुलेंस की मदद से बछरावां सीएचसी पहुंचाया। चालक अरविंदकुमार जयसवाल निवासी कानपुर जो अपना डाला लेकर रायबरेली से प्रयागराज मार्ग होते हुए जा रहा था। वही हरचंदपुर से बछरावां के लिए बैठे सूर्यपाल पुत्र हीरालाल उम्र 63 वर्ष एवं राकेश कुमार एवं उनकी पत्नी सुषमा एवं उनकी छोटी 4 वर्ष की पुत्री पीहू के साथ हरचंदपुर से बैठकर बछरावां के लिए आ रहे थे। जैसे ही पिकअप डाला कन्नावा के निकट पहुंचा कि अचानक अनियंत्रित होकर कन्नावा मोड़ पर गेट के मलवे से टकरा गया।और सभी लोग घायल हो गए। चालक अरविंद जायसवाल ने यह बताया की पिकअप की स्टेरिंग फेल हो जाने से यह घटना घटित हुई है।सभी घायलों को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया है कि घटना की जानकारी हुई है सभी घायलों को इलाज के लिए रायबरेली भेजा गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# चार बाइक के साथ दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार



**अमेठी ।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 बुद्धीलाल रावत थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्रए चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिए वस्तुए वाहन के दौरान अलग.अलग मोटर साइकिल पर सवार दो अभियुक्त अनुज मौर्या उम्र करीब 18 वर्ष पुत्र देवराज निवासी ग्राम कटरा मजरे उत्तर गांव अमेरुआ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी व भगवत तिवारी उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र जय प्रकाश तिवारी निवासी ग्राम अमताही सोनारी थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को सत्थिन पुल के पास से समय करीब 10रू05 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । गाड़ी के कागज मांगने पर दिखा न सके तथा बताया कि दोनों मोटरसाइकिल चोरी की है । अभियुक्तों की निशानदेही पर 02 अन्य मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स बिना नं0 तथा हीरोहाण्डा यूपी 32 डीएम 2759 को सत्थिन पुल की आड़ से बरामद हुई । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों मिलकर अमेठी सुल्तानपुरए प्रतापगढ़ व रायबरेली से मोटरसाइकिल चोरी करते हैं और बेच देते हैं । थाना बाजारशुक्ल द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**गौरीगंज, अमेठी ।** जिले के गौरीगंज पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है प्रभारी निरीक्षक अंगद सिंह थाना गौरीगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रए तलाश वांछित चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिए वस्तु तथा वाहन के दौरान मु0अ0सं0 77 2022 धारा 306 भादवि में वांछित 02 अभियुक्त साधना उर्फ गुड़िया पुत्री श्यामलाल नि0 ग्राम भौसिंहपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी व जवाहरलाल पुत्र मोतीलाल नि0 धमरावां जंगल रामनगर थाना अमेठी जनपद अमेठी को अभियुक्ता के घर से समय करीब 10.00 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।

# शिक्षक से शिक्षा और गुरु से प्राप्त होती है दीक्षा: शिवाकांत त्रिपाठी

**संवाददाता।** तिलोई अमेठी



छात्रा को स्कूटी देते विद्यालय के संस्थापक और प्रबंधक

**शिक्षक से** शिक्षा और गुरु से दीक्षा प्राप्त होती है यह बात ब्लाक क्षेत्र सिंहपुर के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान संत पथिक इण्टर कालेज में माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित परीक्षा में जिले में छठवां स्थान बनाने वाली छात्रा के सम्मान समारोह पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक शिवाकांत त्रिपाठी ने कहीद्य

ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय के छात्र दृछात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर ब्लाक क्षेत्र में ही नही बल्कि जिले में भी अपना परचम फ्हराया हैद्य हाई स्कूल की छात्रा आकांक्षी यादव ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में छठवां स्थान हासिल कर जनपद में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवायाद्यविद्यालय के संस्थापक शिवाकांत त्रिपाठी व प्रबंधक श्रीकांत त्रिपाठी पाण्डेय ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा छात्रों को उच्च शिक्षा में सहयोग प्रदान करने की भी बात कही है विद्यालय के प्रबंधक श्रीकांत त्रिपाठी ने कहा कि आगे भी इसी तरह मेधावी बच्चों का उत्साह वर्धन किया जाता रहेगा सम्मान समारोह में सभी सफ्ल छात्र छात्राओं को माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र कुमार मिश्र शिव शंकर पाल शैलेश शुक्ल सूरज मिश्र हृदय कुमार केबी सिंह बृजेश कुमारी कोमल मिश्र मधू आँचल रहमत जहाँ शिवानी जीत बहादुर देवी दयाल बाजपेयी श्रवण कुमार त्रिवेदी आकाश मिश्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# महिला ने लगाया थानेदार पर पक्षपात का आरोप

**संवाददाता।** जगदीशपुर .अमेठी



**दलित महिला** ने स्थानीय थानेदार से जान माल की हिफाजत एअभद्रता तथा पक्षपात का आरोप लगाते हुए पुलिस कप्तान सहित आलाधिकारियों से हुई शिकायत की सुनवाई न होने के कारण महिला ने मुख्यमंत्री के दरबार पहुंच कर मदद की गुहार लगाई है।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत थौरी निवासी दलित पीड़िता पूनम ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते 13 मई को प्रार्थना पत्र के माध्यम से गांव के ही ओम प्रकाश ;सब इंस्पेक्टर उ प्र पुलिसद्ध शिक्षा विभाग में बतौर सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी शत्रोहन व शिक्षा विभाग में अध्यापक के पद पर कार्यरत चन्द्र प्रकाश आदि लोगों द्वारा मारा पीटा गया तो इन लोगों के खिलाफस्थानीय कोतवाली में सुनवाई न होने पर पी?ित महिला ने पुलिस अधीक्षक अमेठी पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या पुलिस महानिदेशक लखनऊ महिला आयोग सहित सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में पहुंच कर शिकायत की और कहा कि कोतवाल ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए मेरी तहरीर सिपाही द्वारा बदलवा कर जबरन हस्ताक्षर करवा लिया गया था सांसद महोदया के हस्तक्षेप के बाद दबंगों पर मामला दर्ज हुआ और वहीं महिला ने प्रभारी निरीक्षक पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि रात 11रू30 बजे तक थाने में बैठाए रखा और अशब्द बातें करते हुए कहा कि मैंने तो पहले ही कहा था कि मेरा कहना मान लो मैं तुम्हारे विपक्षियों को जेल भेज दूंगा । तुमने मेरी बात न मानकर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पास पेश हो गई अब देखता हूं कि कप्तान क्या कर लेंगे और तुम्हारे ऊपर दो तीन मुकदमे लिख डालूंगा और तुम्हारी जमीन पर भी कब्जा करवा दूंगा जो करना है कर लो देखता हूं तुम्हें कौन बचाएगा यहां के कप्तान और सीओ वहीं करेंगे जो हम चाहेंगे अब तुम्हारा सामान कप्तान ही दिलाएंगे और उल्टा तुम्हें जेल की हवा भी खिलाऊंगा ।शिकायत से खार खाए कोतवाल मेरे पीछे पड़े हुए हैं और मुझे और मेरे परिवार को थानेदार से खतरा बना हुआ है जिसकी गुहार मुख्यमंत्री दरबार मे लगा चुकी है ।

## पीड़ित महिला कौन है ....

**पीड़ित** महिला पूनम भाजपा महिला मोर्चा की कार्यालय प्रभारी है अगर इस भाजपा सरकार में महिला नेत्री को न्याय नहीं मिला रहा है तो आम जनता का क्या आलम होगा घ् अब देखना यह होगा कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले में क्या करेंगे ।

## थानेदार को बचाने में जुटे अधिकारी .....

**जगदीशपुर।** कोतवाली आए दिन सुखियों में बना रहता है आरोप पर आरोप लग रहे हैं फ्रि भी आलाधिकारी थानेदार पर क्यों मेहरबान है क्या सत्ता पक्ष के नेताओं के दबाव में आलाधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं याकि बचाने के एवज में मोटी रकम मिल जाती है यह प्रश्न अमूमन जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

# उपचुनाव में मिली जीत से भाजपाइयों में खुशी की लहर

**अमेठी ।** आजमगढ़ व रामपुर लोकसभा सीट पर मिली जीत से जिले के भाजपाइयों में खुशी की लहर फैल गई है यह जीत भाजपाइयों के लिए इसलिए भी मायने रखती है कि यह दोनों लोकसभा सीटें समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता रहा है इस जीत से लबरेज भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि यह जीत हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जन कल्याणकारी कार्यों एवं सतत हो रहे विकास की जीत है इसके लिए संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ताओं की जीत है जो पूरी मेहनत से इस चुनाव में जुटे रहे राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दयाशंकर यादव ने कहा कि इस जीत ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह दुगना कर दिया है यह चुनाव परिणाम 2024 लोकसभा चुनाव के लिए शुभ संकेत है जिला प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने कहा कि इस चुनाव के परिणाम आने के बाद जिले में खुशी की लहर फैल गई है रामपुर और आजमगढ़ की सीट को समाजवादी अपना गढ़ मानते थे आज भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं द्वारा कड़ी मेहनत व परिश्रम से केंद्र व प्रदेश की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बल पर इन सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज किया है ।

# बेकाबू कार पलटी, बच्चे की मौत

**संवाददाता।** बरेली

**तेजी से जा** रही एक कार अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई जिससे उसमें सवार बच्चे की मौत हो गई और उसके माता-पिता को चोटे आई पुलिस ने माता-पिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।बरेली फ्तेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में झुमका तिराहा पर आज हुई सड़क दुर्घटना में महा नगर थाना क्षेत्र की महानगर कॉलोनी निवासी अभिषेक चौधरी के 11 महीने के बेटे श्रेयांश की मौत हो गई बच्चे के माता-पिता ने बताया कि वह आज दोपहर अपने रामपुर निवासी रिश्तेदार के घर जाने के लिए कार से निकले थे लेकिन जब उनकी कार झुमका तिराहा पर पहुंची तब अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई कार में बैठे सभी लोग उसके नीचे दब गए रास्ते से गुजर रहे लोगों ने राहत और बचाव का काम शुरू करते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी लोगों ने जब तक 11 वर्षीय श्रेयांश को कार से बाहर निकाला उसकी मौत हो चुकी घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा और घटना की जानकारी दुर्घटना के शिकार लोगों के परिजनों को दी जो मौके पर पहुंचे और उन्होंने श्रेयांश के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया।

# इंटरनेट पर डाली जाएगी बस्ती महायोजना 2031: कमिश्नर

संवाददाता। बस्ती

- ‘नो प्राफिट नो लास’ पर पुस्तक वितरित कर दी जाएगी विस्तृत जानकारी
- महायोजना लागू होने से पहले आमजन से ली जाएगी आपत्ति और सुझाव
- मानचित्रकार के अभाव में लंबित विनियमित क्षेत्र बस्ती द्वारा 1209 मानचित्रों का नहीं हो रहा परीक्षण
- अवैध प्लाटिगं पर रोक लगाने के दिए गए कड़े निर्देश


बीडीए की बैठक की अध्यक्षता करते कमिश्नर पायनियर

**बहुप्रतीक्षित** बस्ती महायोजना 2031 लागू होने के अंतिम चरण है। रविवार को बीडीए के अध्यक्ष कमिष्नर गोविंद राजू एनएस की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। लागू करने से पहले आमजनता से आपत्ति और सुझाव मागें जाएगें। ‘नो प्राफ्टि नो लास’ पर पुस्तक के रूप में छपवाकर वितरित कराया जाएगा, ताकि लोग अपने सुझाव दे सकें। बस्ती विकास प्राधिकरण की आठवीं बोर्ड की बैठक में कमिष्नर ने महायोजना 2031 इंटरनेट पर डालने का निर्देश दिया। उन्होने प्राधिकरण क्षेत्र में बस्ती जनपद के सुनियोजित विकास के लिए आवासीय, व्यवसायिक, कार्यालय स्थल, सामुदायिक केन्द्र, फायर स्टेशन, पार्किंग के लिए भूमि आरक्षित करने का भी निर्देश दिया है। कहा कि विकास क्षेत्र में खाली पड़ी सरकारी भूमि, नजूल भूमि, बंजर, नवीन परती, खलिहान, चकमार्ग, रजवाहा आदि भूमि की सूची तैयार रखी जाय। निर्देश दिया कि जिस सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा है, उसे तत्काल खाली कराया जाय। विशेष कार्याधिकारी सूरज यादव ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा 16 भूमि चिन्हित की गयी है, जो कि सरकारी स्वामित्व की है। महुडर ग्राम स्थित भूमि के संबंध में सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होने 4.64 करोड़ आवास विकास परिषद से प्राप्त करने के लिए कार्यवाही में तेजी लाने का निर्देश दिया। यह रकम स्टाम्प शुल्क का दो प्रतिशत धन प्राधिकरण को प्राप्त होता है। भूलवश यह धन प्राधिकरण के बजाय आवास विकास परिषद के खाते में चला गया, जिसको प्राप्त करने की कार्यवाही शासन स्तर से की जा रही है। प्राधिकरण के गठन के बाद विनियमित क्षेत्र बस्ती द्वारा 1209 मानचित्र स्वीकृत किए गये, जो कि नियमानुसार सही नही था। इन सभी मानचित्रों का मानचित्रकार द्वारा परीक्षण कराया जाना है परन्तु मानचित्रकार न होने के कारण यह कार्य लम्बित है। मण्डलायुक्त ने प्राधिकरण क्षेत्र मे हो रही अवैध प्लाटिंग पर अकुश लगाने के लिए निर्देश दिया। बताया गया कि प्राधिकरण द्वारा सघन अभियान चलाकर ऐसे 15 प्लांट चिन्हित किए गए हैं। उन्होने निर्देश दिया कि ऐसे अवैध प्लाटिंग के बाहर प्राधिकरण द्वारा इस आशय का बोर्ड लगाया जाय कि कालोनी में भूखण्ड खरीदना नियम विरूद्ध है। साथ ही इसकी सूची रजिस्ट्रार को भी भेजीं जाय। इसकी सूची सभी सदस्यों को उपलब्ध कराने के लिए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया है।

प्राधिकरण के सदस्यों ने मुख्य मार्ग पर अवैध अतिक्रमण हटवाने का सुझाव दिया। इसके साथ ही फौव्वारा चौराहा से रेलवे स्टेशन तक सड़क ठीक कराने का भी सुझाव दिया। बैठक में शास्त्री चौक स्थित 100 फिट ऊचे राष्ट्रीयध्वज के रख-रखाव के संबंध में भी चर्चा की गयी। विशेष कार्याधिकारी सूरज यादव ने बताया कि बस्ती महायोजना 2021 में 69 ग्राम सम्मिलित थे। प्राधिकरण के गठन के पश्चात् 217 राजस्व ग्राम इसमें सम्मिलित किए गये है। डीएम प्रियंका निरंजन ने नगर पालिका परिषद बस्ती को निर्देश दिया कि शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था तथा कूड़ा उठान नियमित रूप से संचालित कराये। नगर पालिका क्षेत्र के पार्को का बेहतर रख-रखाव करे, अपनी आय बढाने के लिए नगर पालिका संसाधन जुटाये। बैठक का संचालन विशेष कार्याधिकारी सूरज यादव ने किया। इसमें अधिशासी अभियन्ता पंकज पाण्डेय, मुख्य कोषाधिकारी डा. श्रीनिवास त्रिपाठी, वित्त अधिकारी बैजनाथ श्रीवास्तव, प्राधिकरण के सदस्य यशकान्त सिंह, प्रेम सागर त्रिपाठी, परमेश्वर शुक्ल, प्रमोद कन्नौजिया, रूपम श्रीवास्तव, मो0 इदरीश, चुनमुनलाल, संयुक्त नियोजक हितेश कुमार, ईओ नगर पालिका अखिलेश त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बीडीओ के इतने सारे रहनुमा!

- बचाने की हो रही हर जुगत, एफआईआर की कार्रवाई में बीडीओ का नाम क्यों नहीं?
- बीडीओ और एडीओ पंचायत के अनुमोदन के बाद हुई थी नियुक्ति
- तत्कालीन सेक्रेटरी ने दी सफाई जानबूझकर किसी को लाभ नहीं पहुंचाया
- चयन निरस्त करने की जानकारी तीन माह बाद भी जिले को नहीं दी गई
- आनन-फानन में लाभार्थी का चयन निरस्त कर दिया मानदेय का छह हजार भी वापस हो गया
- कुदरहा के ग्राम परेवा में नाबालिग को बालिग बनाकर डाटा एंट्री आपरेटर की नियुक्ति का मामला

## एडीओ पंचायत ‘जयंतलाल’ नहीं ‘आंनद कुमार सिंह’ ने अनुमोदन किया

**परेवा** में फर्जी नियुक्ति के मामले में अभी तक एडीओ पंचायत जयेंतलाल का नाम फार्म 24 पर हस्ताक्षर करने में आ रहा था, जबकि असलियत यह है, कि तत्कालीन सेक्रेटरी आंनद कुमार सिंह ने ही प्रभारी एडीओ पंचायत के रुप में फार्म 24 पर हस्ताक्षर किया। फर्जीवाड़े में तो इनकी भूमिका सेक्रेटरी के रुप में तो रही, साथ ही इन्होंने तत्कालीन बीडीओ संजय नायक के साथ मिलकर प्रभारी एडीओ पंचायत के रुप में भी इनका हस्ताक्षर है। यानि इन्होंने जानबूझकर और साजिष के साथ फार्म 24 पर हस्ताक्षर किया। वैसे डीपीआरओ को जो इनकी ओर से स्पष्टीकरण दिया गया, उसमें इन्होंने अपने आपको निर्दोष बताते हुए दोषमुक्त करने को कहा है। लिखा कि उन्होंने चयन के मामले में कोई भी निर्णय स्वाविवेक से नहीं लिया, और न ही कोई हेरॉफेरी की। कहा गया कि उनके द्वारा किसी भी लाभार्थी को जानबूझकर लाभ नहीं पहुंचाया गया और न ही कोई गलती और लापरवाही की गई। लिखा कि जैसे ही उन्हें चयन में गलती का पता हुआ, वैसे ही आठ मार्च 2022 को प्रषासनिक समिति की बैठक बुलाकर चयन को निरस्त कर दिया, और लाभार्थी से दिसंबर माह का छह हजार मानदेय भी वापस करवर कर खाते में जमा करवा दिया। अब सवाल उठ रहा हैं, कि जब चयन आठ मार्च 22 को निरस्त हुआ तो इसकी सूचना जिले और द्वितीय स्थान पर रहने वाले लाभार्थी को क्यों नहीं दी, और पैसा तीन माह से अधिक बाद क्यों जमा करवाया गया। पैसा किसने जमा किया यह पता नहीं चला क्यों कि पैसा जमा करने वाले पर्ची पर किसी जमाकर्त्ता का हस्ताक्षर ही नहीं है। चयन निरस्त करने की जानकारी जिले को न देना और पैसा तीन माह बाद जमा करना अपने आप में सवाल उठ रहा है। बहरहाल जांच टीम की सिफारिश के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधान, सेक्रेटरी और एडीओ पंचायत के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। इस तरह आंनद कुमार सिंह के खिलाफ सेक्रेटरी और प्रभारी एडीओ पंचायत दोनों के रुप में दर्ज होना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी इस लिए चपेट में आए क्यों कि बीएसए ने अपने स्थान पर इन्हें सदस्य बनाया था।

संवाददाता। बस्ती

**कुदरहा** ब्लॉक के परेवा ग्राम पंचायत में सपना नामक लाभार्थी को नाबालिग को बालिग और षैक्षिक अंक में हेराफेरी कर पंचायत भवन में पंचायत सहायक/एकाउंटेंट कम-डाटा इंटी आपरेटर के पद नियुक्ति करने के मामले में हुई कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हो रहे है। सवाल उठ रहे हैं, कि जब इस अनियमित नियुक्ति के असली खलनायक तत्कालीन बीडीओ संजय नायक थे तो क्यों उन्हें कार्रवाई के दायरे से बरी कर दिया गया। क्यों कि इन्होंने और प्रभारी एडीओ पंचायत ने फार्म 24 पर अनुमोदन दिया था, अनुमोदन होने के बाद ही जिले स्तर पर डीएम की ओर से नियुक्ति पर मोहर लगाई गई। कहा भी जा रहा है, बीडीओ के अनुमोदन के बाद नियुक्ति हुई, अगर इन्होंने अनुमोदन नहीं किया होता तो फर्जी नियुक्ति न होती और न एक योग्य लाभार्थी का हक मारा जाता है। जांच कमेटी के द्वारा खंड षिक्षा अधिकारी, प्रधान, सेक्रेटरी एवं एडीओ पंचायत के खिलाफ फर्जीवाड़े के आरोप में मुकदमा दर्ज कराने की तो सिफारिष कर दी मगर, बीडीओ को छोड़ दिया, जबकि मुख्य आरोपी बीडीओ को ही माना जा रहा है। इसे जांच कमेटी की या तो चूक मानी जा रही है, या फिर जानबूझकर लिया गया निर्णय माना जा रहा है। यह पहली बार नहीं जब बीडीओ को अभयदान दिया गया, इससे पहले भी जब इस ब्लॉक के एक दर्जन सेक्रेटरियों ने लिखित रुप से इन्हीं बीडीओ पर प्रधानमंत्री आवास के नाम पर सेक्रेटरियों से बीस-बीस हजार रुपये का आरोप लगाया था, तब भी बीडीओ बचाने के लिए खेल खेला गया, और बाद में इतने बड़े मामले को जिला स्तर पर दबा दफ्न कर दिया गया। राजनैतिक और आर्थिक रुप से बीडीओ की मजबूती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, कि जिले भर के बीडीओ का तबादला हो जाता था, मगर इनका नहीं होता, जबकि इन पर खुले आम कमीषन मांगने का आरोप और कोई नहीं खुद दर्जन भर सेक्रेटरी लगा चुके है। कहना गलत नहीं होगा कि आज जो कुदरहा ब्लॉक क्षेत्र के विकास की हालत है,उसके लिए तत्कालीन बीडीओ को ही सबसे अधिक जिम्मेदार माना जा रहा है।

# छात्र-छात्राओं में अच्छी आदत डालें शिक्षक : गोंविंद एनएस राजू

संवाददाता। बस्ती

- जीजीआईसी में हुआ सरकारी योजनाओं का अभिमुखीकरण और पठन-पाठन संवाद कार्यक्रम



सीधा संवाद करते कमिश्नर पायनियर

**माध्यमिक** शिक्षा में संचालित सरकारी योजनाओं का अभिमुखीकरण एवं पठन-पाठन मे गुणात्मक सुधार के लिए संवाद कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मे हुआ। मंडलायुक्त गोविंद राजू एन.एस. ने कहा कि छात्र-छात्राओं में जिज्ञासा उत्पन्न करने के लिए प्रधानाचार्य और अध्यापक संयुक्त प्रयास करें। कॉलेज में नियमित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करें तथा छात्र-छात्राओं मे अच्छी आदत का विकास करें। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की रूचि के अनुसार उनको विषय पढ़ाया जाए और आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाए। कहा कि छात्र- छात्राओं को शिक्षा विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के योजनाओं की जानकारी समय-समय पर दी जाए। वह पात्र छात्र-छात्राओं को इसका लाभ भी दिलाएं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को काफी संख्या में लैपटॉप और टेबलेट वितरित किए गए हैं। इसका उपयोग वे ऑनलाइन उपलब्ध विषयों की जानकारी प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं। बच्चों की काउंसलिंग करके उन्हें यह बताया जाए कि किस विषय की पढ़ाई करके वह किस क्षेत्र में आगे जा सकते हैं और इसके लिए किस प्रतियोगिता की तैयारी करनी होगी।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जेईई,नीट, केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है। वह इस कोचिंग से ऑनलाइन भी जुड़ सकते हैं और विषय की तैयारी कर सकते हैं। अभ्युदय पोर्टल पर विद्वान टीचर्स के लेक्चर अपलोड हैं, जिसे वे अपने एंड्रॉयड फोन पर देख सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि अध्यापकों को प्रामाणिक जानकारी छात्र-छात्राओं को उपलब्ध करानी चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल कूद विभाग की योजनाओं के साथ-साथ श्रम विभाग की योजनाओं से उनके अभिभावकों को जोड़ना चाहिए। श्रम विभाग मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करता है। कार्यक्रम को हाई स्कूल में जिला टॉप करने वाले छात्र निकुंज वर्मा के विद्यालय एचएलबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार तथा इंटरमीडिएट टॉप करने वाले छात्र सुबोध पांडे, शिवम इंटरनेशनल एकेडमी के प्रधानाचार्य सुरेश सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन मानवी सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डीएस यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडे तथा प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंडलायुक्त ने कॉलेज की टॉपर छात्रा सबा एवं शमा को सम्मानित किया। संयुक्त निदेशक शिक्षा मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि पहली जुलाई से नया सत्र नए कलेवर के साथ प्रारंभ करें। कॉलेज परिसर को पूरी तरह स्वच्छ बनाएं। वाचनालय साफ सुथरा रखें तथा वहां पर प्रतिदिन समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं मंगाए। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विषय सामग्री से छात्र-छात्राओं को अवगत कराएं। उपनिदेशक शिक्षा डॉक्टर ओम प्रकाश मिश्र ने कहा कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2022 में टॉप करने वाले छात्र- छात्राएं बहुत गरीब परिवार से आते हैं और वे ही हमारे आपके विद्यालयों में पढ़ते हैं। अभाव के बीच उन्हें समग्र रूप से शिक्षा उपलब्ध कराना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# आजमगढ़ व रामपुर हुआ भगवा, भाजपाइयों ने मनाया जश्न

संवाददाता। संतकबीरनगर


खुशी का इजहार करते भाजपाई पायनियर

**भारतीय** जनता पार्टी की आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में शानदार जीत पर भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई के अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह के नेतृत्व में दुर्गा नगर बरदहिया बाजार में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया एवं बधाइयां दी गई ।भाजपा के नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव उर्फ निरहू यादव एवं घनश्याम लोधी की जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज जी की जीत है जनता का आशीर्वाद मोदी और योगी के साथ है प्रधानमंत्री जी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को जीतते हुए इन सीटों पर भाजपा का परचम लहराया है। इस ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी का इजहार किया है कार्यकर्ताओं ने इस जीत को सैद्धांतिक मूल्यों एवम सत्य की जीत बताया है कार्यक्रम में नगर महामंत्री मुरलीधर जायसवाल कमलेश जायसवाल श्याम बिहारी गुप्ता अमित जयसवाल विनोद अग्रहरि रघुनाथ जी बलराम गुप्ता संदीप चौहान अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष मोहम्मद अयूब नसीम आजाद खान मोहम्मद शोएब तबरेज अहमद जितेंद्र गुप्ता जमालुद्दीन राजन अग्रहरि आफताब आलम महेश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी क्रम में मेंहदावल विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल के मेड़रापार गांव में भाजपाईयो से खुशी मनाया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी का इजहार किया।

# चोरों ने 28 लाख के जेवरात और ढाई लाख की नकदी उड़ा दी

**बस्ती।** कोतवाली क्षेत्र के बभनगावां स्थित बंद घर को चोरों ने खंगाल डाला। शनिवार की सुबह लौटे परिजनों का घर का ताला टूटा देख होश उड़ गए। परिजनों के मुताबिक चोरों ने कीमती जेवरात व ढाई लाख नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर सीसीटीवी कैमरे व डीबीआर भी उठा ले गए। सूचना पाकर एसपी आशीष श्रीवास्तव, एएसपी दीपेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, कोतवाल संजय कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। गृह स्वामिनी उर्मिला श्रीवास्तव पत्नी स्व. रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया है कि बभनगावां स्थित अपने घर पर शनिवार की सुबह करीब सवा नौ बजे लखनऊ से लौटीं। मेनगेट खोलकर जैसे ही अंदर का दरवाजा खोलना चाहा, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। इसके बाद तुरंत डायल 112 को फोन कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद ही परिजन अंदर घुसे। अंदर ग्राउंड फ्लोर के दोनों कमरों का ताला टूटा मिला। सभी अलमारियों का लॉकर तोड़ा गया था। कमरे की सीलिंग को भी चोरों ने तोड़ डाला था। तालों को गैस कटर से काटा गया था। कमरों के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। प्रथम तल के कमरे का भी ताला टूटा मिला। उनके अनुसार घर से करीब 28 से तीस लाख रुपये के जेवरात और साथ में रखा दो लाख पचास हजार रुपये चोरी कर लिया गया है। घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे व डीबीआर भी चोर उठा ले गए। घर में दाखिल होने पर चोरों ने बिजली का कनेक्शन भी काट दिया था। सदर विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ चुके राकेश श्रीवास्तव की मां उर्मिला श्रीवास्तव की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। कोतवाल संजय कुमार ने कहा कि घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए गए हैं। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## कलेक्ट्रेट सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर हुई बैठक

**श्रावस्ती।** अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बैठक की गई बैठक में उपस्थित सभी आयु वर्ग के लोगों को नशे की लत को त्यागने हेतु प्रेरित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का विषय स्वास्थ्य और मानवीय संकटों में मादक द्रव्य चुनौतियों का समाधान ये विषय दुनिया की वर्तमान स्थिति की ओर ध्यान केंद्रित करने के लिए तय किया गया है जो मानव के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही विनाशकारी है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने बताया कि हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस या विश्व ड्रग दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन दुनिया को नशीली दवाओं से मुक्त करने के लिए किए जा रहे कार्यों और सहयोग के विभिन्न प्रयासों का प्रतीक है। उन्होने बताया कि विश्व ड्रग दिवस की शुरुआत 25 जून 1989 को हुई।

# बीडीओ बनकटी पर लगा ‘भ्रष्टाचारी’ का साथ देने का आरोप

- डीएम ने जांच टीम से बीडीओ बनकटी को हटाया
- बिना कार्य कराए लाखों का भुगतान करने का मामला
- मौके पर पुलिस आई, बीडीओ भी लामाकामा के साथ पहुंचे, मगर मैदान छोड़ भाग खड़े हुए

संवाददाता। बस्ती


विरोध को भागते बीडीओ पायनियर

**...शायद** बनकटी जिले का पहला ऐसा होगा जहां के बीडीओ भ्रष्टाचार को रोकने के बजाए भ्रष्टाचारियों का साथ देते नजर आए। मामला बनकटी विकास खंड खड़ौवा का है। यहां पर बड़े पैमाने पर बिना कार्य कराए भुगतान करने की षिकायत गांव वालों ने डीएम से की। इससे पहले भी इस गांव के अनियमित कार्यो की षिकायत गांव वाले कर चुके है। डीएम के जांच के आदेष के बाद चोरी को छिपाने के लिए रातों-रात काम करवाना षुरु हो गया। इस पर जब गांव वालों ने फिर षिकायत किया तो डीएम प्रियंका निरंजन ने काम रोकवाने का आदेष दिया। गांव वालों का कहना है, कि डीएम के जांच के आदेष और रोक बावजूद बीडीओ साहब अपनी देखरेख में पंचायत भवन में अवैध मरम्मत करवा रहे थे। गांव वालों के बुलाने पर पुलिस भी आई और बयान भी लिया, बीडीओ भी पहुंचे, और उन्होंने अनियमित निर्माण होने देने की गांव वालों से कहा, इस पर गांव वाले भड़क गए, विरोध देख बीडीओ को वहां से मजबूरी में जाना पड़ा। गांव वाला का कहना है, सबूत मिटाने के लिए बीडीओ, डीपीआरओ और सेक्रेटरी सहित प्रधान पूरा प्रयास करने में लगे हुए हैं। गांव वालों ने बताया कि इस ग्राम पंचायत में सरकारी संपत्तियों के तोड़फोड़, तालाब को अवैध रुप से सूखाना, बिजली चोरी करना, फर्जी तरीके से अपने ही परिवार के लोगों को मनरेगा मजदूर बनाकर धन का बंदरबांट करना आम हो गया है। बताया कि एक तरफ सरकार जल संचयन के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही हैं, और इस ग्राम पंचायत में जल जमीन आदि का दोहन किया जा रहा है। बहाना कि एक दिन पहले स्थलीय जांच में अनियमितता देख बीडीओ भागने लगे। गांव के षिवप्रसाद, सुनील, बृजेष, गिरजेष, निरंकार, दिनेष और अजय सहित अन्य का कहना है, कि वह लोग ग्राम पंचायत को भ्रष्टाचार मुक्त कराके ही दम लेगें। कहते है, कि जिन बीडीओ की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार को रोकने की है, वह खुद भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है, ऐसे में कैसे भ्रष्टाचार रुकेगा?

# ई-टेंडरिंग की व्यवस्था के अनुसार हो नपा होर्डिंग एलाटमेन्ट: नोमान अहमद

- एडवारटाइजर्स एसोसिएशन डीएम को आज सौंपेगा ज्ञापन

संवाददाता। संतकबीरनगर


बैठक करते एडवारटाइजर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी पायनियर

**जिला मुख्यालय** पर एडवरटाइजर्स एसोसिएशन की बैठक मण्डल अध्यक्ष नोमान अहमद की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें गत दिवस समाचार पत्र में प्रकाशित करायी गयी नीलामी सूचना पर आपत्ति जताते हुए इसे निरस्त करने तथा नियमानुसार ई-टेंडरिंग कराये जाने की मांग की गयी। मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि ई-टेंडरिंग की व्यवस्था के अनुसार विज्ञापन का प्रकाशन कराये जाने सहित अन्य बिन्दुओं को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी से मिलेंगे। उन्होने कहा कि सरकार ने नीलामी सूचना आदि में पारदर्शिता बनी रहे और भागीदारी सुनिश्चित कर समान अवसर प्रदान करने के प्रयास के साथ अराजतत्वों, धनबलियों एवं भय व आतंक पूर्ण वातावरण को समाप्त करने तथा अधिकारी ठेकेदार/लाभार्थी के गठजोड़ को समाप्त करने के उद्देश्य से ई-टेडरिंग की व्यवस्था अनिवार्य की है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि संबंधित सूचना से नियम व शर्तो को एक साथ ही विस्तार से जाना जा सकता है जिसका पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मांग किया है कि वर्ष 2022-23 हेतु आमंत्रित विज्ञापन (होर्डिंग/बैनर/सूनिकपाले आदि) की खुली बोली हेतु ई-टेडरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाय। जिससे कि बिना भेदभाव के समान रूप से बोली का अवसर मिले। साथ ही ई-टेंडरिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशन आमंत्रित करने/कराने का आदेश नगर पालिका खलीलाबद ईओ का पालन किया जाय। मीटिंग में आके ऑफसेट के रतन कुमार गुप्ता, इण्डिन प्रिंटर्स अफजल हुसैन, अरविन्द प्रजापति, पवन कुमार, सोनू विश्वकर्मा, सूर्य पकाश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाविप के सहयोग से कभी भी पीछे नहीं हटूंगा:भानु प्रताप

संवाददाता। उरई (जालौन)

● भारत विकास परिषद के स्थाई कार्यालय निर्माण हेतु सदर विधायक ने निधि से 25 लाख रुपये देने का किया ऐलान

● बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ महिला टीम की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी



भाविप के दायित्व ग्रहण समारोह में मंचासीन अतिथि पायनियर

**भारत** विकास परिषद मुख्य शाखा उरई का दायित्व ग्रहण समारोह न्यू मंगलम गेस्ट हाउस उरई में भारत सरकार के केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अनिल बहुगुणा, इं. अजय इटौरिया रीजनल मंत्री, जीवनराम गुप्ता उप चेयरमैन समरग्राम अजय महातेले प्रांतीय महासचिव के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र ने किया।

मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद पूरे देश में नि:स्वार्थ सेवा से कार्य कर रही है। अभी मुझे पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रों में जाने का अवसर मिला मैंने देखा सभी जगह भारत विकास परिषद के लोगों से मुलाकात हुई भारत विकास परिषद के लिए जो संभव मदद होगी हम करेंगे। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि कोराना काल में मैंने स्वयं देखा कि भारत विकास परिषद ने कैसे लोगों को भोजन पहुंचाया ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मंगवाकर उनकी जान बचाई हमारी जहां देखते हैं । भारत विकास परिषद हर क्षेत्र में लोगों की मदद करने के लिए आगे रहती है। उन्होंने कहा कि अजय इटौरिया ने स्थाई भवन बनाने के लिए अपील की है उसके लिए हम अपने विधायक निधि से 25 लाख की राशि देने की घोषणा करते हैं। इससे पूर्व समारोह में पूर्व व निवर्तमान सचिव मोहित सपोलिया ने वर्ष 2021-22 में परिषद द्वारा किए गए कार्यों की रिर्पोट प्रस्तुत की वही निवर्तमान कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने अपने कोर्स का विवरण प्रस्तुत किया निवर्तमान अध्यक्ष लखनलाल ने अपने कार्यकाल में सभी सदस्यों एवं प्रभारियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने पूरे साल भर मुझे हर तरह का सहयोग प्रदान किया। इसके बाद अधिष्ठान अधिकारी अजय मेहतेले, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा, सचिव राजेशचंद्र गुप्ता कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, महिला संयोजिका ममता दोहरिया को अपने दायित्व का बोध कराते हुए शपथ दिलाई और कहा कि भारत विकास परिषद समाज में अग्रणी होकर हर क्षेत्र में सेवा कर रही है। हम नवनिर्वाचित टीम से आशा करते हैं कि भारत विकास परिषद की परिकल्पना को साकार करते हुए समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत करें। भारत विकास परिषद् में 10 नए सदस्य समिलित हुए उन्हें सदस्यों का संकल्प इंजीनियर अजय ईटोरिया रीजनल मंत्री ने संकल्प दिलाकर भारत विकास परिषद में जोड़ा और कहा की भारत विकास परिषद कि आज आपने दांपत्य सदस्यता ग्रहण की है हम सभी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हैं और नवनिर्वाचित टीम से आशा व्यक्त की कि उरई में एक स्थाई प्रकल्प की स्थापना करें जिससे भारत विकास परिषद के द्वारा लोगों की और मदद की जा सके इसके लिए उन्होंने विधायक गौरीशंकर एवं सांसद भानु प्रसाद सिंह केंद्रीय मंत्री से अपील की कि वह भारत विकास परिषद को स्थाई प्रकल्प के भवन बनाने में अपना सहयोग करें। जीवनराम गुप्ता ने भारत विकास परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी देते कहा कि भारत विकास परिषद को ऊंचाइयों पर ले जाने की नई टीम से आशा व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि अनिल बहु गुणा चेयरमैन नगर पालिका परिषद ने कहा कि भारत विकास परिषद हमेशा लोगों की मदद करने के लिए आगे आती है ऐसे हम सभी भारत विकास परिषद सदस्यों का बहुत-बहुत साधुवाद करते हैं और आशा करते किसी तरह से उस समाज सेवा करते रहे। नवनिर्वाचित सचिव राजेशचंद ने कहा कि मुझे पुरानी टीम द्वारा जो कार्य चल रहे हैं और जो अधूरे रह गए हैं मैं उन पूरे उनको पूरा करने का प्रयास करूंगा इस और भारत विकास परिषद काम शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रही है उस को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा इसके लिए हमें आप के सहयोग की आवश्यकता होगी हम सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। महिला संयोजिका ममता दोहराया ने कहा की हमारी महिला टीम परिषद में हर जगह कार्य करेगी और विशेष रूप से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर कार्य करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर भूपेन्द्र टोनी अध्यक्ष गहोई सेवा मंडल डा. दिलीप सेठ, श्यामदास गुप्ता अरुण छिरोलिया, पुरषोत्तम घंटी शाखा से इंजीनियर राजीव रेजर अध्यक्ष नरसिंह गहरा जालौन शाखा से राजीव महेश्वरी अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश एवं उनकी टीम जालौन शाखा से पवन अग्रवाल एवं उनकी टीम की दोनों शाखाओं उरई की दोनों शाखाओं के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता महावीर सराबागी संतोष गुप्ता डॉक्टर ममता स्वर्णकार, शशि सोमेंद सिंह, प्रांतीय उपाधक्ष डा. सीपी गुप्ता, राजेश निगोटिया, रीतेश त्रसोलिय, विनय गुप्ता, दीपक गुप्ता, संजय हरकोटी, मंजू गुप्ता, कल्पना कंनकने, अलका कठिल सहित मीडिया बंधु, परिषद सदस्य इव गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### पांच जुआरी गिरफ्तार

**मौदहा (हमीरपुर)।** स्थानीय पुलिस ने कल इचौली रोड पर छापा मार कर पांच जुआडियो को गिरफ्तार कर लिया मौके से 53 हजार 450 रुपये व एक बाइक बरामद की है पुलिस ने बताया कि छापा मारने पर इम्तियाज अली निवासी नरायच, मो0 हुमायु आबिद अली,राजकुमार,समीर अहमद निवासी मौदहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### मरीजों को दिया स्वास्थ्य लाभ,युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड के ग्रामीण अंचलो में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मेला का आयोजन हुआ जहां आसपास ग्रामीण मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।चिकित्सकों ने परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरण किया सुबह से दोपहर तक लगभग एक सैकड़ा मरीजों का एलोपैथिक आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक के डॉक्टरों ने परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरतरा भभई नायक पुरवा करहिया में मेले का आयोजन हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहिया में खबर लिखे जाने तक 22 अरतरा में 28 नायक पुरवा में 26 तथा भभई में 22 मरीजों ने चिकित्सकों से परामर्श स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया मौके पर डॉक्टर आदित्य अवस्थी डॉक्टर नरेंद्र संजय कुंदन सिंह डॉक्टर शिवदत्त स्टाफ नर्स आंगनबाड़ी एवं सहायिका उपस्थित रहीं। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। सुमेरपुर के गांव इगोहटा के सुनील ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत बिगड़ते देख चिकित्सकों ने सदर अस्पताल की रिफर कर दिया।

### पत्नी के गम में पति ने जहर खाकर जान दी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** डेढ़ साल से पत्नी के दूर रहने से परेशान एक युवक ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया, उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई, पुलिस के मुताबिक इगोहटा निवासी सुनील कुमार सविता की शादी ग्राम बसहरी जनपद महोबा में हुईं थी, डेढ़ वर्ष से उसकी पत्नी एक मात्र बेटे को लेकर अपनी मां के साथ दिल्ली में रह रही है, कई बार प्रयास करने के बाद भी वह इगोहटा नही आई तो युवक पत्नी के गम में परेशान रहता था, आज उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ते देख उसके परिजन एंबुलेंस की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मौदहा ले गए, हालत नाजुक होने पर उसे मौदहा से सदर अस्पताल रेफर कर दिया, तो रास्ते में उसने दम तोड दिया, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है, युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। युवक बाल कटिंग की दूकान किए था, वह इकलौता पुत्र था, बचपन में मां की मृत्यु हो गई थीं, घर में सिर्फपिता पुत्र रहते थे, पुत्र की मौत से पिता का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### आकाशीय बिजली से युवक की मौत, चार घायल

**चित्रकूट।** दिनभर उमस भरी गर्मी के बाद शनिवार की शाम आसमान में छाये काले बादलों से जिले में कई स्थानों पर जमकर बारिश हुई। इसी बीच बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि कई ग्रामीण झुलस गये। आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत का ये मामला शनिवार की शाम मऊ थाना क्षेत्र के बम्बुरी गांव में हुआ। बताया गया कि बम्बुरी का राजू यादव (35) बांध के पास बकरियां चरा रहा था। इसी बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उसकी घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक की बेटी आंचल, अंजली व बेटे श्याम यादव का रो-रोकर बुरा हाल है। आकाशीय बिजली से एक बकरी की भी जान चली गई है। बरगढ क्षेत्र के कटैयाडांडी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से प्रियांशु (16) पुत्र बाबूजी, रानी (30) पत्नी हेमराज, महेश (12) पुत्र धर्मनारायण, कुसुमकली (25) पत्नी जितेन्द्र गम्भीर रूप से झुलस गये। अभी तक प्रशासन का कोई कर्मचारी पीड़ित परिवार को राहत देने नहीं पहुंचा है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग में दो ट्रकों की भिडन्त से चालक की मौत

**चित्रकूट।** झांसी-मिर्जापुर राजमार्ग में दो ट्रकों की आमने-सामने हुई भिडन्त में एक ट्रक चालक की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। खलासी के पैर कट गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ट्रकों की भिडन्त से राजमार्ग में जाम लग गया। ये हादसा रैपुरा थाना क्षेत्र के सीपी गौतम महाविद्यालय के पास राजमार्ग में रविवार को सवेरे नौ बजे हुआ। बताया गया कि एक ट्रक प्रयागराज से तो दूसरा कर्वी की ओर से तेज गति से जा रहे थे। सीपी गौतम महाविद्यालय के पास दोनों ट्रकों की आमने-सामने भिडन्त हो गई। भिडन्त में प्रयागराज की ओर से आ रहे ट्रक चालक कल्लू पुत्र प्रीतम निवासी कोठिलिहाई की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई, जबकि खलासी झब्बू बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची रैपुरा पुलिस ने घायल को रामनगर सीएचसी में भर्ती कराया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। दोनों ट्रकों की आमने-सामने भिडन्त में राजमार्ग में लम्बा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन के माध्यम से ट्रकों को रोड से हटाकर जाम खुलवाया। जाम में काफी देर तक लम्बी दूरी के यात्रियों को परेशानी उठानी पडी।

### मेल्टिंग पॉइंट की नई शाखा

**लखनऊ।** दयाल हॉस्पिटैलिटी ने अपने बहुत ही नए और अनोखे उद्यम मेल्टिंग पॉइंट बेकरी के साथ 2019 में दयाल पैराडाइज से शुरू किया और सुशांत गोल्फसिटी के दयाल बाग तक विस्तारित होकर अब 26 जून को किसान बाजार विभूति खंड में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण परिवार के सबसे नए सदस्य पृथ्वीराज सिंह पुत्र पार्थ सिंह मुख्य परिचालन अधिकारी दयाल हॉस्पिटैलिटी और दयाल समूह के संस्थापक श्री राजेश सिंह के पोते द्वारा किया गया था।विभूति खंड में मेल्टिंग पॉइंट बेकरी शहर के मध्य में तीसरा आउटलेट हैए जिसमें पर्याप्त पार्किंग स्थान है। इस उद्यम की निदेशक नैनिका सिंह ने बताया कि यह शहर की सबसे प्रामाणिक बेकरी होगी जो नमकीन और ओपेरा पेस्ट्री परोसेगी।इसमें पूरे दिन का मेन्यू भी शामिल है, जिसमें नाश्ते में ताज़ा बेक किया हुआ क्रॉसिएंट भी शामिल है।

### विहिप व बजरंग दल ने चलाया सेवा अभियान

**कोंच(जालौन)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा चलाये जा रहे सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत रविवार को नगर में संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मठ मंदिरों की साफसफाई कर पौधे रोपे और पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। पठेश्वर मंदिर, किष्किंधा मंदिर, बड़ी माता मंदिर, नीलकंठ आश्रम आदि स्थानों पर सेवा कार्य करते हुए सदस्यों ने आसपास रहने वाले लोगों को भी साफसफाई रखने और प्रकृति के संरक्षण हेतु पौधों की देखभाल करने हेतु प्रेरित किया।इस दौरान बजरंग दल के सह जिला संयोजक आकाश उदैनिया, जिला सुरक्षा प्रमुख गौरव सोनी, नगर संयोजक शिवम लखेरा, सोनू यादव,ऋश पाठक, प्रांशु कुशवाहा, प्रिंस अग्रवाल, आदर्श सक्सेना, अमित प्रजापति,आदर्श कुशवाहा, प्रशांत, संदीप रायकवार, छोटू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## जेसीबी मशीन से बाइक सवार युवक घायल अस्पताल में भर्ती

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के राजमार्ग में आज जेसीबी मशीन की चपेट में आकर एक बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल से ईलाज के बाद मुख्यालय रेफर कर दिया गया।

जनपद महोबा के ग्राम खिरूही खमहरिया निवासी दुर्गेश साहू अपने गांव से बाईक द्वारा अपनी बहन की ससुराल ग्राम छिरका जा रहा था तभी राजमार्ग पर गहबरा चौकी के समीप वह बगल से निकल रही जेसीबी मशीन की चपेट में आकर बाईक समेत उसकी बैकेट(सूपे) में फंस गया जिससे वह बाईक समेत काफी दूर तक सड़क पर घिसटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से लहूलुहान हालत में उससे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि: अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी में पढ़ रहे बीटेक छात्र-छात्राओं का हुआ रिजल्ट से पूर्व चयन

● कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने जताई खुशी, चयनित विद्यार्थियों को दी बधाई

संवाददाता। चित्रकूट


जानकारी देते कुलपति प्रो. भरत मिश्र पायनियर

**महात्मा** गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा संचालित बीटेक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में अध्ययन कर रहे 10 छात्र-छात्राओं का चयन उनके अंतिम परीक्षा परिणाम के पूर्व ही विभिन्न कंपनियों में हो गया है। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने चयनित छात्र-छात्राओं को इस बड़ी सफलता के लिए बधाई दी है। रविवार को अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. आंजनेय पाण्डेय एवं खाद्य प्रौद्योगिकी के विभागाध्यक्ष इं. अश्वनी दुग्गल ने संयुक्त रूप से बताया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय के स्थापना काल से ही खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग चलाया जा रहा है, जो अपनी विभिन्न उपलब्धियों के कारण पूरे देश मे जाना जाता है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी के विभागाध्यक्ष इंजी अश्विनी दुग्गल की पहल से इस वर्ष बीटेक ( खाद्य प्रौद्योगिकी ) पाठ्यक्रम के अध्ययन कर रहे अंतिम वर्ष के 10 छात्र/छात्राओं का चयन उनके अंतिम परीक्षा परिणाम के पूर्व ही हो गया है। इंजी दुग्गल ने बताया कि इंटर्नशिप/औद्योगिक प्रशिक्षण में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिससे प्रभावित होकर विभिन्न कम्पनियों ने विद्यार्थियों का स्वयं ही चयन कर लिया। इंजी दुग्गल के अनुसार चयनित 10 विद्यार्थियों में से आकाश ग्लोबल फूड प्रा0 लिमिटेड ने चार छात्र कुलदीन साहू, हरिओम, विजय कुमार, अमर बहादुर को, बिग बास्केट प्रा.लिमि. ने कमल तिवारी, रोहित तिवारी, श्रीनाथ ब्रेकर्स प्रा.लिमि. बनारस ने शिवम द्विवेदी, रूद्रप्रताप को जय श्री गायत्री फूड प्रा.लिमि. इन्दौर ने कुलदीप भाटी, एवं जय कान्हा राइस मिल प्रा.लि. इन्दौर ने दीपेश नागौरी को अच्छे पैकेज पर नियुक्ति प्रदान की है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने चयनित छात्र/छात्राओं को बधाई दी और शुभम पाटीदार को गेट 2022 में चयनित होने के लिए शुभकामनाएं दी। संकाय के अधिष्ठाता डॉ. आन्जनेय पाण्डेय, इं. के.पी. मिश्रा, इं. रविकान्त, इं. राजेश सिन्हा एवं अतिथि व्याख्याताओं ने भी विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर कुलपति प्रो. भरत मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की प्रगति पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बड़ी उपलब्धि पर अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. आंजनेय पाण्डेय ने खाद्य प्रौद्योगिकी के विभागाध्यक्ष इं. अश्वनी दुग्गल के प्रयासों व कुशल संकाय नेतृत्व की सराहना की गई।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मृत्यु

**मौदहा ( हमीरपुर )।** मौदहा क्षेत्र में आज डंपर ने बाइक सवार युवक को कुचल कर चालक भाग जाने मे सफल रहा। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र ललपुरा के ग्राम कलौलीजार निवासी मैयादीन प्रजापति (35) रविवार को अपनी बाईक से अपनी बहन की ससुराल ग्राम कुन्हेटा जा रहा था तभी राजमार्ग में राठ मोड़ पर पीछे से आ रहे बेकाबू डंफर ने उसकी बाईक में टक्कर मार मैयादीन को रौंदता हुआ निकल गया जिससे मैयादीन की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद आरोपी डंफर चालक मौके से डंफर समेत भागने निकला। घटना के बाद मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से जाम जैसी स्तिथि बन गयी। मैयादीन के क्षत-विक्षत शव को किसी तरह समेटकर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। मृतक दिल्ली में रहकर किसी कंपनी में काम करता था वह एक सप्ताह पूर्व ही वह अपने गांव लौटा था।

## बुन्देलखंड के चार जिलो में पहली बार जूनियर छात्राओं में नई सोच विकसित करने के लिये किया जायेगा जागरुक

संवाददाता। हमीरपुर

**बुन्देलखंड** के चार जिलो में पहली मर्तवा शासन ने परिषदीय विद्यालयों के जूनियर हाईस्कूल व कस्तूरवा गांधी विद्यालयों की छात्राओं में हीन भावना व नकारात्मक सोच को समाप्त करने के लिये सेल्फ स्टीम जीवन कौशल शिक्षा कार्यक्रम के तहत जागरुक करने का फैसला किया है। यह कार्यक्रम यूनीसेफ के माध्यम से संचालित किया जायेगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी शत्रुन्जय शर्मा ने आज बताया कि इस कार्यक्रम के लिये सूबे के बीस जिले व बुन्देलखंड के चार जिले चित्रकूट,ललितपुर,हमीरपुर,महोवा का चयन किया गया है। शासन का मानना है कि बालिका शिक्षा योजना के तहत इन चार जिलों में जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं के मन में सदैब हीनभावना व आत्मविश्वास की कमी एवं नकारात्मक सोच कायम रहती है जिससे बालिकायें किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ नही पाती है,इसका सीधा असर शिक्षा पर पड़ता है। यह कार्यक्रम हमीरपुरर जिले में 381 विद्यालयों में संचालित कर इसके लिये एक हजार एक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण 21 जून से 11 जुलाई तक दिया जायेगा। इसके बाद प्रशिक्षित शिक्षक अपने विद्यालयो में अन्य विद्यालायों में जाकर अवकाश के एक घंटे बाद बालिकाओ को मन से भय डर व संकोच व किसी की तुलना में अपने को कमजोर समझना जैसी कोई भी बात निकालने के लिये प्रेरित करेगे। नोडल अधिकारी का मानना है कि बुन्देलखंड के चार जिलो के बाद शेष बचे तीन जिले बाद में लिये जायेगे। प्रदेश मे इस कार्यक्रम को एक अभिनव प्रयोग के रुप में देखा जा रहा है। हालाकि इसके लिये विद्यालयो में मीना मंच कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है मगर उससे कोई लाभ न मिलने के कारण शासन को यह वृहद कार्यक्रम संचालित करना पड़ा है। नोडल अधिकारी श्री शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिये उन्ही शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा जो लीडरशिप व कम्यूनिकेशन स्किल में दक्ष हो,जिस शिक्षक को मनोविज्ञान,कम्प्यूटर संचालन,एंड्रोयड फोन का पूरी तरह प्रयोग करते हो। शासन का मानना है कि बालिका शिक्षा योजना से एक बात साफ हो चुकी है कि बुन्देलखंड की बालिकाएं शिक्षा व टेक्नालाजी व वाकपटुता के क्षेत्र में बहुत ही पीछे है जिससे क्षेत्र का विकास अवरुद्ध हो रहा है। शासन ने इसके लिये पूरी तरह एक गाइड लाइन बना कर यूनीसेफ व जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारियों व नोडल अधिकारी को दे दी है।

## शिक्षक दिनेश उदैनिया राज्य स्तरीय योग दिवस से हुए सम्मानित

**कोंच( जालौन )।** कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम भेंड़ निवासी व जनपद ललितपुर में बेसिक शिक्षा परिषद में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात दिनेशचंद्र उदैनिया को 8वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ में राज्य स्तरीय योग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेसिक शिक्षा महानिदेशक विजय करण आनन्द व निदेशक डॉ सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह और संयुक्त निदेशक अजय कुमार के हांथों मैडल पहनकर व प्रशस्ति पत्र ग्रहण करने पर कोंच क्षेत्रवासियों सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने हर्ष जताते हुए उदैनिया को बधाई दी है।गौरतलब हो कि पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित व आयुष मंत्रालय भारत सरकार से प्रमाणित दिनेश उदैनिया बच्चों को योग कराने के साथ ही नि:शुल्क रूप से योग कक्षा संचालित करते हैं।

## 'साहब बैंक प्रबंधक शाम वाला ठंडा लाने को कहता है'

● विधायक सदर ने डीएम से जांच कराने को कहा

संवाददाता। हमीरपुर

**राष्ट्रीय** आजीविका मिशन कार्यक्रम (एनआरएलएम) के तहत गठित समूहों शामिल कामकाजी महिलाओं को बैंक सहयोग नही कर रहे है। सुमेरपुर क्षेत्र के आर्यावर्त बैंक पचखुरा के बैंक प्रबंधक कि शिकायत करते हुये समूह की महिलाओ ने विधायक सदर व डीएम को बताया कि प्रबंधक आशीष सचान उनसे शाम वाला ठंडा कहकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करता है। सदर विधायक ने डीएम को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने को कहा है। जानकारी के मुताबिक सुरौली बुजुर्ग व पचखुरा गांव की समूह की महिला सुशीला, सुमन, गायत्री, संगीता, रामसखी, प्रियंका, सुनीता, मीनू, पूनम, गुड़िया, शांती, प्रेमा, ममता, शिवपती, शशीकांती ने विधायक सदर मनोज प्रजापति को बताया कि बैंक में एक कुर्सी मेज पड़ी थी जिसमे बैठकर बैंक सखी समूह की महिलाओं का काम करती थी मगर बैंक मैनेजर समूह की महिलाओं का न तो पैसा जमा करते है न ही खाता से पैसा निकालते है जिससे महिलाएं निराश होकर वापस लौट जाती है यही नही अक्सर महिलाओ से बैंक कर्मी अभद्रता करते है जिससे महिलाएं समूह छोडने का मन बना रही है बैंक प्रबंधक की मनमानी के चलते कार्यक्रम बंद होने की कगार पर आ गया है यही नही इस मामले की जानकारी कई मर्तवा उच्चाधिकारियो दी जा चुकी है मरर कोई सुनवायी नही हुई है। सदर विधायक ने डीएम को पत्र लिखकर कार्यवाही करने को कहा है। यदि इस मामले में ध्यान नही दिया गया तो कभी भी महिलाओं व बैंक कर्मियो में टकराव हो सकता है।

## आलमपुर के विवादास्पद कुएं का बीडीओ ने किया निरीक्षण

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

**विकासखंड** कुठौंद में महीने के द्वितीय शनिवार व चौथा शनिवार को ब्लॉक दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी संदीप यादव, एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, जेएमआई राजेंद्र यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार, प्रमोद कुमार स्वर्णकार, शिवशरण सिंह भदोरिया, मुजाहिद खान, वेद प्रकाश, शरद सिंह शिवम पचोरी एवं तकनीकी सहायक सिद्ध प्रकाश खरे, अशोक कुमार गौतम ऋषि प्रहलाद कुमार, हरचरण आर्य, सोहनलाल वमा, भीम प्रकाश, राजकुमार, वरिष्ठ लिपिक अर्चना मिश्रा, स्थापना पटेल अश्वनी कुमार, सुरेश कुमार चरण सिंह के साथ समाज कल्याण विभाग से वीडियो अतुल कुमार तिवारी सहित अनेकों कर्मचारियों की मौजूदगी में ब्लॉक दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम आलमपुर में विवादास्पद कुयें की समस्या आयी जिसका उन्होंने मौके का निरीक्षण कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार यादव ने जानकारी देते हुए यह बकाया सुबह 10 से 2 बजे तक ब्लॉक दिवस चला किंतु क्षेत्रीय ग्रामीण स्तरों से एक भी शिकायत नहीं आई जिसका मौके पर निस्तारण किया जा सके साथ में सभी कर्मचारियों को अवगत कराते हुए ग्राम स्तरों पर मानक के अनुरूप कार्य कराने के लिए ग्राम विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायत कार्यों को तकनीकी सहायक सभी को चेतावनी देते हुए खंड विकास अधिकारी संदीप यादव ने शासन की मंशा के अनुरूप ही विकास कार्य करने के निर्देश दिये। बाद में वह आलमपुर गांव में पहुंचे जहां पर विवादास्पद कुएं का निरीक्षण करते हुये नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की बात कही। विनय कुमार स्वर्णकार ग्राम पंचायत अधिकारी भी साथ में गए कुए को देखकर उन्होंने कहा यथासंभव वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## आगामी निकाय चुनाव के लिए भाजपा कार्यशाला में कार्यकर्ताओं में भरी ऊर्जा

संवाददाता। कोंच (जालौन)


भाजपा कार्यशाला में मंचासीन पदाधिकारी पायनियर

**भारतीय** जनता पार्टी कोंच नगर क्षेत्र से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकर्ताओं व नेताओं ने रविवार को स्थानीय गहोई भवन में आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता की।

नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया की अध्यक्षता व उरई पालिकाध्यक्ष एवं कोंच नगर प्रभारी अनिल बहुगुणा के मुख्य आतिथ्य,पार्टी संस्थापक नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल एवं जिला मंत्री अंजू अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई कार्यशाला की शुरुआत पं दीनदयाल उपाध्याय व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई, तदुपरांत कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस दौरान बहुगुणा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि आगामी निकाय चुनाव में सभी वार्डों में पार्टी की जीत के लिए अभी से वार्डवासियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभाएं।वहीं आगामी 12 जुलाई को जनपद के कैथेरी में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के पश्चात होने वाली प्रधानमंत्री की जनसभा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की रणनीति बनाई गई। कार्यशाला में पूर्व नगर अध्यक्ष कमलेश चौपड़ा ने नगर क्षेत्र के विकास हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया। संचालन महामंत्री आशुतोष मिश्रा व आभार ओपी कुशवाहा ने व्यक्त किया। कार्यशाला में शम्भूदयाल स्वर्णकार, विनोद गुर्जर, प्रदीप गुप्ता, बादाम कुशवाहा, जमील खान, विक्रम तोमर, अनिल अग्रवाल, मनीष नगरिया, कृष्णा झा, मधु सोनी, अर्चना सोनी, नंदनी, मीरा चंदेरिया, मंजुला पाटकार, हेमप्रभा सोनी, रजनी अग्रवाल, राकेश वर्मा, धर्मेन्द्र राठौर, प्रदीप वर्मा, राघवेंद्र निरंजन, प्रभंजन गर्ग, नरेंद्र विश्वकर्मा, श्याम बिहारी, संजीव गर्ग, दीपक गर्ग, सौरभ पुरवार, अजय कुशवाहा, अंचल बिलैया, नदीम मकरानी, विकास पटेल, रविन्द्र रायकवार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।